दैनिक

# सत्ता सुधार

जनता के साथ जनता की आवाज

दतिया ■ सोमवार 10 जून 2024 ■ वर्ष -19 ■ अंक-223 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य- ₹03


सबसे युवा महिला मंत्री रक्षा खडसे, 26 साल की उम्र में बनीं थीं सांसद

मंत्रिमंडल में शामिल पंजाब के रवनीत बिट्टू के नाम ने सबको चौंकाया

चंद्र शेखर 'मोदी 3.0' में सबसे अमीर, संपत्ति 5 हजार 700 करोड़

## गठबंधन की केंद्र में 3.0

# कर्तव्य पथ पर मोदी सरकार

- 4 प्रमुख मंत्रालय भाजपा रखेगी अपने पास ही
- जितिन प्रसाद की एक दशक बाद केंद्र में एंट्री
- महाराष्ट्र से टीम मोदी में गोयल-गडकरी भी
- भाजपा के फायर ब्रांड नेता गिरिराज फिर बने मंत्री

**सत्ता सुधार** ■ भोपाल/नई दिल्ली

नरेंद्र मोदी ने रविवार की शाम लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। वे जवाहर लाल नेहरू के बाद ऐसा करने वाले दूसरे प्रधानमंत्री बन गए हैं।

मोदी ने ईश्वर के नाम की शपथ ली। इसके बाद राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, जेपी नड्डा और शिवराज सिंह चौहान ने शपथ ली। मोदी समेत 72 मंत्रियों ने शपथ ली। एनडीए सरकार में मोदी समेत 72 मंत्री होंगे। इनमें 30 कैबिनेट मंत्री और 5 स्वतंत्र प्रभार मंत्री और 36 राज्य मंत्री बनाए गए हैं। शपथ ग्रहण समारोह शाम 7 बजकर 15 मिनट पर शुरू हुआ। राष्ट्रपति भवन में सात देशों के लीडर के अलावा देश के फिल्म स्टार भी इस समारोह में पहुंचे। शपथ ग्रहण कार्यक्रम के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी शामिल हुए। पीएम और उनके मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में भारत के पड़ोसी देशों के नेता भी शामिल हुए।

### पांच पूर्व सीएम कैबिनेट मंत्री

- चार बार सीएम रहने के बाद अब केंद्र में मंत्री बने शिवराज सिंह चौहान
- असम के पूर्व सीएम सर्बानंद सोनोवालएक बार फिर बने कैबिनेट मंत्री
- बिहार के पूर्व सीएम जीतन राम मांझी ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली
- कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी अब केंद्रीय मंत्रिमंडल में
- हरियाणा के पूर्व सीएम खट्टर पहली बार केंद्रीय मंत्री के रूप में काम करेंगे

### संयोग : देश के इतिहास में दूसरे नंबर पर शपथ लेने वाला ही बनता है गृह मंत्री





# मोदी पं. जवाहर लाल नेहरू के बाद तीसरी बार पीएम बनने वाले दूसरे राजनेता बने

### 30 कैबिनेट मंत्री: एनडीए की पांच साथी पार्टियों को मंत्रिमंडल में जगह

## मोदी टीम में मध्य प्रदेश ने लगाया 'पंच'

- पूर्व सीएम शिवराज सिंह ने छठे नंबर पर ली शपथ
- टीकमगढ़ से सांसद वीरेंद्र खटीक फिर मंत्री बने
- ज्योतिरादित्य सिंधिया फिर बने कैबिनेट मंत्री
- दुर्गादास उईके ने राज्यमंत्री के रूप में शपथ ली
- मोदी की टीम में सांसद सावित्री ठाकुर भी हुईं शामिल



प्रधानमंत्री पद के लिए नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार शपथ ले ली है। उनके साथ ही कैबिनेट के कई मंत्रियों ने भी शपथ ली। लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद मध्य प्रदेश की सभी 29 सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की है। इसका दबदबा केंद्र सरकार के मंत्रिमंडल में भी देखने को मिला। इस बार भी प्रदेश से पांच सांसदों को मंत्री बनाया गया है। मध्य प्रदेश से शिवराज सिंह चौहान, डॉ. वीरेंद्र खटीक, ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कैबिनेट मंत्री की शपथ ली। इसके अलावा दुर्गादास उईके और सावित्री ठाकुर ने राज्य मंत्री के रूप में शपथ ली है।

24 राज्य
71 मंत्री
30 कैबिनेट मंत्री
05 राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार
36 राज्य मंत्री
27 ओबीसी
10 एससी
05 एसटी
05 अल्पसंख्यक
11 मंत्री एनडीए के घटक दलों से
43 मंत्री तीन या ज्यादा बार के सांसद
39 पहले भी केंद्रीय मंत्री रह चुके
23 मंत्री राज्यों के कैबिनेट में रह चुके

### केरल के गोपी को मिला राज्य मंत्री का पद

केरल से भाजपा के पहले सांसद सुरेश गोपी को भी राज्यमंत्री पद दिया गया है। गोपी केरल के इतिहास में एकमात्र भाजपा सांसद हैं। गोपी की ख्याति मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में महानायक अमिताभ बच्चन जैसी है। उनके अलावा तमिलनाडु से निर्वाचित एल मुरुगन को दोबारा राज्य मंत्री के रूप में मौका दिया गया है। अजय टम्टा को भी राज्य मंत्री पद पर शपथ दिलाई गई। इसके बाद तेलंगाना से निर्वाचित बंडी संजय कुमार को भी राज्यमंत्री के रूप में शामिल किया गया है।

- अमित शाह ने भी कैबिनेट में मंत्री पद की शपथ ली
- कैबिनेट में पहली बार भाजपा प्रमुख नड्डा किए गए शामिल
- जयंत चौधरी, अर्जुन राम मेघवाल और चिराग पासवान बने मंत्री
- राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी और रिजिजू ने ली मंत्री पद की शपथ
- राजस्थान से भूपेंद्र और गजेंद्र सिंह बने मंत्री, मेघवाल स्वतंत्र प्रभार
- बिहार से मांझी, ललन, गिरिराज, चिराग, रामनाथ और नित्यानंद ने ली शपथ
- केरल से इतिहास के एकमात्र भाजपा सांसद को भी मंत्री पद मिला

### मोदी 2.0 के 20 दिग्गजों का इस बार कटा पत्ता

अजय भट्ट, साध्वी निरंजन ज्योति, मीनाक्षी लेखी, राजकुमार रंजन सिंह, जनरल वीके सिंह, आरके सिंह, अर्जुन मुंडा, स्मृति ईरानी, अनुराग ठाकुर,राजीव चंद्रशेखर, निशीथ प्रमाणिक, अजय मिश्रा टेनी, सुभाष सरकार, जॉन बारला, भारती पंवार, अश्विनी चौबे, रावसाहेब दानवे, कपिल पाटिल, नारायण राणे और भगवत कराड का पत्ता कट गया है।

### मोदी कैबिनेट में 11 मंत्री गैर-भाजपाई

## ब्रीफ न्यूज

### केदारनाथ, बदरीनाथ और यमुनोत्री में चार की मौत

**देहरादून।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा पर आए चार और यात्रियों की मौत हो गई। केदारनाथ में दो, बदरीनाथ में एक और यमुनोत्री में भी एक यात्री की जान गई है। चारधाम यात्रा के दौरान जान गंवाने वाले यात्रियों की संख्या 100 पहुंच गई है। केदारनाथ में सबसे ज्यादा 49 यात्रियों की मौत हुई है। वहीं, बदरीनाथ में 22, यमुनोत्री धाम में 22 और गंगोत्री में सात यात्रियों की मौत हुई है।

### यूपी में माफिया सिपाही को ट्रैक्टर से कुचला, मौत

**फर्रुखाबाद।** यूपी के फर्रुखाबाद में खनन माफिया ने सिपाही की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या कर दी। सिपाही पुलिस टीम के साथ खनन माफिया को पकड़ने पहुंचा था। पुलिस को देखते ही खनन माफिया ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर भागने लगा। सिपाही रोकने लगा। उसने सिपाही पर ट्रैक्टर-ट्रॉली चढ़ा दी और फरार हो गया। सिपाही की मौत हो गई।

### अब दिल्ली के मिस्ट्री हाउस एडवेंचर गेम में आग लगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कनॉट प्लेस में मौजूद थीम बेस्ट एडवेंचर गेम वाले मिस्ट्री रूम में रविवार दोपहर आग लग गई। जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की 7 गाड़ियां मौके पर पहुंची। आग पर काबू पाया।

### भारत की सीमा पर मुठभेड़ में बांग्लादेशी तस्कर की मौत

**नई दिल्ली।** भारत-बांग्लादेश सीमा पर एक बांग्लादेशी तस्कर की बीएसएफ से मुठभेड़ में मौत हो गई। कई सारे तस्कर सीमा में 150 गज अंदर घुस कर तस्करी कर रहे थे। इसी दौरान बीएसएफ से उनकी मुठभेड़ हो गई।

### बिहार के औरंगाबाद में कांस्टेबल की हत्या

**पटना।** बिहार के औरंगाबाद जिले के मूसेपुर खैरा गांव में रविवार सुबह 4 बजे अवैध रेत ले जा रहे ट्रैक्टर ने एक कांस्टेबल को कुचल दिया। मृतक की पहचान दीपक कुमार (29) के रूप में हुई है।

## मुंबई में एक रनवे पर पहुंचे दो एयरक्राफ्ट, टला हादसा



### एअर इंडिया फ्लाइट टेकऑफ कर रही थी, तभी इंडिगो की लैंडिंग

### एयर ट्रैफिक कंट्रोल के एक अधिकारी को सस्पेंड भी कर दिया गया

**एजेंसी** ■ मुंबई

मुंबई के मुंबई का छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक बड़ा हादसा टल गया। दरअसल, यहां एक ही रनवे पर दो एयरक्राफ्ट एक साथ दिखाई दिए। रनवे पर इंडिगो का एयरक्राफ्ट लैंड कर रहा था, जबकि इसके ठीक आगे एअर इंडिया का विमान उड़ान भरने (टेकऑफ) की तैयारी में था। हालांकि, दोनों एयरक्राफ्ट एक दूसरे से टकराने से बच गए। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। इस मामले में नागरिक उड्डयन निदेशालय ने प्रतिक्रिया देते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। एयर ट्रैफिक कंट्रोल के एक अधिकारी को सस्पेंड भी कर दिया गया है।

#### इंडिगो की फ्लाइट दिल्ली जा रही थी

मुंबई से तिरुवनंतपुरम जाने वाला एअर इंडिया का विमान एआई-657 उड़ान भरने के लिए तैयार था। इसी दौरान इंडिगो की फ्लाइट 5053 ने भी उसी रनवे पर लैंडिंग की। इंडिगो की ये फ्लाइट इंदौर से दिल्ली जा रही थी।

# आतंकियों ने शिव खोड़ी से वापस लौट रही बस को बनाया निशाना, दस की मौत

**एजेंसी** ■ श्रीनगर





जम्मू-कश्मीर में आतंकियों ने शिव खोड़ी से लौट रही बस को निशाना बनाया है। बस में 50 यात्री सवार थे। स्थानीय लोगों के अनुसार, आतंकियों ने इस बस पर 40 से 50 राउंड फायरिंग की, जिसमें एक गोली बस ड्राइवर के भी लगी। बस ड्राइवर को गोली लगने के बाद बस गहरी खाई में गिर गई। घटना में कई लोगों के हताहत हुए हैं। शिव खोड़ी से वापस लौट रही बस को आतंकियों ने अपना निशाना बनाया। इस हादसे में दस श्रद्धालुओं की मौत भी हो गई है। मृतकों की संख्या बढ़ भी सकती है। 15 से 20 श्रद्धालु घायल हैं। बस भोले बाबा के दर्शन करने के बाद कटरा लौट रही थी। हादसा पौनी और रनसू के बीच चंडी मोड पर स्थित दरगाह के निकट पेश आया है।

## मणिपुर में चार की हत्या, एनआईए ने की पहली गिरफ्तारी

**नई दिल्ली।** असम की जेल में बंद एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि मणिपुर के विष्णुपुर जिले से चार लोगों की हत्या में संलिप्तता है। एनआईए ने इसको लेकर बयान जारी किया है। एनआईए ने कहा कि मणिपुर निवासी लुनमिनसेई किपगेन उर्फ लैंगिनमंग उर्फ मंग उर्फ लेवी को गुवाहाटी के लोखरा स्थित केंद्रीय जेल से गैरकानूनी गतिविधियां अधिनियम और शस्त्र अधिनियम के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया। 18 जनवरी को हुई जघन्य हत्याओं के लिए गिरफ्तार होने वाला यह पहला आरोपी है। हथियारबंद हमलावरों ने बिष्णुपुर के निंगथौखोंग खा खुनौ में जल उपचार संयंत्र के पास चार नागरिकों की बेरहमी से हत्या कर दी थी। एनआईए ने मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में चार नागरिकों की हत्या के सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। यह व्यक्ति वर्तमान में एक अन्य मामले में गुवाहाटी जेल में है। एनआईए ने बताया कि हमलावरों ने अत्याधुनिक हथियारों से अंधाधुंध गोलीबारी की थी।

### एमपी-यूपी में एक साथ दबिश

## एनएचएआई के प्रमुख के ठिकानों पर छापा



**छतरपुर।** छतरपुर में एनएचएआई के महाप्रबंधक पीएल चौधरी के यहां सीबीआई ने छापा डाला है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पीएल चौधरी के कई ठिकानों पर सीबीआई के अधिकारियों ने एक साथ दबिश दी। एनएचएआई के महाप्रबंधक पीएल चौधरी के छतरपुर बजरंग नगर सहित कानपुर में पैतृक निवास पर सीबीआई की कार्रवाई देर रात तक चली। इसके साथ ही महाप्रबंधक पीएल चौधरी के दिल्ली और भोपाल समेत अन्य कई ठिकानों पर सीबीआई के अफसरों ने छापामार कार्रवाई की। सीबीबाई की कार्रवाई के दौरान सहायक महाप्रबंधक समेत आधा दर्जन से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों के मोबाइल भी जब्त कर लिए गए। जीएल चौधरी के मोबाइल भी जब्त किया गया है। चौधरी के ऑफिस में सीबीआई की कार्रवाई चली।

**सीबीआई की टीम ने अफसरों के जब्त किए फोन**

**बड़ी उपलब्धि** | परीक्षा में 1,80,200 बच्चे हुए थे शामिल, एमपी जोन में मान्य जैन ने किया टॉप

# जेईई एडवांस्ड में भी इंदौर नंबर-1...वेद की देश में पहली रैंक

### भोपाल के आदित्यराज बने मध्यप्रदेश के टॉपर

**सत्ता सुधार** ■ भोपाल/नई दिल्ली



जेईई एडवांस्ड-2024 रिजल्ट जारी हो गया है। आईआईटी दिल्ली जोन के वेट लाहोटी ने 360 में से 355 अंकों के साथ आईआईटी एंट्रेंस एग्जाम में टॉप किया है। वेद लाहोटी इंदौर के रहने वाले हैं, उन्होंने कोटा में रहकर एग्जाम की तैयारी की। वहीं, लड़कियों में आईआईटी बॉम्बे जोन की द्विजा धर्मेश कुमार पटेल ने 360 में से 332 अंकों के साथ टॉप किया है। जेईई एडवांस्ड में पेपर 1 और पेपर 2 में 1,80,200 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें से 48,248 परीक्षार्थी पास हुए हैं, जिसमें 7,964 महिला उम्मीदवार हैं। जेईई एडवांस्ड रिजल्ट आईआईटी मद्रास ने फाइनल आंसर की भी जारी की है। वहीं मान्य जैन ने एमपी जोन में टॉप किया है, उनकी ऑल इंडिया रैंक 75 आई है।

#### वेद का इंदौर ननिहाल

जेईई-एडवांस में देश में पहला स्थान प्राप्त करने वाले वेद लाहोटी का इंदौर से गहरा नाता है। वेद का ननिहाल भी इंदौर में ही है। वेद ने छठवीं से 10वीं की पढ़ाई इंदौर के निजी स्कूल में की थी। वेद को 360 में से 355 अंक मिले हैं।

#### आदित्य को मिली 412वीं रैंक

भोपाल के आदित्य राज कौशल ने मध्यप्रदेश में टॉप किया है। उनकी ऑल इंडिया रैंक 412 है और उनके टोटल मार्क्स 271 हैं। उनके केमिस्ट्री में 74, फिजिक्स में 90 और मैथ्स में 100 मार्क्स आए हैं। आदित्य भोपाल के रहने वाले हैं और उनके माता-पिता दोनों ही एजुकेशनल बैकग्राउंड से हैं।

#### टॉप 10 होनहार

| रैंक | नाम | नंबर |
|---|---|---|
| 1 | वेद लोहोटी | 355/360 |
| 2 | आदित्य | 346/360 |
| 3 | भोगलापल्ली संदेश | 338/360 |
| 4 | रिदम केडिया | 337/360 |
| 5 | पुट्टी कुशल कुमार | 334/360 |
| 6 | राजदीप मिश्रा | 333/360 |
| 7 | द्विजा कुमार पटेल | 332/360 |
| 8 | कोडुरू तेजेश्वर | 331/360 |
| 9 | ध्रुविन हेमंत दोशी | 329/360 |
| 10 | अल्लादाबोइना सुहास | 329/360 |

#### लखनऊ के ईशान को 346वीं रैंक

लखनऊ के ईशान कृष्ण अग्रवाल ने देश की प्रतिष्ठित जेईई एडवांस परीक्षा में 346वीं रैंक हासिल की है। आईआईटी की इस प्रवेश परीक्षा में शीर्ष 500 में स्थान हासिल करना ईशान की असाधारण योग्यता और दृढ़ता का प्रमाण है। मूलरूप से गोरखपुर के रहने वाले ईशान की प्रारंभिक शिक्षा–दीक्षा अयोध्या में हुई। उनके पिता एमपी अग्रवाल आईएएस हैं और वर्तमान में प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा के पद पर कार्यरत हैं।

## पाकिस्तान ने चीन जाकर अलापा कश्मीर का राग

### किसी देश के पास नहीं टिप्पणी करने का हक

**एजेंसी** ■ नई दिल्ली



पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ शनिवार को चीन के 4 दिन के दौरे से वापस लौटे। बीजिंग में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान शहबाज ने एक बार फिर से कश्मीर का मुद्दा उठाया। उन्होंने जिनपिंग को कश्मीर से जुड़े सभी नए अपडेट्स की जानकारी दी। बैठक के बाद जारी हुए जॉइंट स्टेटमेंट में चीन ने कहा कि वह जम्मू-कश्मीर में भारत की एकतरफा कार्रवाई का विरोध करता है। भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से इस मुद्दे को लेकर विवाद रहा है। इस मसले को शांति के साथ यूएन के चार्टर और यूएनएससी के प्रस्तावों के तहत हल किया जाना चाहिए। चीन पहले भी अलग-अलग मौकों पर कश्मीर को लेकर ऐसे बयान देता आया है, जिनका भारत ने हमेशा विरोध किया है। भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा था कि कश्मीर पर भारत का क्या रुख है ये पूरी दुनिया जानती है। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हमारा अभिन्न हिस्सा हैं और हमेशा रहेंगे। इस मामले में किसी भी देश के पास टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है।

# मोदी बिग्रेड में पांच सैनिकों ने ली शपथ, मप्र में मना जश्न

## शिवराज, सिंधिया, वीरेंद्र कैबिनेट मंत्री, सावित्री और उईके बने राज्यमंत्री

## पिछली बार मोदी सरकार में प्रदेश से छह मंत्री बनाए गए थे, प्रदेश की सभी 29 सीटों पर भाजपा सांसद ने की जीत हासिल



सत्ता सुधार ■ भोपाल

लोकसभा चुनाव 2024 में मध्यप्रदेश की विदिशा से बड़ी जीत दर्ज करने वाले पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान, गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया, टीकमगढ़ सांसद डॉ. वीरेंद्र कुमार खटीक, धार सांसद सावित्री ठाकुर और बैतूल सांसद दुर्गादास उईके के नाम पर मोहर लग गई है। इन सभी सांसदों ने रविवार को शपथ ली। ये सभी नेता पीएम मोदी की टी पार्टी में भी शामिल हुए थे। पिछली मोदी सरकार में प्रदेश से छह मंत्री बनाए गए थे। इनमें डॉ. वीरेंद्र खटीक, नरेंद्र सिंह तोमर, ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रह्लाद पटेल और फग्गन सिंह कुलस्ते को जगह मिली थी।

मध्यप्रदेश की जनता ने नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए प्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों को अपना आशीर्वाद प्रदान कर ऐतिहासिक विजय दिलाई है। प्रदेश भर में मंडल स्तर तक रैली निकाली गईं और आतिशबाजी के बाद लोगों का मुंह मीठा कराया गया। मिठाई बांटकर लोगों को नरेन्द्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने की शुभकामनाएं दी। प्रदेश के सभी मंडलों पर जश्न मनाया गया।

नरेन्द्र मोदी के बीते दस वर्षों की उपलब्धियों, गरीब कल्याण और जनकल्याणकारी योजनाओं और गारंटियों पर विश्वास करके भाजपा को वोट देने वाले जनता जर्नादन को भी मिठाई बांटकर भाजपा को वोट देने के लिए अभिनंदन कर आभार प्रकट किया गया। आजादी के बाद पहली बार कोई गैर कांग्रेसी व्यक्ति ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली है। प्रदेश की जनता ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन को पूरी तरह से नकार दिया है और नरेन्द्र मोदी जी पर विश्वास जताया है।

### उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने पीएम मोदी को दी बधाई



भोपाल। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में तीसरा कार्यकाल की शुरूआत करने की बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने नव नियुक्त मंत्रियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के सपने को साकार करने में तेजी आयेगी। उन्होंने मध्यप्रदेश को केन्द्रीय मंत्रिमंडल में मिले प्रतिनिधित्व पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश के विकास को अब और ज्यादा तेजी मिलेगी। देवड़ा ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत देश का मान सम्मान पूरे विश्व में फैलेगा। विश्व शांति और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर पूरा विश्व भारत देश की ओर देख रहा है।

### प्रदेश मंत्रिमंडल ने दी बधाई, विकास को मिलेगी गति

प्रदेश के मंत्रिमंडल के सदस्यों ने नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई और शुभकामनाए दी है। प्रदेश के मंत्रिमंडल के सदस्यों ने नव नियुक्त मंत्रियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अब नये भारत का निर्माण होगा और भारत देश की कीर्ति चारों दिशाओं में फैलेगी। उन्होंने कहा कि अब मध्यप्रदेश के विकास में और ज्यादा तेजी आयेगी। मध्यप्रदेश को केन्द्रीय मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व मिलने पर आभार व्यक्त किया है।

### दुर्गा दास उइके बने मोदी के सिपाही



मध्य प्रदेश के बैतूल में बीजेपी नेता दुर्गा दास उइके ने रविवार को राज्यमंत्री पद की शपथ लेकर मोदी के सिपाही बन गए हैं। उन्होंने कांग्रेस के रामू टेकाम को 3 लाख 79 हजार 761 वोटों से हराया है। इस चुनाव में दुर्गा दास को 8 लाख 48 हजार 236 वोट मिले हैं। पिछली बार भी उईके इस सीट से जीते थे।

पिछली बार के चुनाव में भी दुर्गा दास और रामू टेकाम के बीच ही मुकाबला हुआ था और उस समय भी दुर्गा दास ने जीत हासिल की थी। तब भी वह 3 लाख 60 हजार वोटों से चुनाव जीते थे। उस समय उन्हें कुल 8 लाख 11 हजार 248 वोट मिले थे तो वहीं रामू टेकाम को 4 लाख 51 हजार वोट मिले थे। इस बार के चुनाव में भी उनके वोटों के आंकड़े कुछ खास बदले नहीं और ना ही रिजल्ट बदला।

**बैतूल के फेमस नेताओं में से एक हैं:** दुर्गा दास उइके बैतूल के फेमस नेताओं में से एक हैं. उन्हें डीडी उइके के नाम से भी जाना जाता है। फिलहाल वह सांसद होने के साथ-साथ जनजातीय कार्य मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति के सदस्य भी हैं। 29 अक्टूबर 1963 को बैतूल के मीरापुर में जन्मे दुर्गा दास के पिता का नाम सूरत लाल उइके था और उनकी मां का नाम रामकली उइके था।

**एमए और बीएड पास है उइके:** राजनीति में आने से पहले वे एक जाने-माने शिक्षक थे चूंकि वह टीचर थे, ऐसे में जाहिर है कि वो काफी पढ़े-लिखे तो होंगे ही। उन्होंने एमए और बीएड किया है। वहीं, उनकी निजी जिंदगी की बात करें तो 24 अक्टूबर 1990 को उनकी शादी हुई। उनकी पत्नी का नाम ममता उइके है। वह एक बेटा और दो बेटियों के पिता हैं। अब उन्होंने अपना पूरा जीवन राजनीति को ही समर्पित कर दिया है।

# शिवराज सिंह चौहान जमीन से जुड़े नेता, मोदी सरकार में बने मंत्री

## चौहान चार बार प्रदेश के मुख्यमंत्री और छह बार सांसद बने

चार जून को सामने आए लोकसभा चुनाव के परिणाम में भाजपा की देश भर के राज्यों में सीट घट गई। लेकिन, मध्य प्रदेश की जनता ने पार्टी को झोली भरकर वोट दिए थे। प्रदेश की सभी 29 सीटों से जीतकर भाजपा के नेता सांसद बने हैं। कमलनाथ और दिग्विजय जैसे नेता भी अपने गढ़ वाली सीट नहीं बचा पाए। आज मोदी 3.0 के मंत्रिमंडल का गठन हुआ इसमें शिवराज सिंह चौहान, ज्योतिरादित्य सिंधिया, सावित्री ठाकुर, दुर्गादास उईके और वीरेंद्र खटीक मोदी बिग्रेड में शामिल हो गए हैं।

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह को नरेंद्र मोदी के केंद्रीय मंत्रिमंडल में मंत्री बनाया जा रहा है। इससे मध्य प्रदेश की ताकत और ज्यादा बढ़ेगी। विदिशा से छठवीं बार सांसद चुने गए शिवराज सिंह चौहान प्रदेश में भाजपा के सबसे कद्दावर नेता हैं। वह मध्य प्रदेश के पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने सर्वाधिक समय तक मुख्यमंत्री पद का कार्यभार संभाला है। उनका कार्यकाल करीब 16.5 वर्ष का रहा। इससे पहले भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष व भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रहे हैं।

चौहान को मध्य प्रदेश में 'मामा' पुकारा जाता है। उनका पेशा राजनीति और कृषि रहा है। सीहोर जिले के बुधनी में 5 मार्च 1959 को जन्मे शिवराज अब 64 के हो चुके हैं। लेकिन ऊर्जा से अब भी किसी युवा को मात देने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल से शिक्षा हासिल की है। एमए (दर्शनशास्त्र) कर चुके हैं। पिता प्रेम सिंह चौहान हैं, तो माता का नाम सुंदर बाई चौहान है। साधना सिंह उनकी पत्नी हैं।



उनके दो पुत्र कार्तिकेय चौहान, कुणाल चौहान हैं। प्रदेश में मुख्यमंत्री पद का दायित्व संभालने से पहले शिवराज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रह चुके हैं। 1978 से 1980 तक शिवराज सिंह चौहान अभाविप में मध्यप्रदेश के संयुक्त सचिव रहे। 1980 से 1982 तक शिवराज सिंह चौहान मध्यप्रदेश एबीवीपी के महासचिव चुने गए और उसके बाद 1982 से 1983 तक राष्ट्रीय मंत्री रहे। शिवराज सिंह चौहान को भारतीय जनता युवा मोर्चा में भेजा गया और उन्हें मध्यप्रदेश का संयुक्त सचिव बनाया गया।

### आरएसएस में थे सक्रिय

राजनीति में कदम रखने पहले शिवराज सिंह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) में कार्यकर्ता के रूप में कार्य किया था। शिवराज सिंह चौहान ने 1972 में ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को ज्वाइन कर लिया था और 1975 में मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल छात्र संघ के अध्यक्ष चुने गए थे। शिवराज ने आपातकाल में भी हिस्सा लिया और उन्हें आंतरिक सुरक्षा अधिनियम के तहत जेल में बंद कर दिया गया था। आपातकाल के बाद उनकी क्षमता को देखते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने उन्हें भोपाल में संगठन सचिव की जिम्मेदारी सौंप दी।

### अब छठी बार बने सांसद

शिवराज सिंह चौहान को जमीन से जुड़ा हुआ नेता माना जाता है। शिवराज छह बार उस सीट से सांसद हैं, जहां से कभी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी सांसद थे। 1990 में उन्हें बुधनी विधानसभा सीट से प्रत्याशी बनाया और जीते थे। 1991 के बाद उपचुनाव में उन्हें उम्मीदवार बनाया और वह सांसद बन गए। शिवराज 1991, 1996, 1998, 1999 और 2004 में विदिशा लोकसभा सीट से सांसद चुने गए। अब 2024 में उन्हें फिर सांसद के लिए मैदान में उतारा गया और आठ लाख से ज्यादा वोटों से शिवराज ने जीत दर्ज की।

### 29 नवंबर 2005 को बने थे मुख्यमंत्री

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शिवराज सिंह चौहान ने पहली बार 29 नवंबर 2005 को शपथ ली और 2008 तक वह मुख्यमंत्री रहे। दूसरी बार 12 दिसंबर 2008 को मुख्यमंत्री बने। तीसरी बार उन्होंने 14 दिसंबर 2013 को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, वहीं चौथी बार उन्होंने 2020 में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। शिवराज सिंह चौहान ने मप्र में लाडली लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन जैसी योजनाओं को दूसरे राज्यों ने अपनाया है। अब मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना को भी पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को बहुत लाभ मिला है। शिवराज सिंह चौहान ओबीसी वर्ग से आते हैं।

### पार्लियामेंट्री बोर्ड के सदस्य भी रह चुके हैं शिवराज

शिवराज सिंह चौहान की गिनती भाजपा के बड़े ओबीसी नेताओं में होती है। शिवराज भाजपा की पार्लियामेंट्री बोर्ड के सदस्य भी रह चुके हैं और 2019 में भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान के प्रमुख भी रह चुके हैं। उनके सदस्यता अभियान के प्रमुख रहते हुए भाजपा के सदस्यों की संख्या 18 करोड़ से अधिक हो गई थी। 2018 में जब भाजपा की मध्यप्रदेश में हार हुई तो उसके बाद शिवराज को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद की भी जिम्मेदारी दी गई थी।

# ज्योतिरादित्य सिंधिया परिवार की राजनीतिक विरासत बढ़ा रहे आगे

2001 में पिता माधवराव सिंधिया के आकस्मिक निधन के बाद ज्योतिरादित्य सिंधिया को राजनीति में आना पड़ा था। 2007 में पहली बार केंद्रीय मंत्री बने सिंधिया ने लगातार राजनीतिक सफलता हासिल की है। कांग्रेस से राजनीतिक पारी की शुरुकरने वाले ज्योतिरादित्य सिंधिया अब भाजपा का दमदार चेहरा बन गए हैं। हाल ही में सिंधिया गुना-शिवपुरी लोकसभा सीट से सांसद निर्वाचित हुए हैं। बीजेपी की सरकार में भी वे राज्यसभा सांसद और केंद्रीय मंत्री रहे हैं। रविवार की शाम के शपथ समारोह में वे एक बार फिर मंत्री पद की शपथ ली। ग्वालियर के सिंधिया राजघराने के वंशज ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने परिवार की राजनीतिक विरासत को शानदार तरीके से आगे बढ़ा रहे हैं।

**बैंकर के रूप में करियर की शुरुआत :** अमेरिका के हार्वर्ड कॉलेज से ग्रेजुएशन, स्टैनफोर्ड विवि में ग्रेजुएट स्कूल ऑफ बिजनेस से एमबीए डिग्री हासिल की। सिंधिया ने एक बैंकर के रुप में अपने करियर की शुरुआत की थी। साल 2001 में माधव राव की मौत के बाद ज्योतिरादित्य की राजनीति में एंट्री हुई। उन्होंने पिता की लोकसभा सीट गुना से चुनाव लड़ा। वहां से पहली बार संसद पहुंचे। 2004 के चुनाव में वे दूसरी बार सांसद बने और 2007 में केंद्रीय संचार और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री बने।



### 2024 में पांचवीं बार पहुंचे लोकसभा

वर्ष 2009 के चुनाव में वे लगातार तीसरी बार जीते और वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री बने। 2014 में एक बार फिर मंत्री बने। 2019 में सिंधिया भाजपा के केपी यादव ने हरा गए। मार्च 2020 में उन्होंने भाजपा ज्वाइन कर लिया। भाजपा ने उन्हें राज्यसभा भेजा और 2021 में उन्हें मोदी कैबिनेट में नागरिक उड्डयन मंत्रालय का जिम्मा सौंपा गया। 2024 में के चुनाव में वे जीत कर पांचवीं बार लोकसभा में पहुंचे हैं।

# एक बार फिर मंत्री बने डॉ. वीरेंद्र खटीक, अजा वर्ग का बड़ा चेहरा

डॉ. वीरेन्द्र खटीक एक बार फिर से मोदी सरकार में मंत्री बनने जा रहे हैं। टीकमगढ़ संसदीय क्षेत्र से आठवीं बार सांसद चुने गए वीरेंद्र खटीक लोकप्रिय नेता हैं। सागर में जन्मे वीरेंद्र खटीक को पिछली सरकार में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की जिम्मेदारी मिली थी। वे इस बार लोकसभा चुनाव जीतकर आठवीं बार सांसद बने हैं। वीरेंद्र कुमार ने चार लोकसभा चुनाव प्रदेश की सागर लोकसभा सीट और चार लोकसभा चुनाव टीकमगढ़ लोकसभा सीट से जीते हैं। पहली बार वो साल 1996 में हुए 11वें लोकसभा चुनावों में निर्वाचित हुए। जिसके बाद उन्होंने साल 1998, 1999, 2004, 2009, 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में अपने प्रतिद्वंदियों पर जीत हासिल की। 2024 के चुनाव वे चार लाख मतों से जीते हैं। उन्होंने कांग्रेस के पंकज अहिरवार को हराया था। डॉ. वीरेंद्र कुमार ने पीएचडी की है। उनका जन्म सागर जिले में हुआ था। सागर के चकराघाट, सिंघई जैन मंदिर के पास उनका घर है। उनके पिता अमर सिंह और माता सुमत रानी हैं। उनका विवाह 1987 में कमल वीरेंद्र से हुआ है। उनकी तीन बेटियां और एक बेटा है। गौरीशंकर शेजवार उनके बहनोई हैं।



### लंबा राजनीति अनुभव

डॉ. वीरेंद्र का लंबा राजनीतिक अनुभव रहा है। 1977 में वे आभाप से जुड़े थे। 1979-82 से वे मंडल संगठन सचिव रहे। इसके बाद भाजयुमो की राजनीति शुरू की। 1982 से 1984 तक वे सागर जिले के महासचिव रहे। 1987 में बजरंग दल के संयोजक बने। 1991 में भाजपा में सागर के सचिव बनाए गए। 1994 में भाजपा के राज्य प्रतिनिधि बने। 1996 में पहली बार सांसद चुने गए।

# आदिवासी सावित्री ठाकुर बनी राज्यमंत्री, संघ से पुराना जुड़ाव

मप्र के धार लोकसभा सीट से दो लाख से अधिक वोटों से जीतने वालीं सांसद सावित्री ठाकुर को मोदी कैबिनेट में जगह मिली है। मोदी 3.0 में उन्हें राज्यमंत्री बनाया गया है। चुनाव में सावित्री ने कांग्रेस उम्मीदवार राधेश्याम मुवेल को करारी शिकस्त दी थी। सांसद सावित्री ठाकुर का जन्म 1 जून 1978 को हुआ था। वे आरएसएस की पृष्ठभूमि से आती हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत एक एनजीओ में को-ऑर्डिनेटर के रूप में की थी। सावित्री के नाम में ही सिर्फ ठाकुर लगा है, लेकिन मूल रूप से वे आदिवासी समाज से आती हैं। वे 10वीं तक पढ़ी हैं। सांसद सावित्री ठाकुर ने राजनीति में अपने दम पर जगह बनाई है। उनके पति तुकाराम ठाकुर किसान हैं।2003 में सावित्री जिला पंचायत सदस्य चुनी गईं। 2004 में जिला पंचायत अध्यक्ष बनाई गई।



### 2014 में भाजपा ने दिया मौका

2014 में सावित्री ठाकुर को बीजेपी ने धार लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार उमंग सिंघार को हराकर बड़ी जीत हासिल की। साल 2019 के चुनाव में भाजपा ने धार सीट से छतर सिंह दरबार को दे दिया। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने छतर सिंह का टिकट काटकर फिर सावित्री ठाकुर को प्रत्याशी बनाया। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी राधेश्याम मुवैल को 2.18 लाख वोटों से मात दी।

**क्यों बनी मंत्री:** सावित्री ठाकुर जिस लोकसभा सीट धार से वे चुनाव जीतकर सांसद बनी हैं, वह आदिवासी इलाका है। आदिवासी समाज ने भाजपा को झोली भरकर वोट दिए हैं। ऐसे में पार्टी इस समाज से नाराजगी मोल नहीं लेना चाहती है। आदिवासियों और महिला को साधने के लिए भाजपा ने सावित्री को मंत्रिमंडल में जगह दी है।

कार्यक्रम | जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

# महाराणा प्रताप घास की रोटी खाकर भी स्वाभिमान से जिए

सत्ता सुधार ■ भोपाल

तमाम तरह के मुगल आक्रमण के बाद भी महाराणा प्रताप घास की रोटी खाकर स्वाभिमान के साथ जिये, पर उन्होंने कभी स्वतंत्रता के साथ समझौता नहीं किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शाजापुर जिले के शुजालपुर में महाराणा प्रताप की जन्म जयंती पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन जितना पढ़ो उतना कम है। महाराणा प्रताप जीते-जी किवदंती बन गये। वे जब युद्ध में 76 किलो का



कवच, 80 किलो का भाला और 2 तलवार लेकर जब उतरते थे, तो उनके सामने मुकाबला करने से हर दुश्मन कतराता था। महाराणा प्रताप के घोड़े चेतक से भी उनकी मित्रता का उदाहरण दुनिया में आज भी अद्वितीय है। तमाम प्रकार के मुगलों के आक्रमण एवं आतंक के बाद भी महाराणा प्रताप घांस की रोटी खाकर स्वाभिमान के साथ जिए, लेकिन उन्होंने स्वतंत्रता के साथ समझौता नहीं किया। ऐसे शूरवीर महापुरूष महाराणा प्रताप की जन्म जयंती आज हम मना रहे हैं, यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है।

लोकतंत्र में इसका महत्व है कि महाराणा प्रताप से प्रेरणा पाकर सेठ-साहूकारों ने उस समय अपना पूरा खजाना महाराणा प्रताप को भेंट कर दिया था। भामाशाह इसके उदाहरण है, जिन्होंने अपना पूरा खजाना महाराणा प्रताप को भेंट कर दिया था। जंगल में रहने वाले वनवासियों ने भी महाराणा प्रताप को पूरा सहयोग दिया था, उस समय कोई जाति का भेदभाव नहीं था। महाराणा प्रताप सबको लेकर चलते थे। सारे समुदाय में महाराणा प्रताप आदर के केन्द्र बिन्दु थे। नवीन शिक्षा नीति में महाराणा प्रताप को स्थान दिया है। महाराणा प्रताप को अब विद्यालयों में पढ़ाया जा रहा है, जिससे अगली पीढ़ी को महाराणा प्रताप को जानने का मौका मिलेगा।

उन्होंने कहा कि आर्मी में नायक के पद पर तैनात मेवाड़ा समाज के शहीद के स्मारक बनाने छात्रावास की भूमि, महाराणा प्रताप की प्रतिमा की स्थापना व चौराहे का नामकरण किया जायेगा। जो भी मांगे रखी गई हैं, उन्हें प्रक्रिया के अनुसार पूरा किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मेवाड़ा समाज की पत्रिका प्रताप वार्ता का विमोचन भी किया गया।

# जीतू पटवारी को फ्री हैंड... अगले सप्ताह से बैठकों का दौर

जीरो से शुरू होगी कांग्रेस, निष्क्रियों को किया जाएगा बाहर

सत्ता सुधार ■ भोपाल

दिल्ली में हुई कांग्रेस की वर्किंग कमेटी की बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों के कामों और लोकसभा चुनाव परिणामों की समीक्षा हुई। बैठक में तय किया गया कि किसी भी राज्य के अध्यक्ष को अभी नहीं हटाया जाएगा, वहीं प्रदेश में सभी सीटें गंवाने वाले जीतू पटवारी को फ्री हैंड दिया गया है। अगले सप्ताह से इसका असर भी देखने को मिलेगा। पूरी कांग्रेस को अब जीरो पाइंट से खड़ा किए जाने की बात की जा रही है।

प्रदेश के बड़े नेताओं के निशाने पर चल रहे पटवारी से कल दिल्ली



में प्रदेश कांग्रेस की स्थिति के बारे में और यहां से हारी हुई 27 सीट को लेकर भी बात की गई। बैठक में पटवारी के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह, प्रदेश प्रभारी भंवर जितेन्द्रसिंह और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी मौजूद रहे। वर्किंग कमेटी की बैठक में जब मध्यप्रदेश की बारी आई तो प्रभारी जितेन्द्रसिंह ने संगठन को लेकर अपनी बात कही। हार का एक बड़ा कारण लाडली बहना योजना को बताया। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन ने भी भाजपा के उम्मीदवार को सहयोग किया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी ने पटवारी से कहा कि मध्यप्रदेश में अब संगठन को मजबूती से खड़ा करने का काम करो और अब जो चुनाव आए, उसमें अच्छे परिणाम आए इस पर ध्यान दो। पटवारी ने अलग से भी कुछ नेताओं से भी बात की। पटवारी को आलाकमान ने फ्री हैंड दे दिया हैं और दिल्ली से लौटने के बाद इसका असर भी दिखने वाला है।



# मोदी शाह चालाक नेता हमें संगठित रहकर जनता के हितों के लिए लड़ना होगा : घनश्याम सिंह

**इन्दरगढ़ के गोविंद प्लाजा में हुआ कांग्रेस की आभार सभा का आयोजन**

सत्ता सुधार ■ दतिया

मोदी अऔर शाह बहुत चालाक नेता हैं, वह कांग्रेस,सपा, आप व अन्य विपक्षी दलों के नेताओं को ईडी,सीबीआई के माध्यम से परेशान करना जारी रखेंगे। हमें संगठित रहकर जनता के हितों के लिए संघर्ष करना होगा। यह विचार सेंवढ़ा के पूर्व विधायक घनश्याम सिंह ने रविवार को इंदरगढ़ के गोविंद प्लाजा में आयोजित आभार सभा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित कर व्यक्त किए। वह हाल ही में सम्पन्न हुए लोकसभा चुनाव में सेंवढ़ा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी फूलसिंह बरैया को कांग्रेस कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत से मिली 4967 मतों की बढ़त के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने राम जन्म भूमि आंदोलन तथा राम मंदिर निर्माण से राजनीति लाभ उठाया और राम मंदिर निर्माण ट्रस्ट ने अयोध्या में जमीनों की खरीदी में भारी भ्रष्टाचार किया जिसका जबाब वहां की जनता ने भाजपा को हराकर और देश की जनता ने भाजपा की सीटें घटा कर दिया है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ज्यादा दिन नहीं चलने वाली जनता ने जनादेश इंडिया गठबंधन को दिया है। उन्होंने सेंवढ़ा विधानसभा के सभी कार्यकर्ताओं की लोकसभा चुनाव में भीषण गर्मी में भी पार्टी प्रत्याशी को अपने क्षेत्र से विजयश्री दिलाने पर सराहना की। सभा का संचालन मंडल अध्यक्ष रामेश्वर चौबे एवं आभार राजेंद्र सिंह रावत ने व्यक्त कियाबैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नारायण सिंह बाबूजी, इंदरगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष हरिमोहन गुर्जर, धीरेंद्र सिंह राठौड़, शिरोमणि सिंह सोलंकी, प्रांजुल सिह उर्फ सोनू चौहान, जिला मीडिया प्रभारी अशोक श्रीवास्तव, ब्लॉक मीडिया प्रभारी कमल किशोर जाटव आदि लोगों ने भी विचार रखे।

# लूट के इरादे से दवा व्यवसायी को गोली मारी, मौत

## इंदरगढ में वावरी सरकार मंदिर के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम

सत्ता सुधार ■ दतिया

दतिया निवासी दवा व्यवसायी घनश्याम दास अग्रवाल में लूट के इरादे से बाइक सवार दो बदमाशों ने कस्बा इंदरगढ में रविवार को गोली मार दी। दवा व्यवसायी रविवार को कस्बा इंदरगढ तकादा करने गए थे। बदमाशों ने उनके हाथ से रूपयों से भरा बैग छीनने का प्रयास किया। जब सफल नहीं हुए तो उनमें गोली मार दी। गंभीर हालत में उन्हें इलाज के लिए ग्वालियर के अस्पताल ले जाया गया लेकिन अस्पताल पहुंचते ही उनकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बड़ा बाजार पटवा तिराहा तिराहा निवासी घनश्याम दास (73) पुत्र हरचरण दास अग्रवाल दवाओं का कारोबार करते थे। वह दतिया मेडीकल एसोसिएशन के अध्यक्ष भी थे। रविवार को दोपहर दो बजे घनश्यामदास कस्बा इंदरगढ में अपने ड्राइवर तारिक खान के साथ कार से तकादा करने के लिए गए थे। पहले वह इंदरगढ़ में बावरी सरकार मंदिर के पास स्थित कृष्णा मेडीकल पर पहुंचे। यहां उन्होंने दवाओं का पेमेंट लिया। इसके बाद वह ड्राइवर तारिक खान को



मेडीकल स्टोर पर खड़ा कर वावरी सरकार मंदिर पर दर्शन करने चले गए। दर्शन के करने बाद वह पैदल ही मेडीकल स्टोर की तरफ आ रहे थे। तभी मंदिर के पास एक बाइक पर सवार दो बदमाशों ने उनके हाथ से रूपयों से भरा बैग छीनने का प्रयास किया। जब बदमाश बैग छीनने में सफल नहीं हुए तो उन्होंने पीछे से घनश्याम दास में गोली मार दी। जो उनकी पीठ से घुसकर सीने की तरफ से निकल गई। गंभीर हालत में घनश्यामदास को उनकी ही कार से इंदरगढ़ अस्पताल पहुंचाया गया। यहां से उन्हे जिला अस्पताल रैफर कर दिया। लेकिर गंभीर हालत के चलते डॉक्टरों ने उन्हें ग्वालियर रैफर कर दिया। ग्वालियर में निजी अस्पताल पर पहुंचते ही उनकी मौत हो गई।

### एसआईटी का गठन किया

घटना के बाद पुलिस अघीक्षक वीरेन्द्र कुमार मिश्रा मौके पर पहुंचे। घटना को गंभीरता से लेते हुए उन्होनें आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एएसपी सुनील शिवहरे के नेतृत्व में सेंवढ़ा एसडीओपी अखिलेश पुरी गोस्वामी, भांडेर एसडीओपी कर्णिक श्रीवास्तव और इंदरगढ़, अतरेटा व थरेट थाना प्रभारी को टीम में शामिल किया गया है। एसआईटी के साथ ही एसआई नंदनी शर्मा के नेतृत्व में साइबर टीम को भी लगाया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए 10 हजार रूपए का इनाम भी घोषित किया है।

# ऑटो रिक्शा में महिला का गुम हुआ बैग, पुलिस ने खोजकर वापस दिलाया

सत्ता सुधार ■ दतिया

रविवार को एक महिला ऑटो में रखा बैग लेना भूल गई। जिसे बाद में यातायात पुलिस और सीसीटीवी कन्टोल रूम में पदस्थ कर्मचारियों ने ऑटो चालक को खोजकर महिला को वापस दिलाया। जानकारी के अनुसार रासजेबी स्कूल के पास रहने वाली सोनम कुशवाहा अपने रिश्तेदार नारायण दास के साथ रविवार को सुबह बुंदेलखंड ट्रेन दतिया लौटी। वह दतिया स्टेशन से अपने घर के लिए आटो मैं बैठकर जा रही थी, जब घर पहुंची तो अपना बैग जिसमें कीमती सामान रख हुआा था, उतारना भूल गई। इसके बाद उसने सीसीटीवी कंट्रोल रूम आकर घटना के बारे में बताया।

इस पर सीसीटीवी कंट्रोल पुलिस स्टाफ द्वारा ऑटो रिक्शा का नंबर पता कर तत्काल यातायात पुलिस कर्मचारी आरक्षक चंद्रभान से संपर्क किया। यातायात पुलिस कर्मचारी द्वारा ऑटो चालक तलाश कर चालक से संपर्क किया और उसे पुलिस कंट्रोल रूम बुलवा कर महिला यात्री का बैग सुरक्षित



वापस लौटाया। बैग वापस पा कर महिला यात्री के चेहरे पर खुशी छा गई। बैग में रखा उसका सभी कीमती सामान सुरक्षित मिलेगा। महिला ने यातायात पुलिस और सीसीटीवी कंट्रोल में पदस्थ कर्मचारियों सहित पुलिस का धन्यवाद किया। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक .(रेडियो) आरती राजोदिया, आरक्षक चंद्रभान की सराहनीय भूमिका रही।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत् इन्दरगढ़ में विभिन्न गतिविधियां की गई

**दतिया।** कलेक्टर संदीप कुमार माकिन के निर्देशानुसार प्रदेश शासन द्वारा चलाई जा रही जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत् नगर परिषद इन्दरगढ़ द्वारा शहर के सभी नालों की सफाई कराई जा रही है। जिससे आगामी समय पर नालों का पानी सड़क पर नहीं आ सके और आम जनता परेशान नहीं हो। उक्त कार्य नगर परिषद द्वारा कराया जा रहा है। जिससे आम जनता में जल गंगा संवर्धन अभियान के प्रति जागरूकता पैदा हो सके। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के संबंध में भी आम लोगों को संदेश देकर अधिक से अधिक पौधारोपण करने की बात कही।

# पीएसए ने सृजन के डिप्टी कलेक्टर पद पर चयनित होने पर किया सम्मान



सत्ता सुधार ■ दतिया

प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन ने डिप्टी कलेक्टर पद पर चयनित होने वाले सृजन श्रीवास्तव का सम्मान किया। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ आनंद श्रीवास्तव के बेटे सृजन श्रीवास्तव का हाल ही में डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयन हुआ है। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन दतिया के सभी पदाधिकारी गण उनके निवास पर पहुंचे। यहां सृजन का सम्मान किया गया, उनका मुंह मीठा कराया गया। मां पीतांबरा से सभी ने प्रार्थना कर सृजन के उज्जवल भविष्य की कामना की। निवास पर पधारने पर आनंद श्रीवास्तव ने प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन का आभार जताया।

# श्रीमद्भागवत कथा में समाये हैं भगवान : पंडित खेमराज शास्त्री

## भव्य कलश यात्रा के साथ गीता भवन में शुरू हुई श्रीमद्भागवत कथा

सत्ता सुधार ■ श्योपुर

शहर के पंडित पाड़ा में स्थित गीता भवन सत्संग न्यास में श्रीमद्भागवत कथा का भव्य शुभारंभ आज रविवार को पूरे विधि विधानन पूर्वक हो गया। इस अवसर पर टोडी गणेश मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई जो प्रमुख मार्गों से होती हुई कथा स्थल गीताभवन पर पहुंची। जहां कथावाचक पं खेमराज शास्त्री बांडीखेडा वालो ने कथा के प्रथम दिन कथा के महत्व के बारे में बताया। कथा वाचक ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा देवताओं के लिए भी दुर्लभ है। तभी परीक्षित जी की सभा में शुकदेव जी ने कथामृत के बदले में अमृत कलश नहीं लिया। ब्रह्माजी ने सत्यलोक में तराजू बाँध कर जब सब साधनों, व्रत, यज्ञ, ध्यान,



तप, मूर्तिपूजा आदि को तोला तो सभी साधन तोल में हल्के पड़ गए और अपने महत्व के कारण भागवत ही सबसे भारी रहा। अपनी लीला समाप्त करके जब श्री भगवान निज धाम को जाने के लिए उद्यत हुए तो सभी भक्त गणों ने प्रार्थना कि हम आपके बिना कैसे रहेंगे। तब श्री भगवान ने कहा कि वे श्रीमद् भगवत में समाए हैं।

यह ग्रन्थ शाश्वत उन्हीं का स्वरुप है। पठन-पाठन व श्रवण से तत्काल मोक्ष देने वाले इस महाग्रंथ को सप्ताह-विधि से श्रवण करने पर यह निश्चय ही भक्ति प्रदान करता है। कथा के मुख्य यजमान बाबूलाल वैश्य बिजली वालो के परिवार ने भागवत जी की महाआरती कर प्रसाद वितरण किया एवं आमजन से अपील की कि नियमित रूप से दोप 12 बजे से सायं 6 बजे तक कथा का रसपान पाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति प्रदान करें।

## विश्व हिंदू परिषद का गौरक्षा विभाग देगा ज्ञापन

**दतिया।** सोमवार को विश्व हिंदू परिषद के गौरक्षा विभाग द्वारा समूचे मधयभारत प्रांत में मुख्यमंत्री के नाम जिलाधीश के समक्ष दिए जा ज्ञापन के क्रम में दतिया विश्व हिंदू परिषद का गौरक्षा विभाग भी 19 सूत्रीय ज्ञापन देगा। जो गौवंश संरक्षण, संवर्धन, गौवंश तस्करी, गौशाला संचालन आदि के संदर्भ में होगा ऐसी जानकारी परिषद के जिला गौरक्षा प्रमुख प्रवीण भौंडेले ने दी,ज्ञापन देने का समय परिषद द्वारा प्रातः 11 बजे का रखा गया है जिसमें मध्यभारत प्रांत से प्रांत गौरक्षा प्रमुख श्री शिशुपाल सिंह जी चौहान के नेतृत्व में परिषद के जिला पदाधिकारी,बजरंग दल के जिला पदाधिकारी सहित गौशाला संचालक, गौरक्षक, गौसेवक तथा विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता गण उपस्थित रहेंगे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत् भाण्ड़ेर विकासखण्ड़ में की गई विभिन्न गतिविधियां

सत्ता सुधार ■ दतिया

प्रदेश शासन द्वारा चलाई गई जा रही जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत् जिले में कलेक्टर श्री संदीप कुमार माकिन के निर्देशानुसार जनपद पंचायत भाण्ड़ेर एसडीएम श्री नीराज शर्मा ने आज रविवार को अपने विकास खण्ड़ में विभिन्न गतिविधयां चलाई जिसमें भाण्ड़ेर विकासखण्ड़ के ग्राम ततारपुर, बराना, रिछोरा, सिंहपुरा, सुनारी, तालगांव के तालाब में गहरीकरण एवं सफाई कर जनभागीदारी एवं मजदूरों के जल संरक्षण का कार्यकर संदेश दिया। भाण्ड़ेर एसडीएम नीरज शर्मा ने ग्रामवासियों से चर्चाकर जल स्त्रोतों के बारे में जानकारी दी उन्होंने कहा कि जल की बहुत महत्वता है।

जल ही जीवन है, उन्होंने पर्यावरण के संरक्षणके बारे में ग्रामवासियों को बताया ग्रामों



में अधिक से अधिक पौधों भी लगाये जाये, जिसमें शुद्ध वातावरण हो सकेगा, उन्होंने कहा कि शुद्ध वातावरण से प्रत्येक व्यक्ति का स्वस्थ्य ठीक रहता है। इसी प्रकार नगर पालिका अधिकारी नागेन्द्र सिंह गुर्जर ने तालाबों का गहरीकरण कर साफ-सफाई कराई एवं जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत् कलश यात्रा जल संरचना (पहूज नदी) से निकाली गई।

उन्होंने कहा कि वर्षा होने पर तालाबों में पानी का भराव हो सके। उन्होंने ग्रामवासियों को पर्यावरण के संरक्षण के बारे में भी चर्चा कर विस्तार से जागरूकता का संदेश दिया। यह सभी कार्य जल गंगा संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत जिले में अनेकों प्रकार की गतिविधियां जारी है। यह गतिविधियां 16 जून तक प्रत्येक दिन चलाई जायेगी। इस अभियान के अंतर्गत जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में जल स्त्रोतों नदियों, तालाबों, कुओं, बावड़ियों की सफाई कराई जायेगी। इस अभियान में सभी लोगा की भागीदारी रहेगी।

# पत्रकार सुरेन्द्र श्रीवास्तव के छोटे भाई के निधन पर पूर्व विधायक घनश्याम सिंह ने श्रद्धांजलि दी



सत्ता सुधार ■ दतिया

सेंवढ़ा के पूर्व विधायक घनश्याम सिंह रविवार को इन्दरगढ़ नगर के वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र श्रीवास्तव मम्मू के निवास पर पहुंचे। यहां उन्होंने सुरेंद्र के छोटे भाई के असमय दुःखद निधन पर शोक संतप्त परिवार जनों से मिलकर गहन शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने सुरेंद्र श्रीवास्तव को ढांढस बंधाया। श्री सिंह ने स्व. श्रीवास्तव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर समाज के प्रति उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता नारायण सिंह बाबूजी, अनार सिंह यादव पार्षद, संतोष दांतरे, नीरज सिंह राठौड़, सीताराम कुशवाहा, अशोक श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

आरोपियों के कब्जे से 2 लाख रुपए से अधिक का माल बरामद

# पुलिस के हत्थे चढ़ी 4 सदस्यीय नकबजन गैंग, 2 चोरी का खुलासा

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

4 सदस्यीय शातिर नकबजन गैंग, चीनोर थाना पुलिस के हत्थे चढ़ी है, जिसके कब्जे से करीब 2 लाख रुपए का माल भी बरामद हुआ है। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपियों से चोरी की अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।





एसपी धमज्वीर सिंह को बीती रात मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी, कि चीनोर थाने में दर्ज चोरी मामले में संलिप्त नकबजनों की टोली भंवरी की पुलिया के पास चुराए गए माल को बेचने की फिराक में मौजूद है। इस पर एसपी द्वारा एएसपी निरंजन शर्मा व भितरवार एसडीओपी जितेंद्र नगाईच को इसकी जानकारी देकर उक्त आरोपियों की गिरफ्तारी करवाने की टास्क दी गई। जिन्होंने चीनोर थाना प्रभारी राजीव बिरथरे को थाने की टीम के साथ बताए गए स्थान पर पहुंचाया, तो वहां मौजूद चार संदिग्ध युवकों ने पुलिस को देखते ही दौड़ लगा दी। शंका होने पर पुलिस टीम भी उनके पीछे लग गई, जिसने कुछ दूरी पर घेराबंदी करते हुए चारों को धरदबोचा। जिन्हें थाने लाकर की गई पूछताछ में चारों ने खुद को भिंड जिले का निवासी बताते हुए क्षेत्र में हुई दो नकबजनी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार लिया। आरोपियों के कब्जे से चुराया गया करीब दो लाख रुपए का माल भी बरामद हो गया है। जिसमें चांदी की 4 करधोनी, 4 पायल, सोने की दो कान के टॉप्स, एक मंगलसूत्र का पेंडल, सोने का एक ओम, मंगलसूत्र के तीन टुकड़े, 6 सोने के मोती, 11 चांदी के बिछिया व एक एलईडी टीवी शामिल है। उक्त शातिर नकबजनों को गिरफ्तार करने में चीनोर थाना प्रभारी राजीव बिरथरे, एएसआई बनवारी लाल सेन, आरक्षक वागीश यादव, विनय विजावर, रघुनंदन, अतुल चौहान, गौरव, भूपेंद्र रावत, सुनील व मनोज भारद्वाज की सराहनीय भूमिका रही।

### तीन जिलों की पुलिस पूछताछ को आएगी

पुलिस के हत्थे चढ़े नकबजनों की शिवपुरी, भगुवापुरा (दतिया) व असवार (भिंड) थानों की पुलिस उनकी तलाश कर रही थी। जो उनके पकड़े जाने की सूचना पाकर अब ग्वालियर आकर उनसे पूछताछ करेगी।

### इन चोरियों को दिया था अंजाम

पुलिस द्वारा पकड़े गए नकबजनों द्वारा बीती चीनोर थाना क्षेत्र के ग्राम पैरा में 25 मई की रात एक घर की दीवार में सेंध लगाकर सोने-चांदी के आभूषण पार कर ले गए थे, जबकि गृहस्वामी अपने परिवार सहित भीतर ही सोता रह गया था। जबकि ग्राम ररूआ निवासी धर्मेंद्र कुशवाह बीती 3 जून की रात जब लाइट चले जाने पर गेट पर ताला डालकर परिवार के साथ घर के बाहर सो रहे थे, तब उक्त गैंग ताला चटकाकर उनके घर से अलमारी में रखे गहने चोरी करके रफूचक्कर हो गए थे।

### यह आरोपी पकड़े

पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपियों में कल्याण कुशवाह पुत्र गरीबे कुशवाह निवासी असवार थाना असवार जिला भिंड, रामस्वरुप उर्फ गधा कुशवाह पुत्र हरके कुशवाह 59 साल निवासी ग्राम घिरोंगी रुरई थाना आलमपुर जिला भिंड, बेताल कुशवाह पुत्र रामबख्श कुशवाह निवासी ग्राम बरहा थाना असवार जिला भिंड व गोलू तिवारी पुत्र राजकुमार तिवारी निवासी ग्राम बरहा थाना असवार जिला भिंड शामिल हैं। यह सभी शातिर बदमाश हैं। इनमें से कल्याण के खिलाफ भिंड व दतिया जिले में चोरी व अवैध हथियार के एक दर्जन प्रकरण, रामस्वरूप के विरूद्ध लूट-डकैती, चोरी व आर्म्स एक्ट के 10, बेताल कुशवाह पर असवार थाने में मारपीट व गालीगलौज का एक तथा गोलू तिवारी के खिलाफ शिवपुरी के देहात थाने में ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी का एक प्रकरण पंजीबद्ध है।

राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का आगाज आज से

## मप्र 52 वी प्रतियोगिता में प्रदेश भर से जुटेंगे खिलाड़ी



सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

**नगर निगम ग्वालियर एवं ग्वालियर तैराकी संघ द्वारा 52 वी मध्य प्रदेश राज्य तैराकी प्रतियोगिता 2024 का आयोजन 10 जून से 13 जून 2024 तक तरण पुस्कर ग्वालियर में किया जा रहा है।**

प्रतियोगिता के लिए खेल संचालक , मध्य प्रदेश युवा एवं खेल विभाग द्वारा ग्वालियर तैराकी संघ को स्विमिंग लेन प्रदान की है। मध्य प्रदेश तैराकी संघ के संरक्षण में आयोजित इस प्रतियोगिता में 450 से 500 तक खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगितामें इंदौर, खंडवा, नीमच, खरगोन, नागदा, देवास, उज्जैन, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, जबलपुर, मंडला, रायसेन, भोपाल, रीवा, बालाघाट, बैतूल, मुरैना, सागर, विदिशा, सीहोर, टीकमगढ़, राजगढ़ एवं ग्वालियर के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उसकी जानकारी आयोजन सचिव सचिन पाल ने दी। प्रतियोगिता सुबह 7 बजे से प्रारंभ होगी। शाम को जिन इवेंट की हिट्स सुबह हुई है उनके फाइनल होंगे। जिसमे आयु वर्ग ~ 10 से 12 वर्ष, 13 से 14 वर्ष, 15 से 17 वर्ष एवं ओपन आयु वर्ग में बालक एवं बालिकाओं का होगा। चार दिवसीय प्रतियोगिता में 200 से अधिक स्वर्ण पदको का फैसला होगा। सभी आयु वर्ग के श्रेष्ठ खिलाड़ियों को व्यक्तिगत चैंपियनशिप दी जाएगी। मध्य प्रदेश तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा एवं सचिव जय वर्मा ने एक बैठक सभी जिलों के कोच मैनेजर की एवं तकनीकी अधिकारियों की एक बैठक की , जिसमे कल से प्रारंभ प्रतियोगिता की जानकारी एवं नियमो की जानकारी दी ।

## नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके केबिनेट के सदस्यों के शपथ समारोह के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया और आतिशबाजी चलाकर एक दूसरे को मिठाई खिलाई। शहीद भगत सिंह मंडल के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा उपाध्यक्ष रामेश्वर भदौरिया ने कहा कि आज मोदी सरकार ने तीसरी बार देश में परचम फहराया है और केन्द्र में बनी एनडीए की सरकार नये आयाम स्थापित करेगी। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष देवश शर्मा, मण्डल अध्यक्ष हरिओम झा, उमेश भदौरिया, शिव सिंह यादव, सुरेंद्र शर्मा, श्रीमती सुमन शर्मा, जितेंद्र गुर्जर, राकेश गुप्ता, बृजेश श्रीवास, अंशुल श्रीवास्तव, किरण सिंह, भारती शर्मा, अशोक जादौन, अशोक जैन, विवेक शर्मा, मनमोहन तिवारी, मदन लाल लक्षकार, अविनाश यादव, सूरज लक्षकार, दीपक मोदगिल, शैलेश मित्तल, शेरू नरवरिया, लखन रजक, अन्नू सविता आदि उपस्थित रहे।

### जलवायु परिवर्तन पर कन्नड़ पुस्तक का विमोचन

**ग्वालियर।** मुंबई के वैश्विक युवा जलवायु परिवर्तन योद्धा कर्णव रस्तोगी ने विश्व पर्यावरण दिवस को अपनी जलवायु परिवर्तन पुस्तक का कन्नड़ संस्करण जारी किया। वह स्कूली छात्रों में जलवायु परिवर्तन के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए नि:शुल्क पुस्तक वितरण अभियान 'इच वन रीड वन टू प्लांट वन' चला रहे हैं। पुस्तक का विमोचन भारत स्काउट गाइड कर्नाटक की सहायक राज्य आयोजन आयुक्त कुमारी होनम्मा और अमेरिका से अंतर्राष्ट्रीय स्काउटिंग सदस्य श्रीधा नूतन ने किया। कार्यक्रम का आयोजन बाल चिकित्सा निवारक स्क्रीनिंग कंपनी वाइगोर 360 द्वारा किया गया। कर्णव ने प्रतिभागियों को हरित प्रतिज्ञा दिलाई और उन्हें बीज बोने के लिए प्रोत्साहित किया जो उनकी पुस्तक के पीछे बीज पैकेट में रखा गया है ताकि भूमि बहाली में मदद मिल सके जो इस पर्यावरण दिवस का विषय है। यह छठी भारतीय भाषा है जिसमें कर्णव ने अपनी जलवायु परिवर्तन पुस्तक जारी की है। उनकी पुस्तक दोहरे उद्देश्य को पूरा करती है- पहला जलवायु परिवर्तन के बारे में जागरूकता पैदा करना और दूसरा स्थानीय भारतीय भाषाओं के प्रति प्रेम पैदा करना। उनकी पुस्तक वितरण, जो मुंबई से मराठी भाषा में शुरू हुई, भारत के पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिणी हिस्सों को कवर करते हुए गुजराती, हिंदी, बंगाली, मलयालम और अब कन्नड़ तक फैल गई है। अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय इको हीरो पुरस्कार विजेता कर्णव ने जलवायु परिवर्तन योद्धाओं का एक नेटवर्क बनाने के लिए विभिन्न शहरों में भारत स्काउट गाइड कार्यालयों के साथ हाथ मिलाया है।



## 2 करोड़ की ठगी का आरोपी पूछताछ के लिए इंदौर से लाई पुलिस



**ग्वालियर।** विश्वविद्यालय थाने में दर्ज धोखाधड़ी व ठगी के मामले के आरोपी को पुलिस इंदौर से पकड़कर लाई है। जिसके खिलाफ शहर के एक स्क्रेप कारोबारी ने दो करोड़ रुपए से अधिक की धोखाधड़ी की रिपोर्ट बीते वर्ष दर्ज करवाई थी। फिलहाल पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

यहां बता दें कि शहर के स्क्रेप कारोबारी जितेंद्र नागवानी ने बीते वर्ष विश्वविद्यालय थाने में शिकायत की थी, कि इंदौर के व्यवसायी साबिर खान ने उनसे रतलाम की फर्म रतलाम फर्टिलाइजर्स से एग्रीमेंट करवाया था। जिसमें उन्हें 7.15 करोड़ रुपए का स्क्रेप मिलना था, लेकिन उसे सिर्फ 5.05 करोड़ रुपए का स्क्रेप ही दिया गया। जब हमने साबिर से पूछताछ की, तो वह फर्जी बिल दिखाकर कहने लगा कि हम पूरा माल दे चुके हैं। पुलिस द्वारा मामले की पड़ताल उपरांत आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज की गई थी। जिसे बीते रोज पुलिस इंदौर से राउंडअप कर अपने साथ ग्वालियर ले आई है। हालांकि फिलहाल उसकी गिरफ्तारी नहीं दर्शाई गई है। एसपी धर्मवीर सिंह ने बताया कि उक्त मामले में आरोपी पूछताछ के लिए लाया गया है।

## नशे में धुत्त ससुर ने पत्नी को नहीं भेजा तो शराबी युवक ने गटकी डाई

### हस्तिनापुर क्षेत्र का मामला, पुलिस की काउंसलिंग से दोनों पक्षों में सुलह

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



शराबी युवक मायके में रह रही पत्नी को लेने पहुंचा, तो नशे में धुत्त ससुर ने उसके साथ नहीं भेजा। इससे आहत होकर उसने ससुराल की देहरी पर ही डाई गटक ली। घटना हस्तिनापुर थाना क्षेत्र की है, जिसकी सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने युवक को हॉस्पिटल पहुंचाया। तीन दिन उपचार के बाद हालत में सुधार होने पर पुलिस द्वारा लगातार की गई काउंसलिंग से दोनों पक्षों में सुलह हो गई और पत्नी खुशी-खुशी पुलिस के साथ अपनी ससुराल पहुंच गई। हस्तिनापुर थाना क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर में रहने वाला हरेंद्र जाटव (22 वर्ष) बीती 31 मई को ग्राम भवनपुरा स्थित अपनी ससुराल में पत्नी काजल जाटव को लेने गया था। जहां पर ससुर ने बदसलूकी करते हुए बेटी को उसके साथ भेजने से इंकार कर दिया। इसे अपनी बेइज्जती मान हरेंद्र ने ससुराल की देहरी पर ही डाई पी ली। ग्रामीणों से घटना की सूचना पाकर पहुंची डायल-100 द्वारा उसे हॉस्पिटल पहुंचाया गया। जहां तीन दिन उपचार के बाद हालत हरेंद्र वापस अपने घर पहुंचा, तो हस्तिनापुर थाना प्रभारी राजकुमार राजावत ने इस नव दंपति के परिवार को टूटता देख दोनों पक्षों की बार-बार काउंसलिंग की। सात दिनों के इस सतत प्रज़्यास से दोनों पक्षों में राजीनामा हो गया।

### शराब नहीं पीने की खाई कसम

पुलिस जब मौके पर पहुंची, तो हरेंद्र के ससुराल पक्ष का कहना था कि वह शराब पीने का आदी है, जो नशे में धुत्त होकर पत्नी के साथ बदसलूकी करता है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि जब हरेंद्र ससुराल आया था, तब उसका ससुर भी नशे में धुत्त था, जिसने दामाद से बदसलूकी करते हुए बेटी को उसके साथ भेजने से इंकार कर दिया था। घटना का पता लगने पर एसपी धर्मवीर सिंह द्वारा बेहट एसडीओपी को दोनों पक्षों से बातचीत कर उनके मध्य सामंजस्य स्थापित करवाने के निर्देश दिए गए। जिसके परिपालन में उन्होंने हस्तिनापुर थाना प्रभारी राजकुमार राजावत को इस काम में लगाया। जिनके प्रयास से दोनों पक्षों में राजीनामा हो गया, और हरेंद्र ने कसम खाई कि मैं कभी शराब नहीं पीऊंगा, उसके बाद पत्नी भी ससुराल जाने को तैयार हो गई। जिस पर बेहट एसडीओपी संतोष पटेल ने उनके घर जाकर दोनों को अच्छे से रहने की हिदायत दी।

## एडीआर केन्द्र से सुलभ, सस्ता व त्वरित न्याय मिलेगा : न्यायमूर्ति पाठक

### नवीन जिला न्यायालय परिसर में नवनिर्मित वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र (एडीआर) भवन लोकार्पित



**ग्वालियर।** 'न्याय सबके लिये' उद्देश्य की सार्थकता के साथ नवीन जिला न्यायालय परिसर में वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र (एडीआर) के नए भवन का निर्माण किया गया है। उच्च न्यायालय खंडपीठ ग्वालियर के न्यायमूर्ति एवं ग्वालियर जिले के पोर्ट फोलियो जज आनंद पाठक एवं प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ग्वालियर पी सी गुप्ता ने रविवार को मां शारदा का पूजन कर एवं फीता काटकर नवनिर्मित एडीआर भवन का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर न्यायामूर्ति आनंद पाठक ने कहा कि एडीआर सेंटर के माध्यम से प्रदान की जाने वाली सेवाओं से परिवादियों को सुलभ, सस्ता व त्वरित न्याय मिलेगा, जिससे उनके धन व समय, दोनों की बचत होगी। पारिवारिक विवादों में भी सुलह व समझौता कराने में एडीआर सेंटर कारगर साबित होता है। उन्होंने कहा इस केन्द्र के माध्यम से जनमानस को अपने मामलों का निपटारा करने का एक सार्थक विकल्प मिलेगा। न्यायमूर्ति पाठक ने कहा कि विधिक सेवाओं के प्रचार-प्रसार के कारण अब लोक अदालतों व एडीआर सेंटर के प्रति लोगों का रुझान निरंतर बढ़ता जा रहा है, जिसके माध्यम से प्रति वर्ष प्रदेश के लाखों लंबित केसों का निपटारा किया जा रहा है। समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, महिलाओं और ज़रूरतमंदों को न्याय दिलवाने में भी विधिक सेवा काफी लाभदायक साबित रही है। इस अवसर पर अध्यक्ष उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ पवन पाठक, प्रिंसिपल रजिस्ट्रार उच्च न्यायालय खंडपीठ ग्वालियर ए के मिश्रा, विशेष न्यायाधीश प्रमोद कुमार सिंह, विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी हितेंद्र द्विवेदी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आशीष दवंडे एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नितिन कुमार मुजाल्दा सहित विधिक सहायता अधिकारी उच्च न्यायालय सनातन सेन, जिला विधिक सहायता अधिकारी दीपक शर्मा तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला न्यायालय के कर्मचारी, लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स, पुलिस व पीडब्ल्यूडी के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

सत्ता न्यूज

'जल गंगा संवर्धन अभियान' में प्रमुखता से शामिल किया गया है सागरताल

## प्राकृतिक सौंदर्य को समेटे सागरताल का सौंदर्यीकरण लेने लगा है आकार

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

**पुरानी एवं ऐतिहासिक जल संरचनाओं का सौंदर्यीकरण व पुनर्जीवन भी जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत हो रहा है। इसी क्रम में ग्वालियर शहर में स्थित 'सागरताल' का गहरीकरण व सौंदर्यीकरण नगर निगम द्वारा कराया जा रहा है ।**



प्रयास ऐसे किए जा रहे हैं कि सागरताल जल संरक्षण में महती भूमिका निभाए, साथ ही यह स्थल अपने पुराने स्वरूप को बरकरार रखते हुए एक पर्यटन स्थल के रूप में भी विकसित हो। सागरताल के सौंदर्यीकरण में जनप्रतिनिधिगण व क्षेत्रीय नागरिक भी हाथ बटा रहे हैं। नगर निगम द्वारा सागरताल के सौंदर्यीकरण पर करीबन 3 करोड रुपए की धनराशि खर्च की जा रही है। अभी तक सागरताल के आसपास फ्लोरिंग का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। साथ ही सागरताल को खाली कर गहरीकरण का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। सागरताल के आसपास 4 एकड़ में फ्लोरिंग पेवर्स इत्यादि लगाए जाने हैं। साथ ही सागरताल के आसपास पूरी बाउंड्री वॉल पर सुंदर व आकर्षक पेंटिंग की जाएगी । सभी काम इस प्रकार से कराए जा रहे हैं जिससे यह सरोवर अपने प्राचीन सौंदर्य को हासिल कर सके।

### लगभग 4 एकड़ क्षेत्रफल में फैला है प्राकृतिक सौंदर्य को समेटे यह सरोवर

शहर के सबसे प्राचीन तालाबों में शुमार सागरताल परिसर का क्षेत्रफल 4 एकड़ है। यह सरोवर अपने प्राकृतिक सौंदर्य और विपरीत परिस्थितियों में भी खाली न होने के कारण अपनी खास पहचान रखता है । इस सरोवर को स्वच्छ सर्वेक्षण में भी शामिल किया गया है।

### ये काम होंगे

सागरताल के सौंदर्यकरण को लेकर जो कार्ययोजना तैयार की गई है उसके अनुसार तालाब के चारों ओर स्पेन फ्लोरिंग बनाई जाएगी। साथ ही पाथ-वे के लिए पेवर्स कार्य किया जाएगा । तालाब के आसपास हरियाली को बढ़ावा देने के लिए सुंदर-सुंदर प्रजाति के पौधे रोपे जायेंगे। साथ ही तालाब के पास जन सुविधा के लिए एक सार्वजनिक शौचालय भी बनाया जाएगा । तालाब का गहरीकरण भी प्रमुखता से किया जाना है।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड दतिया (म0प्र0)**

Email Id-phe_datia@yahoo.com Phone No. 07522-237520

नि.आं.सू.क्रं. 01/ का.य./ लो.स्वा.यां.वि./खण्ड/2024-25 दतिया/दिनांक 07.06.2024

**//ई- निविदा आमंत्रण सूचना //**

निम्न कार्यों हेतु निविदा ऑनलाईन बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक 10.06.2024 को दोपहर 12.00 बजे से दिनांक 24.06.2024 को सांय 5.30 बजे तक क्रय तथा दिनांक 10.06.2024 को दोपहर 01:00 बजे से दिनांक 24.06.2024 को सांय 5.30 बजे तक ऑनलाईन प्रस्तुत किये जा सकते है। तथा निविदाकार द्वारा निविदा में प्रस्तुत दरो की बिड दिनांक 26.06.2024 को प्रातः 11:00 बजे खोली जावेगी।

निविदाकार द्वारा निविदा में प्रस्तुत समस्त दस्तावेज मय धरोहर राशि के ऑनलाईन ही जमा करने होंगे। इन्हें भौतिक रूप से जमा नही किया जायेंगा।

निविदा में संशोधन की स्थिति में बेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एंव शर्ते व अन्य जानकारी उक्त बेबसाईट पर देखी जा सकती है।

| स. क्र. | निविदा निविदा सिस्टम क्रमांक | जिला | कार्य | संख्या | अनुमानित लागत (PAC) (रू. लाख में ) | धरोहर राशि (EMD) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2024 PHED 349348 1 | दतिया | Installation for Removing of all unserviceable hand pump set At Different Villages In Block- Datia, Bhander & Seondha at Distt. Datia (M.P.) | 250 Nos | 5.60 | 11200/- | 2000/- | एक वर्ष हेतु |

G-11403/24

कार्यपालन यंत्री (प्रक्योरमेन्ट)
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग
खण्ड दतिया (म0प्र0)

## ब्रीफ न्यूज

### गाजा में फिर कत्ल-ए-आम, इजरायल ने 210 को मार डाला, कई घायल

**गाजा।** इजरायल और हमास के बीच युद्ध लंबे समय से चल रहा है। दोनों देश आए दिन एक दूसरे पर गोलियां की बारिश करते रहते हैं। अब हाल ही में इजरायल ने गाजा से चार बंधकों को बचा लिया। लेकिन इजरायली सेना ने 210 लोगों की जान ले ली और हमले के दौरान 400 लोग घायल हो गए हैं। हमास के रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान ये बात सामने आई है। पुलिस के एक बयान में कहा गया कि ऑपरेशन के दौरान एक इजरायली बल कमांडर मारा गया। गजान के पैरामेडिक्स और निवासियों ने कहा कि हमले में कई लोग मारे गए। बाजार और मस्जिद के आसपास पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के क्षत-विक्षत शव बिखरे पड़े थे। इजरायल ने बचाए गए बंधकों का नाम नोआ अर्गामानी, 26, अल्मोग मीर जान, 22, एंड्री कोजलोव, 27 और श्लोमी जिव, 41 बताया है। इजरायली सेना ने कहा कि उन्हें मेडिकल चेकअप के लिए अस्पताल ले जाया गया और अब उनका स्वास्थ्य ठीक है।

### एयर कनाडा के विमान में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**टोरंटो।** टोरंटो पियर्सन इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाले एक यात्री विमान में कुछ ही मिनट के बाद आग लग गई। एयर कनाडा का यह विमान पेरिस जा रहा था। विमान में 389 यात्री और चालक दल के 13 सदस्य सवार थे। चालक दल ने तुरंत ही पीएएन-पीएएन घोषित किया। अंतराष्ट्रीय स्तर पर यह तात्कालिक मानक संकट संकेत है। बाद में विमान वापस एयरपोर्ट पर लौट आया और इस दौरान कोई भी चोटिल या हताहत नहीं हुआ। बोइंग 777 विमान जब रनवे पर दौड़ ही रहा था कि एयर ट्रैफिक कंट्रोलर ने विमान के दाहिने इंजन से आग की लपटें उठती देखी और तुरंत चालक दल को सतर्क किया गया। जमीन पर मौजूद लोगों ने इंजन से आग निकलते देखकर इस घटना को अपने कैमरों में कैद कर लिया। सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। विमान के एयरपोर्ट पर लैंड करते ही आग बुझाई गई और एहतियाती कदम उठाए गए। विमान के इंजन में आग लगने की वजह अभी सामने नहीं आ सकी है। हादसे का कारण जानने के लिए जांच टीम बनाई गई है।

### अजगर का पेट फाड़कर महिला को निकाला

**जकार्ता।** इंडोनेशिया में साउथ सुलावेसी प्रांत के कालेंपांग की रहने वाली 45 साल की महिला फरीदा अचनाक गायब हो गई। चार बच्चों की मां गुरुवार को घर वापस नहीं आई तो परिवार वालों को चिंता होने लगी। गांव के मुखिया ने एएफपी को बताया कि महिला की तलाश शुरू की गई। उसके पति को महिला की कुछ चीजें बिखरी पड़ी मिलीं। इसके बाद जब उस इलाके की ठीक से तलाशी ली गई तो एक आजगर मिला जिसका पेट बढ़ा हुआ था। इसके बाद लोगों ने कहा कि अजगर का पेट फाड़कर देखना चाहिए। पेट फाड़ा गया तो पहले फरीदा का सिर दिखा। इसके बाद पूरा शरीर अजगर के पेट में सही सलामत मिला। यहां तक कि फरीदा के शरीर पर सारे कपड़े भी मौजूद थे। हालांकि फरीदा की मौत हो चुकी थी।

### गर्मी के प्रभाव को कम करने वातानुकूलित टेंट और कूलिंग मिस्ट लगाए

# भीषण गर्मी के चलते हज यात्रियों के लिए सऊदी सरकार ने जारी की एडवाइजरी



एजेंसी ■ रियाद

हज करने दुनियाभर से लाखों मुसलमान मक्का पहुंच रहे हैं। सऊदी अरब सरकार ने हज यात्रा को पूरा करने के लिए बड़े पैमाने पर तैयारियां की हैं। सऊदी सरकार ने हज यात्रियों को बेहतर सुविधा के लिए जरूरी कदम उठाए हैं, लेकिन भीषण गर्मी के चलते हज यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। मक्का शहर में बढ़ते तापमान से बचने के लिए जरूरी कदम उठाने की सलाह दी है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक 2024 में हज यात्रा के दौरान सऊदी सरकार की एजेंसियों ने मक्का में असाधारण रूप से उच्च तापमान का अनुमान लगाया है। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से कहा गया है कि मक्का और मदीना दोनों शहरों में तापमान सामान्य से 1.5 से 2 डिग्री सेल्सियस ज्यादा हो सकता है। आने वाले हफ्ते में मक्का में अधिकतम तापमान 48 डिग्री तक जा सकता है।

सऊदी में इस समय दुनिया भर से करीब 20 लाख से ज्यादा लोग हज पहुंच रहे हैं। इस साल हज 14 जून से शुरू होगा। हज कई दिनों चल चलता हैं जिसमें कई अरकान पूरे किए जाते हैं। जो ज्यादातर मक्का और उसके आसपास के इलाकों में होते हैं। इस दौरान दोनों ही शहरों में तापमान 45 से 48 से आसपास है। भीषण गर्मी का सामना हज यात्रियों को करना पड़ेगा। सऊदी सरकार ने यात्रियों को भीषण गर्मी के बारे में अलर्ट जारी करते हुए ग्लोबल वार्मिंग के खिलाफ स्थिरता और सुरक्षात्मक उपायों के महत्व पर जोर दिया है। पिछले साल हज के दौरान 1800 से ज्यादा लोग गर्मी से बीमार हो गए थे। सऊदी सरकार ने गर्मी के प्रभाव को कम करने के लिए वातानुकूलित टेंट और कूलिंग मिस्ट उपलब्ध करा रहे हैं। साथ ही पर्याप्त पानी की आपूर्ति की जरुरत और भोजन को ताजा रखने के लिए प्रशीतित परिवहन पर भी जोर दिया जा रहा है। इसके बावजूद गर्मी के चलते लोगों के बीमार होने का अंदेशा है। इसलिए अर्जेंट ट्रैवल एडवाइजरी लागू करते हुए लोगों से भी सभी एहतियाती कदम उठाने को कहा गया है ताकि गर्मी से बचते हुए हज के सारे अरकान पूरे किए जा सकें।

# चीनी नागरिकों पर हमलों को लेकर जिनपिंग ने पाकिस्तान को लताड़ा

### कर्मियों, परियोजनाओं और संगठनों की सुरक्षा की गारंटी देनी होगी





एजेंसी ■ बीजिंग

पाकिस्तान इस समय कंगाली के दौर से गुजर रहा है और वह अपने दोस्तों के आगे हाथ फैलाने को मजबूर हैं। वहीं पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ पांच दिन का चीन दौरा पूरा करके इस्लामाबाद वापस आ गए हैं। इस दौरान शरीफ चीन के राष्ट्रपति समेत चीन के बड़े नेताओं से मुलाकात की और तमाम मुद्दों पर चर्चा की। इस्लामाबाद ने इसे शरीफ के दौरे को सफल बताया है, जिसमें चीन ने पाकिस्तान में कई प्रोजेक्ट पर आगे बढ़ने की बात कही है।

पाकिस्तान इस दौरे में चीन से सीपीईसी के लिए लोन और निवेश की उम्मीद कर रहा था। चीन ने शहबाज शरीफ को भरोसे तो दिलाया है साथ ही कुछ कड़वे अनुभवों का भी उनको सामना करना पड़ा। पाकिस्तान में चीनी नागरिकों पर हमलों को लेकर चीन ने शहबाज को लताड़ा और उनसे चीनी नागरिकों को सुरक्षा देने को कहा। एक रिपोर्ट के मुताबिक चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पाकिस्तानी प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ से कहा कि उनका देश पाकिस्तान के साथ आर्थिक संबंधों को बढ़ाना चाहता है लेकिन सुरक्षा एक मुद्दा है। चीन उम्मीद करता है कि इस्लामाबाद एक सुरक्षित और स्थिर व्यापारिक माहौल बनाएगा। शी ने कहा कि चीन पाकिस्तान के साथ उच्च गुणवत्ता वाले निर्माण को बढ़ावा देना जारी रखेगा और स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार कृषि, खनन, सामाजिक और आजीविका मामलों में सहयोग करता रहेगा।

शी जिनपिंग ने शरीफ से कहा कि चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे को उन्नत करने के लिए वह तेजी से काम करेंगे और हरित उद्योग पर भी पाक की मदद करेंगे। शी ने शरीफ से कहा कि उनको भी पाकिस्तान में चीनी कर्मियों, परियोजनाओं और संगठनों की सुरक्षा की प्रभावी ढंग से गारंटी देनी होगी। शहबाज शरीफ ने शी जिनपिंग से कहा कि पाकिस्तान बेल्ट और रोड परियोजनाओं पर चीन के साथ सहयोग और मजबूत करेगा और चीनी कर्मियों और संस्थानों को सुरक्षा देने के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगा। शरीफ ने वादा किया कि पाकिस्तान सरकार चीनी कर्मचारियों को निशाना बनाने वाले आतंकवादियों को सख्त से सख्त सजा देगी।

### फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने गाजा में किया युद्ध विराम का आह्वान

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से मुलाकात के दौरान गाजा में तत्काल युद्ध विराम का आग्रह किया। बाइडेन फ्रांस की यात्रा पर हैं। मैक्रों ने हाल ही में एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि नौ महीने के संघर्ष के बाद रफा में स्थिति काफी दयनीय है। मरने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है, ये अस्वीकार्य है। एक समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इजरायल गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए सभी क्रॉसिंग पॉइंट नहीं खोल रहा है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय कई महीनों से ये मांग कर रहा है। बाइडेन ने कहा कि वे सभी बंधकों की घर वापसी और गाजा में युद्ध विराम के लिए काम करना जारी रखेंगे।

# इजराइली हमलों में अब तक 36 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनियों की मौत



### संयुक्त राष्ट्र द्वारा संचालित स्कूल पर इजरायली हमले में 3 की मौत, कई घायल

एजेंसी ■ गाजा पट्टी

गाजा में हमास और इजराइल जंग जारी है। इस बीच इजराइल द्वारा गाजा में किए गए हमलों में मारे गए बेगुनाह फिलिस्तीनी के आंकड़े जारी किए हैं। गाजा में फिलिस्तीनियों की मौत का आंकड़ा बढ़कर 36,731 हो गई है जिसमें मासूम बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं।

गाजा स्थित स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारी ने बताया कि गाजा पट्टी पर चल रहे इजरायली-हमास संघर्ष शुरू होने के बाद से गाजा पट्टी पर इजरायली सुरक्षाबलों के हमलों में फिलिस्तीनियों की मौत की संख्या बढ़कर 36,731 हो गई है, जबकि 83,530 लोग घायल हो हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 24 घंटों में इजरायली सुरक्षाबलों के हमलों में 77 मारे गए हैं और 221 घायल हुए हैं। इजराइल द्वारा की गई भारी बमबारी और बचाव दल की कमी होने के कारण कुछ लोग अभी भी मलबे में दबे हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गाजा शहर में अल-शती शरणार्थी शिविर में संयुक्त राष्ट्र यूएनआरडब्ल्यूए द्वारा संचालित एक स्कूल पर इजरायली हवाई हमले में तीन लोगों की मौत हो गई और सात घायल हो गए हैं। वहीं, इजरायली सेना का कहना है कि उसके हवाई हमलों ने वहां छिपे हमास आतंकवादियों को निशाना बनाया है। गाजा में अब तक 150 यूएनआरडब्ल्यूए स्कूलों पर इजरायल ने हमला किया है। इन्हीं स्कूलों को विस्थापित के लिए राहत शिविर बनाया गया था।

# बंगाल की खाड़ी में सुरक्षा के लिहाज से गेमचेंजर बनेगी बैट्री वाली पनडुब्बी



एजेंसी ■ बर्लिन

भारतीय नौसेना अपने प्रोजेक्ट-75 के तहत छह पनडुब्बी खोज रही है। इन पनडुब्बियों में लिथियम-आयन बैटरी के साथ फ्यूल सेल एयर-इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन तकनीक होगी, जो उन्हें लंबी अवधि तक समुद्र की गहराइयों में छिपने और तेज गति से बिनी अपनी लोकेशन बताए लक्ष्य तक पहुंचने की क्षमता देगा। भारतीय नौसेना सबसे बड़ी और सबसे तेज बनकर प्रतिस्पर्धा में बढ़त बनाए रखना नहीं चाहती, बल्कि सबसे शांत और घातक बनकर प्रतिस्पर्धा में बढ़त बनाए रखना चाहती है। जर्मन शिपबिल्डर थिसेनक्रुप भारत का कॉन्ट्रैक्ट लेने में सबसे आगे है। उसने अपनी 214-क्लास पनडुब्बियों की पेशकश की है।रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय नौसेना की आवश्यकता के हिसाब से इसे बनाया जाएगा। ईंधन-सेल-आधारित एआईपी सिस्टम और लिथियम-आयन बैटरी का संयोजन भारतीय नौसेना के लिए एक गेम-चेंजिंग क्षमता लाएगा। चीन की बड़ी नौसेना के मुकाबले भारतीय नौसेना को एक विश्वसनीय पनडुब्बी बल की जरूरत है। ईंधन-सेल एआईपी पनडुब्बी को कम गति पर लंबी दूरी तक चलने की इजाजत देता है। जबकि लिथियम-आयन बैटरी इसे उसके टार्गेट पर पहुंचने के लिए हाई स्पीड से चलने की इजाजत देता है। यूरोपीय देश इसका इस्तेमाल नहीं करते, लेकिन जापान करता रहा है। फ्रुहलिंग के मुताबिक पनडुब्बी लंबे समय तक पानी के नीचे रह सकेगी और हाई स्पीड से चल पाएगी, जो इसे और भी घातक बनाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना की पनडुब्बी पानी में रहते हुए पूरे बंगाल की खाड़ी को कवर कर सकेगी।ये 212 सीडी पनडुब्बियों के उन्नत तकनीकी पहलुओं को एआईपी टेक्नोलॉजी से लैस करता है। 212 सीडी-क्लास पनडुब्बियां विशेष रूप से नॉर्वेजियन नौसेना के लिए बनाई गई हैं और बाल्टिक सागर में उनकी परिचालन आवश्यक्ताओं के हिसाब से बनाई गई हैं।

### जीसस क्राइस्ट के जन्म से 1700 साल पहले भी हुआ था न्यूक्लियर वॉर

**लंदन।** शोधकर्ताओं का दावा है कि उन्हें इस बात के सबूत मिले हैं कि जीसस क्राइस्ट के जन्म से 1700 साल पहले भी न्यूक्लियर वॉर हुआ था। इस युद्ध ने इंसानों की जींस तक बदल दी।

एक रिपोर्ट के मुताबिक बिली कार्सन नाम के एक वैज्ञानिक का दावा है कि उन्हें परमाणु धमाके के साफ साफ सबूत मिले हैं। जो रोगन के पॉडकास्ट में आए बिली कार्सन नाम के वैज्ञानिक ने दावा किया कि उन्होंने पाकिस्तान में मौजूद मोहेनजोदाडरो सभ्यता के पुरातात्विक स्थलों का दौरा किया। यहां उन्हें परमाणु धमाके के सबूत मिले। उन्होंने बताया कि इमारतें शीशा बन चुकी हैं और शव अब भी सड़कों पर पड़े हैं। जो कंकाल मिले हैं, उनमें लोग अपने हाथों को पकड़े दिख रहे हैं। इनसे पता चलता है कि रेडिएशन का लेवल काफी हाई था और इन्हें जानवरों ने भी नहीं खाया। बिली कार्सन ने बताया कि मोहेनजोदारो की सभ्यता काफी एडवांस थी।

### अमेरिका की बढ़ी दिक्कत

# क्यूबा पहुंच रही रूसी परमाणु पनडुब्बी पलट सकती है युद्ध का रुख



एजेंसी ■ मॉस्को

अमेरिका और रूस के बीच तनाव और ज्यादा बढ़ने का अंदेशा है। वजह ये है कि क्यूबा की ओर से बताया गया है कि रूस से एडवांस यासेन-एम श्रेणी की परमाणु-संचालित क्रूज मिसाइल पनडुब्बी कजान, तीन रूसी नौसैनिक जहाज- प्रोजेक्ट 22350 फ्रिगेट एडमिरल गोर्शकोव, ऑयल टैंकर पशिन और टग निकोलाई चिकर 12-17 जून तक क्यूबा की राजधानी में डॉक करेगा। हालांकि क्यूबा ने साफ किया है कि मॉस्को और वाशिंगटन के बीच तनाव को कम करने के लिए रूसी नौसेना के जहाजों में से कोई भी परमाणु हथियार नहीं ले जाएगा।

रूस की यासेन श्रेणी की पनडुब्बी पिछली पीढ़ी के रूसी एसएसजीएन के मुकाबले काफी ज्यादा मॉडर्न है। क्रूज मिसाइल प्लेटफार्मों की तुलना में ये कहीं ज्यादा उपयोगी है, ये सामान्य प्रयोजन के हमले वाली नौकाओं के साथ-साथ खुफिया जानकारी एकत्र करने वालों और संभावित रूप से विशेष मिशन प्लेटफार्मों के तौर पर काम करने में भी सक्षम हैं। यासेन क्लास पनडुब्बियों की क्षमता पर बात करते हुए यूएस-कनाडाई उत्तरी अमेरिकी एयरोस्पेस रक्षा कमान के प्रमुख ग्लेन वानहर्क ने अमेरिकी पनडुब्बियों के टक्कर की बताया है।ध्यान देने की बात है कि कजान और एडमिरल गोर्शकोव विशेष रूप से मॉडर्न और कैपेबल एसेट हैं। कजान और एडमिरल गोर्शकोव दोनों वर्टिकल लॉन्च सिस्टम साइलोस से लैस हैं, जो कैलिब्र लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलों को अकोमोडेट कर सकते हैं। इसका इस्तेमाल एंटीशिप स्ट्राइक और जमीनी हमले के साथ-साथ ओनिक सुपरसोनिक एंटीशिप क्रूज मिसाइलों के लिए किया जा सकता है।

### वायरल | डॉक्टर ने सुनी कहानी तो वह भी हो गया हैरान

# जुडवा बहनें करती है एक ही मर्द से प्यार, बच्चे भी चाहती है साथ में



एजेंसी ■ सिडनी

आज हम आपको एक ऐसी जुड़वा बहनों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो एक ही मर्द से प्यार कर बैठीं। अब तीनों एक साथ एक ही घर में रहते हैं, लेकिन हाल ही में दोनों बहनें डॉक्टर के पास गईं और बच्चा पैदा करने के लिए एक स्पेशल डिमांड रखीं। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

ये दोनों ऑस्ट्रेलिया की रहने वाली हैं और इनका नाम एना डेसिंके और लुसी डेसिंके है। वीडियो में देखा जा सकता है कि दोनों बहनें डॉक्टर के पास बैठी हुई हैं। डॉक्टर उनके पार्टनर्स के बारे में पूछता है। वो बतलाती हैं कि हम दोनों एक ही मर्द से प्यार करते हैं और उसे एक दूसरे के साथ शेयर करते हैं। डॉक्टर हैरानी से उन्हें देखता है। इसके बाद एना और लुसी डॉक्टर से कहती हैं कि हमारे बॉयफ्रेंड का नाम बेन है। हम दोनों प्रेग्नेंट होना चाहते हैं, वो भी एक साथ। क्या ये संभव है? डॉक्टर ने उन्हें आश्वासन दिया कि बिल्कुल ये हो सकता है। इसके बाद डॉक्टर ने कहा कि मैंने जब उनकी स्टोरी सुनी तो हैरान रह गया।

बता दें कि ये जुड़वा बहनें काफी समय से एक साथ प्रेग्नेंट होने की कोशिश कर रही हैं। अलग-अलग डॉक्टरों से मिल रही हैं। आपको जानकर हैरानी होगी, लेकिन बता दें कि ये जुड़वा बहनें एक ही तरह के कपड़े पहनने से लेकर एक साथ बाथरूम जाने तक, सारे के सारे काम एक साथ ही करती हैं। ऐसे में अब ये एक साथ प्रेग्नेंट होना भी चाहती हैं। ऑस्ट्रेलिया के पर्थ की रहने वाली एना और लुसी दोनों 38 साल की हैं। साल 2021 से ही ये एक साथ प्रेग्नेंट होने का प्रयास कर रही हैं, लेकिन सफलता अब तक नहीं मिली। यूं तो एना और लुसी सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव हैं और अपने वीडियोज शेयर करती रहती हैं। लेकिन डॉक्टर से मिलने का यह वीडियो देखते ही देखते वायरल हो गया। अब तक इस वीडियो को 80 लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है, लाखों लोगों ने इसे लाइक और शेयर किया है। वीडियो पर भर-भरके कमेंट्स भी आ रहे हैं।

# पहली बार किसी सार्वेजानिक कार्यक्रम में दिखाई दी पुतिन की दोनों बेटियां

एजेंसी ■ सेंट पीटर्सबर्ग

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की दुनिया काफी रहस्यमयी है। पुतिन से भी ज्यादा रहस्यमयी उनका परविार है। आमतौर पर उनका परिवार कभी नजर नहीं आता। लेकिन हाल ही में उनकी दोनों बेटियां सेंट पीटर्सबर्ग में आयोजित एक प्रमुख आर्थिक फोरम में दिखाई दी। पुतिन की बेटियों का दिखाना बेहद दुर्लभ पल बताया जा रहा है। क्योंकि आमतौर पर पुतनि अपनी बेटियों को किसी और चीज में सक्रिय करते दिखाई नहीं देते है। इसलिए जब लोगों ने उन्हें देखा तब चौंक गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक पुतिन अपने पारिवारिक जीवन के बारे में कभी कोई जानकारी नहीं देते। लेकिन 39 साल की मारिया वोरोन्त्सोवा और 37 साल की कतेरीना तिखोनोवा को उनकी बेटी माना जाता है। हालांकि, कभी खुद पुतनि ने उनके बारे में कभी पुष्टि नहीं की। न ही कभी उनके साथ कोई फोटो खिंचवाते हैं। एक भी तस्वीर उनके साथ नहीं मिलेगी। 2022 में अमेरिका ने इन दोनों को पुतनि की बेटी बताकर प्रतिबंधित किया था। तिखोनोवा रूसी सेना के लिए काम करती हैं और उन्हें आईटी के बारे में सपोर्ट करती हैं।

# पैर पर कुल्हाड़ी मारने वाला भरोसा

कहते हैं दो लोगों के रिश्ते तभी तक चलते हैं, जब तक कि दोनों के दरमियां एक भरोसा कायम है। जहां किसी एक का भी भरोसा टूटा, रिश्ता लंगड़ा-लूला, गूंगा-बहरा यानी कि अपंगता को प्राप्त हो जाता है। ऐसा रिश्ता बहुत दिनों तक ढोया नहीं जा सकता। इसलिए वक्त से पहले दरारों को भरने और किसी प्रकार का कोई भ्रम पैदा न हो, इसकी कोशिशें भी करते रहने की सलाह दी जाती है। बहरहाल यहां बात हम पारिवारिक पति-पत्नी वाले रिश्तों की नहीं कर रहे बल्कि दो देशों के बीच बनने वाले प्रगाढ़ रिश्तों की कर रहे हैं। याद दिलाते चलें कि जिस पड़ोसी की बात हम करने जा रहे हैं, उससे हमारे रिश्ते पहले कभी भाई-भाई के रहे हैं। जब भरोसा परवान चढ़ा और तत्कालीन सरकार ने हर तरह के रास्ते खोलने और करीबी रिश्तों में आने की बात कही तो सीमा पार से उसी ने एक बड़ा धोखा दिया और हिंदी-चीनी भाई-भाई वाले रिश्ते पलभर में ही जमींदोज हो गए। आज वही चीन एक बार फिर अपना असली चेहरा दिखाने को तैयार दिख रहा है। दरअसल इस दुनियां की जन्नत कहे जाने वाले हमारे जम्म-कश्मीर को लेकर चीन ने पाकिस्तानी राग के साथ अपना बेसुरा राग मिलाने जैसा काम कर दिखाया है। अब पाकिस्तानी-चीनी भाई-भाई के नारे बुलंद करते ये दोनों ही मुल्क भारत के खिलाफ जहर उगलने का काम कर रहे हैं। पाक और चीन ने शनिवार को ही संयुक्त बयान में दक्षिण एशिया में कश्मीर सहित सभी लंबित मुद्दों के समाधान के लिए किसी भी एकतरफा कार्रवाई का विरोध करने का एहद किया है। यहां समझ लें कि पाकिस्तान के लिए ऐसा इसलिए भी जरुरी है क्योंकि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ चीन यात्रा पर हैं। ऐसे में यदि पीएम शहबाज कश्मीर की बात नहीं करते तो वो अपने आकाओं और रणनीतिकारों के सामने कौन सा मुंह लेकर जाते और ऐसे में तो वो जवाबदेह बन जाते। उनकी मजबूरी तो समझ में आती है, लेकिन चीन और उनके रणनीतिकारों को क्या हो गया है, जो भारत के खिलाफ इस कदर जहर उगलने को बाध्य हो रहे हैं। चीन तो पाकिस्तान की तरह राजनीतिक और आर्थिक संकट के दौर से तो नहीं गुजर रहा है। उसे तो सच बोलना चाहिए और सच का ही साथ देना चाहिए, लेकिन वह ऐसा जानबूझ कर करता है, ताकि बेमतलब



दबाव बनाया जा सके और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत को दबाने और अपनी मर्जी से कुछ और गलत कार्यों को करने का रास्ता बना सके।

गौरतलब है कि दोबारा प्रधानमंत्री बनने के बाद शहबाज शरीफ अपनी चार दिवसीय चीन यात्रा पर थे, जो कि अब समाप्त हो चुकी है, लेकिन इस दौरान वो अपने मकसद को पाने में सफल रहे हैं। दरअसल इस यात्रा से चीनी निवेश और सहायता को बढ़ाने का मकसद तो था सो था लेकिन उन्हें यह भी दिखलाना था कि चीन उनके साथ हर स्थिति में खड़ा हुआ है।

# आर्थिक विकास के दृष्टि से वित्तीय वर्ष 2023-24 भारत के लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ



■ प्रहलाद सबनानी

**हाल ही में वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था में हुए विकास से सम्बंधित आंकड़े जारी किये गए है। इसके अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत की आर्थिक विकास दर 7 प्रतिशत की रही थी।**

भारतीय रिजर्व बैंक एवं वैश्विक स्तर पर कार्यरत विभिन्न वित्तीय संस्थानों ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक विकास दर का अनुमान लगाते हुए कहा था कि यह 7 प्रतिशत के आसपास रहेगी। परंतु, वित्तीय 2023-24 के दौरान भारत की आर्थिक विकास दर इन अनुमानों से कहीं अधिक रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में भी भारत की आर्थिक विकास दर 7.8 प्रतिशत रही है जो पिछले वित्तीय वर्ष की चौथी तिमाही में 6.1 प्रतिशत रही थी। पूरे विश्व में प्रथम 10 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की आर्थिक विकास दर भारत की आर्थिक विकास दर के कहीं आसपास भी नहीं रही है। अमेरिका की आर्थिक विकास दर 2.3 प्रतिशत, चीन की आर्थिक विकास दर 5.2 प्रतिशत, जर्मनी की आर्थिक विकास दर तो ऋणात्मक 0.3 प्रतिशत रही है। जापान की आर्थिक विकास दर 1.92 प्रतिशत, ब्रिटेन की 0.1 प्रतिशत, फ्रान्स की 0.9 प्रतिशत, ब्राजील की 2.91 प्रतिशत, इटली की 0.9 प्रतिशत एवं कनाडा की 1 प्रतिशत रही है, वहीं भारत की आर्थिक विकास दर 8.2 प्रतिशत रही है। 8 प्रतिशत से अधिक की विकास दर को देखते हुए अब तो ऐसी सम्भावना व्यक्त की जा रही है कि वर्ष 2027 तक जर्मनी एवं जापान की अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़ते हुए भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था निश्चित ही बन जाएगा। विनिर्माण, खनन, भवन निर्माण एवं सेवा क्षेत्र, यह चार क्षेत्र ऐसे हैं जो भारत के सकल घरेलू उत्पाद को तेजी से आगे बढ़ाने में अपना विशेष योगदान देते हुए नजर आ रहे हैं। यह स्पष्ट रूप से केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के चलते ही सम्भव हो पा रहा है।

वास्तविक सकल मान अभिवृद्धि के आधार पर, वित्तीय वर्ष 2023-24 की चतुर्थ तिमाही में विनिर्माण के क्षेत्र में 8.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 की इसी अवधि में केवल 0.9 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की जा सकी थी। इसी प्रकार, खनन के क्षेत्र में भी इस वर्ष की चतुर्थ तिमाही में वृद्धि दर 4.3 प्रतिशत की रही है जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 2.9 प्रतिशत की रही थी। भवन निर्माण के क्षेत्र में 8.7 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की गई है जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 7.4 प्रतिशत की रही थी। नागरिक प्रशासन, सुरक्षा एवं अन्य सेवाओं के क्षेत्र में वृद्धि दर 4.7 प्रतिशत से बढ़कर 7.8 प्रतिशत हो गई है। ऊर्जा उत्पादन क्षेत्र में वृद्धि दर पिछले वर्ष की चौथी तिमाही में 7.3 प्रतिशत से बढ़कर इस



वर्ष चौथी तिमाही में 7.7 प्रतिशत पर पहुंच गई है। परंतु, कृषि, सेवा एवं वित्तीय क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में वृद्धि दर पिछले वर्ष की इसी तिमाही की तुलना में कुछ कम रही है।

वैश्विक स्तर पर अन्य देशों के सकल घरेलू उत्पाद में लगातार कम हो रही वृद्धि दर के बावजूद भारत के सकल घरेलू उत्पाद में तेज गति से वृद्धि दर का होना यह दर्शाता है कि अन्य देशों की अर्थव्यवस्थाओं में आ रही परेशानियों का असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर नहीं के बराबर हो रहा है एवं भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी आंतरिक शक्ति के बल पर तेज गति से आर्थिक वृद्धि करने में सफल हो रही है।

परंतु, भारत में कुछ क्षेत्र ऐसे भी हैं जिन पर, आर्थिक विकास की गति को और अधिक तेज करने के उद्देश्य से विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। जैसे, हाल ही के समय में भारत में निजी खपत नहीं बढ़ पा रही है और यह 4 प्रतिशत की दर पर ही टिकी हुई है। साथ ही, निजी क्षेत्र में पूंजी निवेश भी नहीं बढ़ पा रहा है। भारत में निजी खपत कुल सकल घरेलू उत्पाद का 60 प्रतिशत है। यदि सकल घरेलू उत्पाद के इतने बड़े हिस्से में वृद्धि नहीं होगी अथवा कम वृद्धि दर होगी तो देश में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर भी विपरीत रूप से प्रभावित होगी। भारत में निजी खपत इसलिए भी नहीं बढ़ पा रही है क्योंकि वित्तीय वर्ष 2022-23 में घरेलू देयताएं सकल घरेलू उत्पाद के 5.7 प्रतिशत के उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गईं हैं एवं बचत की दर भी सकल घरेलू उत्पाद के 5.2 प्रतिशत पर अपने निचले स्तर पर आ गई है, जो 10 वर्ष पूर्व 7 प्रतिशत से अधिक थी।

वहीं दूसरी ओर, दिसम्बर 2023 के प्रथम सप्ताह में भारत ने फ्रान्स एवं ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए शेयर बाजार के पूंजीकरण के मामले में पूरे विश्व में पांचवा स्थान हासिल कर लिया था। भारत से आगे केवल अमेरिका, चीन, जापान एवं हांगकांग थे। परंतु, केवल दो माह से भी कम समय में भारत ने शेयर बाजार के पूंजीकरण के मामले में हांगकांग को पीछे छोड़ते हुए विश्व में चौथा स्थान प्राप्त कर लिया है। भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण 4.35 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से भी अधिक का हो गया है। अब ऐसा आभास होने लगा है कि भारत अर्थ के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अपनी खोई हुई प्रतिष्ठा को पुनः प्राप्त करता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत में नैशनल स्टॉक एक्स्चेंज पर लिस्टेड समस्त कम्पनियों के कुल बाजार पूंजीकरण का स्तर 2 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर जुलाई 2017 में पहुंचा था और लगभग 4 वर्ष पश्चात अर्थात मई 2021 में 3 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर गया था तथा केवल लगभग 2.5 वर्ष पश्चात अर्थात दिसम्बर 2023 में यह 4 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को भी पार कर गया था और अब यह 4.35 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर से भी आगे निकल गया है। इस प्रकार भारत शेयर बाजार पूंजीकरण के मामले में आज पूरे विश्व में चौथे स्थान पर आ गया है।

प्रथम स्थान पर अमेरिकी शेयर बाजार है, जिसका पूंजीकरण 50.86 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। द्वितीय स्थान पर चीन का शेयर बाजार है जिसका पूंजीकरण 8.44 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। वर्ष 2023 में चीन के शेयर बाजार ने अपने निवेशकों को ऋणात्मक प्रतिफल दिए हैं। तीसरे स्थान पर जापान का शेयर बाजार है जिसका पूंजीकरण 6.36 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है।

# पर्यावरण भी माता है इसकी रक्षा करें



**पर्यावरण शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है, परि और आवरण जिसमें परि का मतलब है हमारे आसपास या कह लें कि जो हमारे चारों ओर है। वहीं आवरण का मतलब है जो हमें चारों ओर से घेरे हुए है।विश्व पर्यावरण दिवस हर साल 5जून को मनाया जाता है, पर्यावरण जलवायु, स्वच्छता, प्रदूषण तथा वृक्ष का सभी को मिलाकर बनता है, और ये सभी चीजें यानी कि पर्यावरण हमारे दैनिक जीवन से सीधा संबंध रखता है और उसे प्रभावित करता है। मनुष्य और पर्यावरण एक-दूसरे पर निर्भर होते हैं। पर्यावरण जैसे जलवायु प्रदूषण या वृक्षों का कम होना मानव शरीर और स्वास्थय पर सीधा असर डालता है। मानव की अच्छी-बुरी आदतें जैसे वृक्षों को सहेजना, जलवायु प्रदूषण रोकना, स्वच्छाता रखना भी पर्यावरण को प्रभावित करती है।**

संजय गोस्वामी

मनुष्य की बुरी आदतें जैसे पानी दूषित करना, बर्बाद करना, वृक्षों की अत्यधिक मात्रा में कटाई करना आदि पर्यावरण को बुरी तरह से प्रभावित करती है। जिसका नतीजा बाद में मानव को प्राकर्तिक आपदाओं का सामना करके भुगतना ही पड़ता है। पर्यावरण और प्रकृति ञ्च पर्यावरण के जैविक संघटकों में सूक्ष्म जीवाणु से लेकर कीड़े-मकोड़े, सभी जीव-जंतु और पेड़-पौधों के अलावा उनसे जुड़ी सारी जैव क्रियाएं और प्रक्रियाएं भी शामिल हैं। जबकि पर्यावरण के अजैविक संघटकों में निर्जीव तत्व और उनसे जुड़ी प्रक्रियाएं आती हैं, जैसे-पर्वत, चट्टानें, नदी, हवा और जलवायु के तत्व इत्यादि। सामान्य अर्थों में यह हमारे जीवन को प्रभावित करने वाले सभी जैविक और अजैविक तत्वों, तथ्यों, प्रक्रियाओं और घटनाओं से मिलकर बनी इकाई है। यह हमारे चारों ओर व्याप्त है और हमारे जीवन की प्रत्येक घटना इसी पर निर्भर करती और संपादित होती हैं। मनुष्यों द्वारा की जाने वाली समस्त क्रियाएं पर्यावरण को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करती हैं।

इस प्रकार किसी जीव और पर्यावरण के बीच का संबंध भी होता है, जो कि एक-दूसरे पर आश्रित (अन्योन्याश्रित) है।मानव हस्तक्षेप के आधार पर पर्यावरण को दो भागों में बांटा जा सकता है, जिसमें पहला है प्राकृतिक या नैसर्गिक पर्यावरण और मानव निर्मित पर्यावरण। यह विभाजन प्राकृतिक प्रक्रियाओं और दशाओं में मानव हस्तक्षेप की मात्रा की अधिकता और न्यूनता के अनुसार है। पहला विश्व पर्यावरण दिवस ञ्च संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित यह दिवस पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर जागरूकता लाने के लिए मनाया जाता है। इसकी शुरुआत 1972 में 5 जून से 16 जून तक संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा आयोजित विश्व पर्यावरण सम्मेलन से हुई। 5 जून 1973 को पहला विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। ञ्च आज के युग में पर्यावरण प्रदूषण बहुत तेजी से बढ़ रहा है। बढ़ती जनसंख्या और बड़ी-बड़ी इमारतों के कारण पर्यावरण की प्रकृति नष्ट हो रही है। हर जगह-जगह घने वृक्ष काट कर बड़ी बिल्डिंगों का निर्माण करना पर्यावरण और प्रकृति के साथ छेड़छाड़ हैं। इतना ही नहीं जहां वाहनों का धुआं, मशीनों की आवाज, खराब रासायनिक जल आदि की वजह से, वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण हो रहा है। जिसके कारण हमें अनेक बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। अतः आज हमें सबसे ज्यादा जरूरत है पर्यावरण संकट के मुद्दे पर आम जनता को जागरूक करने की। पर्यावरणीय समस्याएं जैसे प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन इत्यादि मनुष्य को अपनी जीवनशैली के बारे में पुनर्विचार के लिए प्रेरित कर रही हैं और अब पर्यावरण संरक्षण और पर्यावरण प्रबंधन की आवश्यकता पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गई है पर्यावरण भी पृथ्वी की तरह हमारी माता है जिसकी रक्षा करना हम सभी का धर्म है।

## राजकाज



### दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का गठबंधन खत्म

आम आदमी पार्टी ने संविधान बचाने के लिए कांग्रेस से लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन किया था। लोकसभा चुनाव के परिणाम आए। पंजाब विधानसभा के भी चुनाव परिणाम सामने आए। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी को समझ में आ गया। यदि अस्तित्व बनाए रखना है,तो विधानसभा में अलग-अलग लड़ना है। लोकसभा में जरूर गठबंधन किया जा सकता है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता गोपाल राय ने आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच के गठबंधन की व्याख्या करते हुए कहा,यह स्थाई शादी की तरह गठबंधन नहीं था। अगले साल विधानसभा का चुनाव दोनों पार्टियों अलग-अलग चुनाव लड़ेंगी। दोनों के बीच सही शक्ति परीक्षण विधानसभा के चुनाव में होगा।

### बिहार में 6 सीटों पर हार

बिहार में आखिरी चरण की जिन आठ सीटों पर मतदान हुआ। उसमें 6 सीटों पर भाजपा और जनता दल यू हार गया राष्ट्रीय जनता दल को मिली। चार सीट जिसमें पाटिल पुत्र जहानाबाद और बक्सर आरा और कारकाट और सासाराम विपक्षी दलों के खाते में चली गई। प्रधानमंत्री जब आखिरी बार बिहार गए। उन्होंने बयान दिया, हेलीकॉप्टर का चक्कर समाप्त होते ही तेजस्वी जेल जाने को तैयार रहें।इस बयान के बाद सारे यादव एकजुट हो गए। लालू प्रसाद यादव की बेटी मीशा भारती चुनाव जीत गई। राजद के सुधाकर सिंह चुनाव जीत गए। कराकाट में उपेंद्र कुशवाहा चुनाव हार गए। सासाराम सीट पर भी इसका असर पड़ा। कुल मिलाकर एनडीए गठबंधन को 6 सीटों का नुकसान हुआ।

### लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष होंगे राहुल गांधी?

लोकसभा में कांग्रेस नेता, राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष होंगे। इस बात को लेकर अटकलें शुरू हो गई हैं। कांग्रेस लगभग 101 सीटों पर पहुंच गई है। पप्पू यादव सहित दो निर्दलीय सांसदों ने कांग्रेस में प्रवेश ले लिया है। नेता प्रतिपक्ष को कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिलता है। नेता प्रतिपक्ष के रूप में संसदीय मामलों में ज्यादा समय देना पड़ता है। राहुल गांधी पांचवीं बार लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए हैं।पिछली बार लोकसभा मे विपक्ष के नेता अधिरंजन चौधरी रहे हैं। इस बार वह चुनाव हार गए हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे राज्यसभा में हैं। यदि राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष बनने से इनकार करेंगे। ऐसी स्थिति में गौरव गोगोई या दीपेंद्र हुड्डा नेता प्रतिपक्ष बन सकते हैं। इसको लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

### सीटों की संख्या के आधार पर तवज्जो

एनडीए की सरकार में सीटों के अनुसार तवज्जो मिलती हुई दिख रही है। आंध्र प्रदेश के चंद्रबाबू नायडू एनडीए गठबंधन में सबसे ज्यादा सीटों वाले पार्टनर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें अपने बगल वाली कुर्सी दी है।उसके बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सीटों की संख्या के आधार पर तवज्जो दी गई है। एनडीए में जब तक इसी तरह की तरजीह मिलती रहेगी।

## फीचर



# बच्चों को डे-केयर में भेजने से पहले जान लें उसके फायदे और नुकसान

**कामकाजी अभिभावकों को अपने बच्चों को डे केयर में भेजना पड़ता है। डे केयर में बच्चों को पढ़ाने, खेलने के साथ ही खाना भी मिलता है पर अगर आपने अपनी ऐसी सोच बना रखी है कि डे केयर से अच्छा कुछ नहीं है या यहां बच्चों को भेजना सही है तो यह आपके गलतफहमी है।**

बच्चों को कहीं भी भेजने से पहले आपको उसके फायदे और नुकसान के बारे में पता होना चाहिए। जिन लोगों की आय कम है वे डे-केयर खोलकर बच्चों की अच्छी देखभाल करते हैं पर सभी के साथ ऐसा नहीं है। डे-केयर में बच्चों को डालने से पहले इसके नुकसान पर ही विचार करना जरूरी है।

**डे-केयर के फायदे:** अगर आपको बच्चों की देखभाल के लिए कोई सहायता चाहिए तो आया और डेयकेयर जैसे विकल्प होते हैं। एक आया को रखने के मुकाबले बच्चों को डे-केयर में भेजना ज्यादा सस्ता होता है। इसलिए ज्यादातर माता-पिता बच्चों को डे केयर में भेजने का निर्णय लेते हैं। डे-केयर के नियम हर माता-पिता के लिए एक जैसे होते हैं जिनका पालन करना जरूरी है जैसे बच्चे को छोड़ना और ले जाने के समय में कोई फेरबदल। इसके अलावा अभिभावकों के पास अन्य अभिभावकों से मिलने का मौका भी होता है जिससे वे एक दूसरे का सहयोग ले सकें। डे-केयर की सुविधा शुरु करने से पहले लाइसेंस की जरूरत होती है। इसलिए आपके बच्चे की सुरक्षा तो निश्चित है। डे-केयर में बच्चों की जरूरत की हर चीज मौजूद होती है जिससे बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास अच्छे से होता है। डेयकेयर में मौजूद लोग बच्चों की देखभाल में अनुभवी और प्रशिक्षित होते हैं। डे-केयर में बच्चों को विभिन्न तरह का ज्ञान दिया जाता है जैसे गाना, डांस और कहानी सुनना आदि।

## प्रेरणा

# सच्चे साधु की पहचान

महात्मा बुद्ध ने अपने शिष्यों को दीक्षा देने के बाद कहा,तुम जहां भी जाओगे, वहां तुम्हें अच्छे और बुरे दोनों प्रकार के लोग मिलेंगे। अच्छे लोग तुम्हारी बातें सुनेंगे और सहायता करेंगे। बुरे लोग तुम्हारी निंदा करेंगे और गालियां देंगे। तब तुम्हें कैसा लगेगा? एक गुणी शिष्य ने कहा,मैं किसी को बुरा नहीं समझता। कोई मेरी निंदा करेगा या मुझे गालियां देगा तो मैं समझूंगा कि वह भला व्यक्ति है क्योंकि उसने मुझे सिर्फ गालियां ही दीं, मुझ पर धूल तो नहीं फेंकी। बुद्ध ने पूछा,और यदि कोई तुम पर धूल फेंक दे तो? मैं उसे भला ही कहूंगा क्योंकि उसने धूल ही तो फेंकी, थप्पड़ तो नहीं मारा। और यदि कोई थप्पड़ मार दे तो क्या करोगे?मैं उन्हें बुरा नहीं कहूंगा क्योंकि उन्होंने मुझे थप्पड़ ही मारा, डंडा तो नहीं मारा। और कोई डंडा मार दे तो? मैं उसे धन्यवाद दूंगा क्योंकि उसने मुझे केवल डंडे से ही मारा, हथियार से नहीं।लेकिन मार्ग में तुम्हें डाकू भी मिल सकते हैं जो तुम पर घातक हथियार से प्रहार कर सकते हैं।



तो क्या? मैं तो उन्हें दयालु ही समझूंगा, क्योंकि वे मारते ही हैं, मार नहीं डालते और यदि वे तुम्हें मार ही डालें तो? शिष्य बोला,इस जीवन और संसार में केवल दुख ही है। जितना अधिक जीवित रहूंगा उतना दुख देखना पड़ेगा। जीवन से मुक्ति के लिए आत्महत्या करना तो महापाप है। शिष्य के वचन सुनकर बुद्ध बोले-तुम धन्य हो। वास्तव में तुम सच्चे साधु हो। सच्चा साधु किसी भी दशा में दूसरे को बुरा नहीं समझता। जो दूसरों में बुराई नहीं देखता, वही सच्चा परिव्राजक होने के योग्य है। मुझे विश्वास है तुम सदैव धर्म के मार्ग पर चलोगे।

## अपनी बात



हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा है कि नरेंद्र मोदी 2029 में चौथी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने हाल ही में उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर का दौरा किया। वह सबसे पहले हनुमान मंदिर गए और आशीर्वाद लिया। फिर अयोध्या में राम लला के दर्शन किए। असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे और जवाहरलाल नेहरू के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले वे अकेले व्यक्ति हैं।



दिग्गज अभिनेत्री शबाना आजमी ने निष्पक्षता ने अपनी बात रखते हुए एक्स पर लिखा है कि मेरे दिल में कंगना के लिए कोई प्यार नही है, लेकिन मैं खुद को उन लोगों के समूह में शामिल नहीं कर पा रही हूं जो थप्पड़ मारने का जश्न मना रहे हैं। अगर सुरक्षाकर्मी कानून को अपने हाथ में लेने लगेंगे तो हम में से कोई भी सुरक्षित नहीं रहेगा।

# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्रामों में दीवार लेखन के माध्यम से किया जा रहा है जनजागरूकता कार्य

सत्ता सुधार ■ गुना

मप्र शासन द्वारा जल की जागरूकता के लिए मध्यप्रदेश शासन द्वारा 5 जून पर्यावरण दिवस से 16 जून गंगा दशहरे तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य जन समुदाय को जल संरक्षण और संवर्धन से जोड़ना है। समाज के सहयोग से पुराने कुंआ बाबड़ियों का श्रमदान के माध्यम से साफ सफाई और गहरीकरण कर नदियों की साफ सफाई का कार्य किया जा रहा है। जिसमें मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा भी इस अभियान में सहयोग किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला समन्वयक और जनपद पंचायत सीईओ के निर्देशन में ग्रामों के अंदर दीवार लेखन कर जनमानस को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। अभियान के दौरान हापाखेडी, कोलूआ, खिरनी, आमखेडा, झितिया, मुहासा, शहरोक, बूढाडोंगर, तिघराअहमद आदी ग्रामों मे दीवार लेखन का कार्य किया गया।

### बजरंगगढ़ में कलश यात्रा का आयोजन

जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत आज ग्राम पंचायत बजरंगगढ़ में कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें विधायक गुना पन्नालाल शाक्य एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा सहभागिता की गई। यात्रा के उपरांत बावड़ी गणेश कुंड के जीर्णोद्धार का कार्य विधायक द्वारा प्रारम्भ किया गया। तदुपरांत विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधिगणों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष राजकुमार रघुवंशी, जनपद सदस्य संजीव धाकड़, मुनेश धाकड़, श्री भट्ट, ग्राम पंचायत उप सरपंच, सीईओ जनपद पंचायत, सहायक यंत्री, पंचायत इंस्पेक्टर, उपयंत्री एवं ग्राम पंचायत बजरंगगढ़ के नागरिकगणों द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया गया। प्रदेश भर में चल रहे जल गंगा संबर्धन अभियान अभियान के तहत जिले में अभियान का हिस्सा बने मुख्य मंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र राघौगढ़ ब्लॉक के छोटे गांव सारसहेला में कई वर्षो से पड़ा अनुउपयोगी सरकारी कुंआ था, जिसे गांव के युवा छात्र जो जन अभियान परिषद द्वारा संचालित कोर्स से जुड़े हैं। छात्र सोनू यादव, लाखन यादव गुरूदयाल भार्गव एवं उनकी टीम द्वारा श्रमदान कर सरकारी कुंए से पॉलिथीन कचरा आदि बाल्टी से भर-भर कर निकाला एवं कुंए के गंदे पानी को मोटर की सहायता से बाहर निकाला तथा उसे साफ किया। जिले में कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह के नेतृत्व अभियान के तहत पुराने जल स्त्रोतों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में छोटी सी पहल इस ग्रामवासियों द्वारा अपने गांव एंव मोहल्ले के लिये की गई है। परिषद के ब्लॉक समन्वयक लोकेंद्र सिंह द्वारा बताया गया कि इस विषय में प्रस्फुटन, नवांकुर समिति एवं छात्रों को बताया गया है कि वे स्थानीय स्तर पर 5 से 15 जून के मध्य नदी, तालाब, कुआं बावड़ी, तथा अन्य जल स्त्रोतों की सफाई संरक्षण एवं पुनर्जीवन हेतु श्रम दान करें एवं दीवार लेखन कर ग्रामीणों को प्रेरित करें।



### तालाब के जीर्णोद्धार व मरम्मत कार्य और नालियों की कराई साफ सफाई

इसी तारतम्य में जनपद पंचायत राघौगढ़ सीईओ शैलेंद्र यादव ने बताया कि जनपद पंचायत राघौगढ़ की क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत परेवा, जामनेर, ग्राम पंचायत बुढना, गादेर, नागनखेड़ी, विशनखेडा, उकावद आदि पंचायतों में पंचायत भवन, सामूदायिक भवन पर रूफ बाटर हार्वेस्टिंग कार्य, ग्राम पंचायत बेलका में तालाब जीर्णोद्धार, ग्राम पंचायत गोविंदपुरा, सियाखेड़ी, नारायणपुरा, बलरामपुरा, पीपलखेड़ी आदि पंचायतों में शासकीय हेडपम्प के पास सोकपिट एवं नालियों की साफ सफाई, ग्राम पंचायत वेराखेड़ी पगारा भुलाएं में जागरुकता अभियान के तहत दीवार लेखन एवं ग्राम पंचायत पगारा में पानी निकासी हेतु नाली निर्माण एवं साफ सफाई का कार्य कराया जा रहा है।

## ब्रीफ न्यूज़

### भगत सिंह पुस्तकालय पर हुई कवि गोष्ठी

**गुना।** स्थानीय भगत सिंह पुस्तकालय गुना में अश्लीलता, अपसंस्कृति के विरुध वैकल्पिक साहित्यिक और सांस्कृतिक माहौल को मजबूत बनाने के उद्देश्य व बेहतर सामाजिक साहित्य की उपयोगिता के प्रसंग में कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। कवि गोष्ठी में सर्व प्रथम भगत सिंह की मूर्ति पर पुष्प अर्पण किए। इसके बाद स्वतंत्रता संग्राम सेनानी धर्म स्वरूप सक्सेना की तस्वीर पर पुष्प अर्पण किए। तत्पश्चात मरहूम शायर मुबारक जी को श्रद्धांजलि दी। उपरांत गोष्ठी प्रारम्भ हुई,कवि गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे शायर हरकांत अर्पित ने कहा..खुद को समेटने में कोई फायदा नहीं खुशबू हो तो हवा में बिखर जाना चाहिए। मुख्य अतिथि यावर हुसैन ने कहा कि अपनी तस्वीर ही बनवा लेता क्या पता था कि बहुत याद आएगा। खलील रजा ने कहा कि सन्नाटे जब शोर मचाने लगते हैं सारा आलम गूंगा बहरा लगता है। प्रेम सिंह प्रेम ने कहा कि खुद्दारी के अलावा कुछ भी नहीं है हम पर, साहिब ज़रा अदब से नाम लिया करो हमारा। सलीउद्दीन सिकवा ने कहा कि शहर में गांव का एहसास हुआ है मुझको धूप में छांव का एहसास हुआ है मुझको। मनीष श्रीवास्तव ने कहा कि ख़ुद गर्ज़ रहो और मुहाफ़िज़ भी वतन के, हो जाओ दफ़ा अब ये तमाशा नही होगा।

### शिवाजी गौसेवा समिति ने शुरू की गौवंश के लिए हरा चारा-पानी की व्यवस्था

**गुना।** शिवाजी गौ सेवा समिति के तत्वाधान में एक नई पहल की शुरूआत कर सड़कों पर घूम रही भूख प्यास से व्याकुल गौवंश को हरा चारा की व्यवस्था की गई। इस दौरान समिति द्वारा रविवार को उनको हरा चारा खिलाया। समिति की ओर से निर्णय लिया गया है कि इस पुण्य कार्य को करने के लिए जो भी व्यक्ति आगे आना चाहे अपनी अपना जन्मदिन अपने बच्चों का जन्मदिन वैवाहिक वर्षगांठ पर तन मन धन से सहयोग कर सकता है। इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता निभा सकता है। अभियान का शुभारंभ समिति के संरक्षक प्रेमनारायण ग्वाल के जन्मदिन के अवसर पर शिवाजी गौसेवा समिति द्वारा उनका अभिनंदन किया।

### स्मृति वन वृक्ष महोत्सव 15 जून से, बैठक में बनाई योजना

**गुना।** रविवार को वृक्ष महोत्सव की योजना और तैयारियों के लिए स्मृति वन में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्लानिंग करके सारी तैयारियों का जायजा लिया गया। तैयार किए जा रहे पिट्स का अवलोकन किया। इस मौके पर तय किया कि 15-16 जून से स्मृति वन वृक्ष महोत्सव आरंभ होगा। इस वर्ष 1500 पौधों व नीम कॉरीडोर का लक्ष्य लिया गया है। अभी तक 300 वृक्षों के प्रायोजक मिल चुके हैं, शेष की सहमति का इंतज़ार है। इस वर्ष के लिए वृक्ष महोत्सव का संयोजक भाई लोकेश शर्मा को चुना गया। नीम कॉरीडोर की जिम्मेदारी आसिफ खान ने ली। स्मृति वन प्याऊ पर गाय के लिए एक कम ऊंचाई की अतिरिक्त टंकी की जरुरत महसूसी गई, प्याऊ संयोजन भाई प्रेमी राठौर ने इसकी जिम्मेदारी ली। बीज अभियान में अंसार, निसार मिर्जा बंधुओं ने गुना की जल संरचनाओं के किनारे 1 करोड़ बीज बिखेरने का संकल्प दोहराया, बीज कलेक्शन जारी है।

## डेढ़ लाख के गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, राजस्थान के गांजा तस्कर को भी दबोचा



सत्ता सुधार ■ गुना

जिले की फतेहगढ़ थाना पुलिस द्वारा राजस्थान तरफ से बाईक पर गांजा लेकर आ रहे दो नशा तस्करों को दबोचा है। साथ ही आरोपियों को गांजा उपलब्ध कराने वाले राजस्थान के नशा कारोबारी को भी गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार तड़के सुबह जिले के फतेहगढ़ थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि छबड़ा तरफ से मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 08-8211 पर दो व्यक्ति प्लास्टिक के एक कट्टे में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर ग्राम रामनगर के रास्ते सींगनपुर तरफ जाने वाले हैं।

थाना क्षेत्र से गांजा तस्करी की इस सूचना के मिलते ही सूचना पर पुलिस की एक टीम तत्काल ग्राम रामनगर की पुलिया पर पहुंची। जहां से गुजर रहे वाहनों को चैक करते हुए मुखबिर की बताई मोटर सायकिल के आने का इंतजार किया। जहां पर कुछ ही समय बाद उक्त मोटर सायकिल पर दो व्यक्ति अपने बीच में प्लास्टिक का एक कट्टा रखे हुए आते दिखे। जिन्हें पुलिस द्वारा रोककर नाम पता पूछने पर उनके द्वारा अपने नाम मंटी पुत्र श्यामलाल मीना एवं सागर सिंह पुत्र अमर सिंह मीना निवासीगण ग्राम सींगनपुर थाना कुम्भराज जिला गुना के होना बताये। पुलिस द्वारा जिनकी तलाशी लेने पर उनके पास रहे बोरे से 9.300 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। आरोपियों के कब्जे से बरामद गांजा कीमती करीबन 1.50 लाख रूपये एवं गांजा तस्करी में प्रयुक्त मोटर सायकिल कीमती करीबन 60 हजार रूपये सहित कुल 2.10 लाख का माल विधिवत जप्त किया गया। आरोपियों से बरामद गांजे के संबंध में पूछने पर उनके द्वारा उक्त गांजा राजस्थान के ग्राम वापचा निवासी महेन्द्र पुत्र मुन्नालाल योगी से खरीदकर लाना बताया। जिस पर पुलिस की टीम तत्काल महेन्द्र योगी की तलाश में रवाना हुई और शीघ्र ही महेन्द्र पुत्र मुन्नालाल योगी निवासी ग्राम वापचा जिला बांरा राजस्थान को भी गिरफ्तार किया। नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त तीनों आरोपियों मंटी मीना, सागर सिंह मीना व महेन्द्र योगी के विरुद्ध फतेहगढ़ थाने में अप.क्र. 153/24 धारा 8, 20, 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

पुलिस की अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध इस उल्लेखनीय कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कृपाल सिंह परिहार, सउनि जसरथ सिंह दिवाकर, प्रधान आरक्षक रामकुमार कुशवाह, आरक्षक हरिओम परमार, आरक्षक पवन शर्मा, आरक्षक कुलदीप धाकड़, आरक्षक योगेश जाट, आरक्षक दिव्यांश शर्मा एवं आरक्षक चालक राजकुमार मांझी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

## प्रमुख सचिव राजस्व विभाग द्वारा वीसी के माध्यम से बिन्दुवार राजस्व विभाग की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

सत्ता सुधार ■ गुना

प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन राजस्व विभाग निकुंज श्रीवास्तव द्वारा वीसी के माध्यम से बिन्दुवार राजस्व विभाग की समीक्षा की गई। जिला कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह, एडीम अखिलेश जैन, संयुक्त कलेक्टर महेश कुमार बमन्हा सहित संबंधित अधिकारीगण वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से वर्चुअली उपस्थित रहे। इस दौरान प्रमुख सचिव द्वारा निर्देशित किया गया कि सायबर तहसील अंतर्गत सभी पटवारी 10 दिवस के अंदर प्रचलित प्रकरण में रिपोर्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे। पटवारियों से रिपोर्ट विलंब से प्राप्त होने के संबंध में सतत मॉनिटरिंग की जावे। राजस्व न्यायालय के रीडर 24 घंटे के अंदर प्रकरण से संबंधित इश्तहार जारी करेंगे तथा संबंधित पक्षकारों को नोटिस जारी करेंगे जो 10 दिवस के अंदर वापिस प्राप्त हो



जाना चाहिए। डीडब्ल्यूआरएस पोर्टल - भू अभिलेख के अंतर्गत उक्त पोर्टल विकसित किया गया है जिस पर दैनिक वर्षा के आंकडे एवं अन्य जानकारियां भरी जावे। जिले में प्राकृतिक आपदा के अंतर्गत बाढ़, पशु हानि, फसल हानि आदि की जानकारी दैनिक भरी जावे। राजस्व न्यायालयों पारित आदेशों का अमल किये जाने में काफी विलंब होने पर चिंता व्यक्त करते हुए आदेशों का अमल पटवारी द्वारा 24 घंटे के अंदर किये जाने के निर्देश दिये गये। उन्हों ने निर्देशित किया कि आदेश के अमल कराये जाने में किसी भी प्रकार की उदासीनता न की जावे। पटवारी से अद्यतन खसरा प्रति प्रकरण में संलग्न करने के उपरांत ही प्रकरण बंद किया जावे। भू-अर्जन के मामलों में भू-अर्जित की गई भूमि का अमल विभिन्न विभागों के नाम किये जाने के लिए अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये गये। जिसके अंतर्गत सभी राजस्व अधिकारियों को उनके क्षेत्र अंतर्गत हुये भू-अर्जन भूमि का अमल राजस्व अभिलेख अद्यतन किये जाने के निर्देश दिये गये। पी.एम. किसान योजना के अंतर्गत उनकी केवाईसी का भूमि खाते से लिंक किये जाने की कार्यवाही की जावे। शासन की ओर से सिविल सूट के प्रकरणों में प्राथमिकता से जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। वर्तमान में सिविल वैकेशन होने से शासकीय अधिवक्ता से संपर्क कर जवाब दावा प्रस्तुत कराये जाये। मुकदमा प्रबंधन नीति के तहत शासन की भूमियों से संबंधित प्रकरणों में अपील किये जाने के अधिकार जिला स्तर /उच्च न्यायालय स्तर के लिए संबंधित कलेक्टर को दिये गये है। वह प्राथमिकता से अपील प्रस्ताव प्राप्त कर शासन हित की भूमियों के संबंध में अपील आदेश जारी कर अपील कराने के निर्देश दिये गये ।

## आखिर क्यों लग रही है बिजली खंभों में आग मेंटीनेंस की कमी, बढ़ता लोड़ या गर्मी

सत्ता सुधार ■ गुना

शहरभ में आखिर बिजली पोलों में अचानक लगने वाली आग के पीछे कारण क्या हैं ? मेंटीनेंस की कमी, बढ़ता लोड या गर्मी? दरअसल इन दिनों बिजली के खंभों में अचानक आग लगने की घटनाएं तेजी हैं। गत रात शहर की पॉश कालोनी चौधरन कॉलोनी में उस वक्त हडकंप मच गया, जब एक विद्युत पोल पर आग लग गई। छोटी सी चिंगारी ने धीरे धीरे आग का विकराल रूप ले लिया। इस दौरान जब लोग अपने घरों में थे और कुछ लोग सड़क पर घर के बाहर टहल रहे थे, तभी चौधरन कॉलोनी में एक विद्युत पोल में एक छोटी सी चिंगारी उठी और चिंगारी ने आग का रूप ले लिया। सड़क पर टहल रहे लोगों में से किसी एक के द्वारा तत्काल सूचना विद्युत विभाग को देकर विद्युत लाइन बंद कराई गई। लेकिन फिर



भी लगातार आग जलती रही और धीरे धीरे आग विकराल रूप लेती जा रही थी।

उल्लेखनीय है कि शिद्दत की गर्मी बढ़ने के बाद यह घटना अकेली नहीं है बल्कि ऐसी घटनाएं आए दिन देखने को मिलती हैं। कहीं न कहीं इसका कारण मेंटीनेंस की कमी, भीषण गर्मी और विद्युत पोल पर ज्यादा लोड भी बताया गया है। भीषण गर्मी और तेज तपती धूप से न केवल जन जीवन बेहाल है बल्कि बिजली संकट भी गहराता जा रहा है। गर्मी से निजात पाने के लिए लोगों को जिस बिजली का सहारा है उसकी तारें खुद ही गर्मी का सामना नहीं कर पा रही हैं। हालात ये है कि ओवरलोडिंग की वजह से कहीं ट्रांसफॉर्मर फूंक रहे हैं तो कहीं बिजली की तारें आग की लपटों से घिर कर लोगों को दहशतजदा कर रही हैं। इस वर्ष गर्मी के सीजन में रिकॉर्ड गर्मी पड़ी हैं। जिसके चलते कड़ी धूप की तेज तपिश से जन जीवन तो प्रभावित हुआ ही बिजली की लाइनों पर बढ़ते लोड और गर्मी को बिजली की तारें भी नहीं झेल पाई।

## घर में घुसकर मोबाईल चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

सत्ता सुधार ■ गुना

घर में सो रहे व्यक्ति के सिरहाने से मोबाईल चोरी कर ले जाने वाला आरोपी को कोतवाली पुलिस ने पकड़कर मोबाइल बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी मनोज शिवहरे निवासी मुख्य डाकघर के सामने कर्नलगंज गुना द्वारा गुना कोतवाली पुलिस को रिपोर्ट करते हुए बताया था कि 6 जून के दोपहर में उसके घर के सभी लोग एक हॉल में सो रहे थे। इसी दौरान कोई अज्ञात व्यक्ति उसके घर में घुसकर उसके सिरहाने पर रखा उसका रेडमी 5 प्रो मोबाईल कीमती 10,000 रूपये को चोरी कर ले गया है । जिस पर से अज्ञात आरोपी के विरुद्ध गुना कोतवाली में अपराध क्रमांक 559/24 धारा 454, 380 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। इस तरह से घर में घुसकर मोबाईल चोरी कर ले जाने के उपरोक्त प्रकरण में गुना कोतवाली पुलिस द्वारा सक्रियता से कार्यवाही करते हुए अज्ञात आरोपी की निरंतर तलाश व पतारसी की गई। वहीं विभिन्न तकनीकी संसाधनों की मदद से भी आरोपी की पहचान के प्रयास किए गए । जिसके परिणाम स्वरुप पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी की शीघ्र ही पहचान कर ली गई और गत दिवस मुखबिर सूचना पर आरोपी राजेश पुत्र स्व. हरि सिंह कुशवाह निवासी बच्चा जेल के पास नानाखेड़ी गुना को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसके द्वारा ही मोबाईल चोरी करना बताया गया । पुलिस द्वारा आरोपी राजेश कुशवाह की निशादेही से प्रकरण में चोरी गया मोबाइल बरामद कर लिया है । बता दें के आरोपी राजेश कुशवाह नशे का आदि है।

**सत्ता न्यूज़** नपा गुना द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण के कराये जा रहे हैं कार्य

# कलेक्टर ने कियातालाब के गहरीकरण का निरीक्षण

सत्ता सुधार ■ गुना

मप्र शासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संवर्धन एवं संरक्षण के लिए तालाब गहरीकरण, पुरानी जल संरचनाओं की साफ सफाई कार्य कराये जा रहे हैं। इसी क्रम में आज गुना शहर के नजदीक ग्राम सिंगवासा के तालाब का इन दिनों जल संरक्षण व जल भराव के लिए गहरीकरण का कार्य चल रहा है। इस कार्य का निरीक्षण करने कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह एवं अपर कलेक्टर श्री अखिलेश जैन आकस्मिक तालाब पर जा पहुंचे, इस दौरान उन्होंने गहरीकरण के कार्य, पिचिंग पर बनाये जा रहे फुट ब्रिज के निर्माणाधीन कार्य को देखा और कार्य की गतिविधि धीमी पाए जाने पर नाराजगी व्यक्ति की गयी तथा



उपस्थित ठेकेदार को निर्देशित किया गया कि कार्य में गति लाई जाये और नपा गुना के सब इंजीनियर श्री बी.बी. गुप्ता को बेस्ट वियर का फ्लोचार्ट बनाने के निर्देश दिए गए।

### सिंगवासा तालाब को गुनिया नदी का उद्गम स्थल कहा जाता है

सिंगवासा तालाब में बरसात का पानी अधिक से अधिक संरक्षित करने के प्रयास जारी है। शहर के नजदीक होने के कारण एक पिकनिक स्पॉट भी है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर द्वारा आज तालाब के पास स्थित गॉर्डन के सौंदर्यीकरण, पेवर्स बिछाने, कैंटीन व्यवस्था, मोटर वोट व्यवस्था करने तथा गॉर्डन के प्रवेश द्वार के गेट आदि बनाने के निर्देश उपस्थित सीएमओ तेज सिंह को दिए गए।

# सर्वसेन समाज संगठन के नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र किए प्रदान

### पुरानी गल्ला मंडी में सर्वसेन समाज संगठन की हुई बैठक

सत्ता सुधार ■ गुना

जिला अध्यक्ष देवेंद्र सेन द्वारा द्वारा जिला कार्यकारिणी गठन किया गया। जिसमें भरत सेन को कार्यकारिणी अध्यक्ष, विकास सेन जिला मंत्री, सुनील सेन उपाध्यक्ष, सत्येंद्र सेन नगर अध्यक्ष, मुकेश सेन नगर मंत्री, सचिन कांची सेन नगर उपाध्यक्ष, सोनू सेन बरखेड़ा नगर मंत्री, अंकित सेन युवा उपाध्यक्ष, गोलू सेन ग्रामीण मीडिया प्रभारी, गोपाल सेन झागर जिला मीडिया प्रभारी, विनय सेन जिला सचिव नियुक्त किए गए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री सेन ने बताया कि हम संगठन के माध्यम से सेन समाज के उद्देश्यों और समाज में फैली कुरूतिया बुराइयों को जड़ से खत्म करना चाहते हैं। सेन समाज के पिछड़े और युवा, व्यक्ति वर्ग जो शिक्षा से वंचित है, उन्हें शिक्षित करने प्रयत्न करेंगे। संगठन के माध्यम से सेन समाज का उत्थान हो। समाज की तरक्की, समाज के प्रतिभाशाली मेधावी छात्र-छात्राओं को आगे लाकर अवसर प्रदान किया जाएगा। समाज सेवा, आर्थिक कमजोर लोगों का उत्थान, समाज में रोजगार को बढ़ावा देने का प्रयास करेंगे, बाल विवाह, दहेज प्रथा, नशा मुक्ति, समाज में नशे की जो प्रवृत्ति बढ़ रही है, नशे के आदि लोगों को जागरुक कर नशा छुड़ाए जाने का प्रयास करेंगे, संगठन के माध्यम से सकारात्मक प्रयास किए जाएंगे।द्ध यही संगठन का मुख्य उद्देश्य है।



# पुराण कहते हैं 10 वेद कहते हैं 64 और विज्ञान कहता है कि होते हैं 4 आयाम

**आपने भौतिक और गणित विज्ञान में आयाम अर्थात डायमेंशन के बारे में पढ़ा ही होगा। स्ट्रिंग थ्योरी के अनुसार ब्रम्हांड में 10, एम थ्योरी के अनुसार 11 और बोजोनिक थ्योरी के अनुसार ब्रम्हांड में 26 आयाम होते हैं। आयाम को अंग्रेजी में डायमेंशन कहते हैं। आयाम का संबंध हम दिशा से लगा सकते हैं। आओ जानते हैं महत्वपूर्ण जानकारी।**

- वैज्ञानिक कहते हैं कि ब्रह्मांड में 10 आयाम हो सकते हैं लेकिन मोटे तौर पर हमारा ब्रह्मांड त्रिआयामी है। पहला आयाम है ऊपर और नीचे, दूसरा है दाएं और बाएं, तीसरा है आगे और पीछे। इसे ही थ्रीडी कहते हैं।
- एक चौथा आयाम भी है जिसे समय कहते हैं। समय को आगे बढ़ता हुआ महसूस कर सकते हैं। हम इसमें पीछे नहीं जा सकते हैं। हमारा यह संपूर्ण ब्रह्मांड इन चार आयामों पर ही आधारित है।
- मूल रूप से पहला आयाम एक बिंदू या शून्य है, दूसरा आगे-पीछे, दाएं-बाएं हैं, तीसरा उपर-नीचे, चौथा समय जिसमें अभी हम चल रहे हैं। बाकी आयाम परिकल्पना है जिसे वैज्ञानिकों ने बताया है। हो सकता है कि किसी अन्य ब्रह्मांड या अदृष्य ब्रह्मांड में पांचवां, छटा, सातवां या इसे अधिक आयाम हो।

## पुराणों के अनुसार

- हिन्दू धर्म के पुराणों अनुसार तीन लोक है 1कृतक त्रैलोक्य- कृतक त्रैलोक्य के 3 भाग हैं- भूलोक, भुवर्लोक, स्वर्लोक। 2.महर्लोक- कृतक और अकृतक लोक के बीच स्थित है 'महर्लोक', जनशून्य है। 3.अकृतक त्रैलोक्य- कृतक और महर्लोक के बाद जन, तप और सत्य लोक तीनों अकृतक लोक कहलाते हैं।
- उपरोक्त आयामों का नियम सिर्फ कृतक त्रैलोक्य पर ही लागू होता है, अन्य लोकों पर नहीं। हिन्दू शास्त्रों के अनुसार भूलोक, भुवर्लोक, स्वर्लोक हमारी त्रिआयामी सृष्टि में ही निवास करते हैं। चौथा आयाम वह समय है।
- पांचवें आयाम को ब्रह्मा आयाम कहा गया है। इसी आयाम में ब्रह्मा निवास करते हैं। इसी आयाम से कई तरह के ब्रह्मांडों की उत्पत्ति होती है। यहां का समय अलग है। जैसा कि हम बता चुके हैं कि ब्रह्मा का एक दिन एक कल्प के बराबर का होता है। यह स्थान चारों आयामों से बाहर है।
- इसके बाद आगे छठे आयाम में महाविष्णु निवास करते हैं। महाविष्णु के भी 3 भाग हैं- कारणोंदकशायी विष्णु, गर्भोदकशायी विष्णु और क्षीरोदकशायी विष्णु।
- इसमें कारणोंदकशायी अर्थात महाविष्णु तत्वादि का निर्माण करते हैं जिससे इन 5 आयामों का निर्माण होता है। इसे ही महत कहा जाता है और जिनके उदर में समस्त ब्रह्मांड हैं तथा प्रत्येक श्वास चक्र के साथ ब्रह्मांड प्रकट तथा विनष्ट होते रहते हैं।
- दूसरे गर्भोदकशायी विष्णु से ही ब्रह्मा का जन्म होता है, जो प्रत्येक ब्रह्मांड में प्रविष्ट करके उसमें जीवन प्रदान करते हैं तथा जिनके नाभि कमल से ब्रह्मा उत्पन्न हुए। उसके बाद तीसरे हैं क्षीरोदकशायी विष्णु, जो हमारी सृष्टि के हर तत्व और परमाणु में विलीन हैं, जो परमात्मा रूप में प्रत्येक जीव के हृदय तथा सृष्टि के प्रत्येक अणु में उपस्थित होकर सृष्टि का पालन करते हैं।
- जब हम ध्यान करते हैं तो हम कसिरोधकस्य विष्णु को महसूस करते हैं। जब हम इसका ज्ञान पा लेते हैं तो हम भौतिक माया से बाहर आ जाते हैं। इसी से हम परमात्मा को महसूस करते हैं। जब व्यक्ति ध्यान की परम अवस्था में होता है तब इन्हें या इस आयाम को महसूस कर सकता है।
- इसके बाद नंबर आता है सातवें आयाम का जिसे सत्य आयाम या ब्रह्म ज्योति कहते हैं। ब्रहमा नहीं ब्रह्म ज्योति, जैसे सूर्य की ज्योति होती है। इसी आयाम में समाया है वह तत्व ज्ञान जिसकी मदद से मनुष्य देवताओं की श्रेणी में चला जाता है।
- इसके बाद है आठवां आयाम जिसे कैलाश कहा जाता है। इस आयाम में भगवान शिव का भौतिक रूप विराजमान है। उनका कार्य ही इन सात आयामों का संतुलन बनाए रखना है। इसीलिए सिद्धयोगी भगवान शिव की आराधना करते हैं, क्योंकि हर योगी वहीं जाना चाहता है।
- उसके बाद है नौवां आयाम जिसे पुराणों में वैकुंठ कहा गया है। इसी आयाम में नारायण निवास करते हैं, जो हर आयाम को चलायमान रखते हैं। मोक्ष को प्राप्त करने का मतलब है इस आयाम में समा जाना। हर आयाम इसी से बना है। यही आयाम सभी आयामों का निर्माण करता है। मोक्ष की प्राप्ति कर हर आत्मा शून्य में लीन होकर इसी आयाम में लीन हो जाती है।
- इसके नंबर आता है 10वें आयाम का जिससे अनंत कहा गया है। हमने आपको ऊपर चौथे पॉइंट में बताया था कि अनंत से ही महत और महत से ही अंधकार, अंधकार से ही आकाश की उत्पत्ति हुई है। यह अनंत ही परम सत्ता परमेश्वर अर्थात परमात्मा, ईश्वर या ब्रह्म है। संपूर्ण जगत की उत्पत्ति इसी ब्रह्म से हुई है और संपूर्ण जगत ब्रह्मा, विष्णु, शिव सहित इस ब्रह्म में ही लीन हो जाता है। यह एक जगह प्रकाश रूप में स्थिर रहकर भी सर्वत्र व्याप्त है।
- यही सनातन सत्य है जिसमें वेदों के अनुसार 64 प्रकार के आयाम समाए हुए हैं।



# उज्जैन में विराजमान हैं 3 चमत्कारिक गणेशजी

विश्व की एक मात्र उत्तर प्रवाह मान क्षिप्रा नदी के पास बसी सप्तपुरियों में से एक भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा स्थली अवंतिका अर्थात उज्जैन को राजा महाकाल और विक्रमादित्य की नगरी कहा जाता है। यहां पर साढ़े तीन काल विराजमान है- महाकाल, कालभैरव, गढ़कालिका और अर्धकाल भैरव। यहां पर ज्योतिर्लिंग के साथ दो शक्तिपीठ हरसिद्धि और गढ़कालिका है और यहां के शमशान को तीर्थ माना जाता है जिसे चक्र तीर्थ कहते हैं। यहां के कुंभ पर्व को सिंहस्थ कहते हैं। 84 महादेव के साथ ही यहां पर देश का एक मात्र अष्ट चिरंजीवियों का मंदिर है। यह मंगलदेव की उत्पत्ति का स्थान भी है और यहां पर नौ नारायण और सात सागर है। यहीं से विश्व का काल निर्धारण होता है अर्थात मानक समय का केंद्र भी यही है। उज्जैन से ही ग्रह नक्षत्रों की गणना होती है और यहीं से कर्क रेखा गुजरती है। राजा विक्रमादित्य ने ही यहीं से विक्रमादित्य के कैलेंडर का प्रारंभ किया था और उन्होंने ही इस देश को सर्वप्रथम बार सोने की चिढ़िया कहकर यहां से सोने के सिक्के का प्रचलन किया था। महाभारत की एक कथानुसार उज्जैन स्वर्ग है। यहां तीन गणेशजी विराजमान हैं चिंतामन, मंछामन और इच्छामन।

- उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर से करीब 6 किलोमीटर दूर ग्राम जवास्या में भगवान गणेश जी का प्राचीनतम मंदिर स्थित है।
- गर्भगृह में प्रवेश करते ही गौरीसुत गणेश की तीन प्रतिमाएं दिखाई देती हैं। यहां पार्वतीनंदन तीन रूपों में विराजमान हैं। पहला चिंतामण, दूसरा इच्छामन और तीसरा सिद्धिविनायक।
- ऐसी मान्यता है कि चिंतामण गणेश जी चिंता से मुक्ति प्रदान करते हैं, जबकि इच्छामन अपने भक्तों की कामनाएं पूर्ण करते हैं। गणेश जी का सिद्धिविनायक स्वरूप सिद्धि प्रदान करता है।
- मंछामन गणेश जी मंदिर गऊघाट के समीप रेलवे कालोनी में बना है। मंदिर के सामने कुंड के सामने छत्र के नीचे भगवान मंछामन विराजमान है। भगवान गणेश कमल पुष्प पर विराजमान है। यह हर तरह की मनोकामना पूर्ण करते हैं।

# एक पौधा लगाने से भी मिलता है पुण्य

हमारे धर्म में वृक्षों की महत्ता है कि जो पुण्य अनेकानेक यज्ञ करवाने अथवा तालाब खुदवाने या फिर देवाराधना से भी अप्राप्य है, वह पुण्य महज एक पौधे को लगाने से सहज ही प्राप्त हो जाता है। इससे कई प्राणियों को जीवनदान मिलता है। ज्योतिष और वास्तुशास्त्र में भी वृक्षों का मनुष्य से संबंध निरूपित किया गया है। जानिए ज्योतिष अनुसार कैसे करें पौधारोपण -

- पौधारोपण हेतु उत्तरा, स्वाति, हस्त, रोहिणी और मूल नक्षत्र अत्यंत शुभ होते हैं। इनमें रोपे गए पौधों का रोपण निष्फल नहीं होता है।
- घर के नैऋत्य अथवा अग्निकोण में बगीचा न लगाएं तथा जिन घरों में बगीचा लगाने की जगह निकाली जा रही हो, वहां घर के वाम पार्श्व में ही उद्यान लगाना चाहिए। घर के पूर्व में विशाल वृक्षों का न होना या कम होना शुभ है। फिर भी यदि हो तो उन्हें काटने के बजाय घरके उत्तर की ओर उनके दुष्प्रभावों को संतुलित करने हेतु आंवला, अमलतास, हरश्रृंगार, तुलसी, वन तुलसी के पौधों में से किसी भी एक को लगाया जा सकता है।
- जिन वृक्षों में फल लगना बंद हो गए हों या कम लगते हों उन्हें कुलथी, उड़द, मूंग, तिल और जौ मिले जल से सींचना चाहिए।
- जिस वृक्ष के तने के चारों ओर सूअर की हड्डी का एक-एक टुकड़ा गाड़ दिया जाता है, वह सदैव हरा रहता है, कभी सूखता नहीं है।
- जिस घर की सीमा में निर्गुंडी का पौधा होता है, वहां हमेशा अमन-चैन रहता है। इसी प्रकार अंगूर, पनस, पाकड़ तथा महुआ के पौधों का भी घर की सीमा में रोपण शुभ होता है।
- आमलक को लगाने वाले की जमीन संबंधी परेशानियां दूर होती हैं। फिर चाहे उस व्यक्ति के द्वारा इस पौधे का रोपण कहीं भी क्यों न किया जाए।
- चन्द्रमा की पीड़ा हरण हेतु गूलर का पौधा लगाना चाहिए।
- घर के पूर्व में बरगद का, पश्चिम में पीपल का, उत्तर में पाकड़ का तथा दक्षिण में गूलर का वृक्ष होना शुभ होता है। इसके विपरीत पूर्व में पीपल, दक्षिण में पाकड़, पश्चिम में बरगद और घर के उत्तर में गूलर का वृक्ष अशुभ माना गया है।
- जिस व्यक्ति के घर में बिल्व का एक वृक्ष लगा होता है, उसके यहां साक्षात लक्ष्मी का वास रहता है।
- घर की सीमा में कदली (केला), बदरी (बेर) एवं बाँझ अनार के वृक्ष होने से वहां के बच्चों को कष्ट उठाना पड़ता है।
- घर में रेगिस्तानी पौधों का होना शत्रु बाधा, अशांति एवं धनहानि का कारक होता है। कैक्टस के पौधे इसी श्रेणी में आते हैं।
- जिस घर की सीमा में पलाश, कंचन, अर्जुन, करंज और श्लेषमांतक नामक वृक्षों में से कोई भी वृक्ष होता है, वहां सदैव अशांति बनी रहती है। बेर का वृक्ष अधिक शत्रु पैदा करता है। बेर का वृक्ष घर की सीमा के बाहर ही शुभ होता है।
- जो व्यक्ति दो बड़ के वृक्षों का रोपण करता है उसके अनेक पापों का शमन होता है। यह वृक्ष किसी खुले मैदान में ही रोपण करें।
- जो व्यक्ति पलाश के वृक्ष का रोपण करते हैं उन्हें उत्तम संतान और सुख देने वाले पुत्र अवश्य ही प्राप्त होते हैं, किंतु पलाश का वृक्ष घर की सीमा में न हो।
- किसी भी कारण से वृक्ष के काटने पर दूसरे 10 वृक्षों का रोपण और पालन करने वाला उसके पाप से मुक्त हो सकता है।



# चांदी की ये वस्तुएं, घर में कर देगी अमन-चमन

**आज हम आपको चांदी की 4 ऐसी वस्तुओं के बारे में बताएंगे जो घर की सुख और शांति को हमेशा बरकरार रखती है। घर में अमन-चमन हो जाता है।**

- घर में चांदी का गिलास जरूर रखना चाहिए और इसी से पानी भी पीना चाहिए। चांदी के गिलास से पानी पीने से और इसे घर में रखने से राहु और केतु का प्रकोप कभी नहीं आता।
- वास्तु शास्त्र के अनुसार घर में चांदी के हाथी रखने से व्यापार में काफी लाभ होता है और व्यापार कभी घाटे में नहीं जाता।
- चांदी की चैन या अंगूठी पहनने से विवाह में हो रहा विलंब दूर हो जाता है।
- चांदी का चौकोर टुकड़ा जेब में रखने से नौकरी में आ रही समस्या हल हो जाती है और जल्द से जल्द नौकरी मिल जाती है।





# दहलीज पर ना करें ये कार्य, वर्ना धन का होगा नुकसान

**द्वार की चौखट के नीचे वाली लकड़ी को आम बोलचाल की भाषा में देहरी, देहली और डेली कहते हैं परंतु सही शब्द है दहलीज या डेहरी। इसे द्वारपिंडी, ड्योढ़ी, बरोठा भी कहते हैं। वास्तु शास्त्र में इसका बहुत महत्व है। आओ जानते हैं इसके बारे में किए जाने वाले 5 निषेध कार्य। वास्तु के अनुसार दहलीज टूटी-फूटी या खंडित नहीं होना चाहिए।**

बेतरतीब तरह से बनी दहलीज नहीं होना चाहिए यह भी वास्तुदोष निर्मित करती है। द्वार की देहली (डेली) बहुत ही मजबूत और सुंदर होना चाहिए। कई जगह दहलीज होती ही नहीं जो कि वास्तुदोष माना जाता है। कोई भी व्यक्ति हमारे घर में प्रवेश करे तो दहलीज लांघकर ही आ पाए। सीधे घर में प्रवेश न करें।

## निषेध कार्य

- दहलीज पर पैर रखकर कभी खड़े नहीं होते हैं।
- दहलीज पर कभी पैर नहीं पटकते हैं।
- अपने गंदे पैर या चप्पल को रगड़कर साफ नहीं करते हैं।
- दहलीज पर खड़े रहकर कभी किसी के चरण नहीं छूते हैं।
- मेहमान का स्वागत या विदाई दहलीज पर खड़े रहकर नहीं करते हैं। स्वागत दहजलीज के अंदर से और विदाई दहलीज के बाहर खड़े रहकर करते हैं।

# रीवा के आईजी की बेटी को पत्नी बनाकर लाए थे राज कपूर

*बॉलीवुड के 'शोमैन' कहे जाने वाले स्टार राज कपूर की 2 जून को 36वीं डैथ एनिवर्सरी थी। इस मौके पर प्रशंसकों ने उन्हें याद किया। आज हम आपको उनकी जिंदगी के दो अहम किस्से बता रहे हैं, जिनके कारण एक तरफ उनका घर बसा, तो दूसरी ओर एक मशहूर जोड़ी टूट गई। राज कपूर ने फिल्मों में पांच दशक से भी ज्यादा वक्त तक काम किया। इस दौरान उन्हें पद्म भूषण से लेकर नैशनल अवॉर्ड, फिल्मफेयर और दादासाहेब फाल्के जैसे अवॉड्र्स से सम्मानित किया गया। राज कपूर के फिल्मी करियर और उनकी हिट मूवीज के बारे में तो लगभग सभी जानते हैं, पर यहां उनकी निजी जिंदगी के दो किस्से बता रहे हैं।*

पहला किस्सा राज कपूर की शादी का है। उनकी शादी बड़े ही दिलचस्प और मजेदार अंदाज में हुई थी। यह शादी राज कपूर के पिता पृथ्वीराज कपूर ने करवाई थी। वह एक जाने-माने फिल्ममेकर थे और पृथ्वी थिएटर के मालिक भी। एक बार वह अपनी थिएटर मंडली के साथ रीवा गए थे। साथ में दोनों बेटे शम्मी और राज कपूर भी गए थे।

**रीवा गए पिता पृथ्वीराज कपूर, आईजी की बेटी से करवा दी शादी**

पृथ्वीराज कपूर की सुरक्षा की जिम्मेदार उस वक्त रीवा के आईजी करतार नाथ मल्होत्रा को सौंपी गई। तब वही वहां के आईजी थे। इसी दौरान पृथ्वीराज कपूर



और करतार नाथ की दोस्ती हो गई। यही दोस्ती बाद में राज कपूर की शादी का आधार बनी।

**देव आनंद ने किताब में बताया था पूरा वाकया**

दूसरा किस्सा यह है जो अपनी पुस्तक में देव आनंद ने भी लिखा था, 'मैट्रो सिनेमा में 'इश्क इश्क इश्क' के प्रीमियर के बाद, राज कपूर ने सभी लोगों के सामने जीनत को चूमा और उन्हें फिल्म में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी। इससे उनकी शाम और भी शानदार हो गई होगी। फिर भी, जिस चीज को मैं अपनी एकमात्र संपत्ति, अपनी खोज, अपनी लीडिंग लेडी मानता था, उसके लिए वह आगे बढ़े और किस कर लिया। मुझे उनसे जलन हो रही थी। देव आनंद का मानना था कि जीनत पर सिर्फ उनका ही हक है क्योंकि उन्होंने जीनत अमान को बड़ा ब्रेक दिया। वह एक्ट्रेस से बेशुमार प्यार करने लगे थे।

**जीनत अमान हुई थीं दुखी**

पर इस वाकये के बाद देव आनंद और जीनत अमान का रिश्ता हमेशा के लिए टूट गया। जीनत अमान भी इस बात से दुखी हो गई थीं कि देव साहब ने पूरा सच जाने बिना उस बकवास वाकये पर यकीन कर लिया, और किताब में छपवा भी दिया ताकि पूरी दुनिया पढ़ सके और इसके बारे में जान जाए।

# अस्पताल से रफूचक्कर हुई राखी सावंत?

राखी सावंत आए दिनों किसी ना किसी वजह से सुर्खियों बनी रहती हैं। प्रोफैशनल लाइफ से ज्यादा उनकी पर्सनल लाइफ सुर्खियों में रहती है। बीते दिनों उन्होंने लोगों को बताया था कि उनके यूट्रस में ट्यूमर है, लेकिन अब राखी सावंत की सर्जरी हो गई है। उनके पूर्व पति ने बताया था कि राखी सावंत पर जानलेवा हमला हो रहे हैं। इसीलिए उन्हें अभी सेफ जगह रखा है, लेकिन



कुछ दिनों पहले उनके भाई ने यह खुलासा किया है कि राखी सावंत कहीं और नहीं बल्कि दुबई जा चुकी हैं।

**अस्पताल से छूटकर सीधा दुबई पहुंची राखी**

जी हां, राखी के भाई ने यह बताया था कि राखी ने बुर्का पहना था इसीलिए उन्हें किसी ने नहीं पहचाना, लेकिन अब वह दुबई में हैं, वहीं हाल ही में राखी सावंत ने अपने इंस्टा हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है यह वीडियो भी दुबई का है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि राखी सावंत दुबई के किसी अवॉर्ड फंक्शन में गई हैं। जहां वह बेहद ही रिवीलिंग ड्रेस पहने नजर आ रही हैं। हालांकि यह वीडियो खुद ही राखी ने शेयर किया है, लेकिन इस बात का दावा नहीं किया जा सकता है कि यह वीडियो ताजा है या पुराना।

**लग गई यूजर्स के कमैंट्स की लाइन**

फिलहाल तो इस वीडियो को देखने के बाद लोगों ने राखी पर जमकर ताने कसने शुरू कर दिए हैं। एक यूजर ने कहा ड्रामेबाज यही सब करना था को अस्पताल का ड्रामा क्यों। तो वहीं दूसरे यूजर ने कहा कुछ ज्यादा ही जल्दी रिकवर हो गईं आप। तीसरे यूजर ने कहा आपने को पूनम पांडे को पीछे छोड़ दिया है झूठ बोलने के मामले में। बता दें कि इस वीडियो पर यूजर्स के ताबड़तोड़ कमैंट्स और गुस्सा देखा जा सकता है।

# विद्या बालन को हुआ SOCIAL MEDIA से प्यार



बॉलीवुड एक्ट्रेस विद्या बालन इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब रील्स बना रही हैं और इसे लेकर इन दिनों काफी चर्चा में भी हैं। विद्या ने दो साल पहले सोशल मीडिया पर कदम रखा था और अब रील्स बनाने को लेकर उन्होंने बात की है। उन्होंने बताया कि ये रील्स बनाने की लत उन्हें कहां से और कैसे लगी है।

सोशल मीडिया पर रील बनाने और वायरल होने के अपने अनुभव पर बात करते हुए विद्या ने बताया, 'लगभग दो साल पहले मैं लंदन में नीयत फिल्म की शूटिंग कर रही थी, इस दौरान मेरे पास बहुत समय था। मेरे मैनेजर ने मुझसे कहा कि हम रील क्यों नहीं बनाते।'

**पहला वीडियो वायरल होते ही सोशल मीडिया से प्यार**

अपना पहला वीडियो वायरल होने के बाद से ही विद्या को सोशल मीडिया से प्यार हो गया। इसी के साथ वह सोशल मीडिया से जुड़ाव महसूस करने लगीं। उसके बाद एक्ट्रेस फिर रुकी नहीं। इसके बाद से लगातार अपने फैंस का मनोरंजन करने के लिए सोशल मीडिया पर रील्स बना रही हैं।

# अब आ रही है 'हीरामंडी 2'

BOLLYWOOD NEWS

संजय लीला भंसाली की डेब्यू वैब सीरीज 'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' को आधिकारिक तौर पर दूसरे सीजन के लिए रीन्यू किया गया है।
नैटफ्लिक्स पर 1 मई को लॉन्च होने के बाद से शो के शानदार प्रदर्शन के बाद इसकी घोषणा की गई है। एक इंटरव्यू



में भंसाली ने हीरामंडी गाथा के अगले अध्याय के लिए अपनी योजनाओं का खुलासा किया है। भंसाली प्रोडक्शंस और नैटफ्लिक्स इंडिया ने हीरामंडी: सीजन 2 की घोषणा की।
दोनों ने कोलैबोरेटिव पोस्ट साझा की। मेकर्स ने एक वीडियो साझा करते हुए कैप्शन में लिखा है कि सीजन 2 में हीरामंडी की महिलाएं लाहौर से फिल्मी दुनिया में आएंगी।

# 'सुहागन चुड़ैल' बनीं निया शर्मा के छूटे पसीने

टीवी एक्ट्रेस निया शर्मा के फैंस एक्टिंग के साथ-साथ उनके फिट फिगर के भी दीवाने हैं। निया शर्मा टीवी की सबसे ग्लैमरस एक्ट्रेस में शुमार हैं और अपने हर एक अंदाज से फैंस का दिल जीत लेती हैं। नागिन के रोल में इंप्रेस करने के बाद अब निया चुड़ैल बनकर स्क्रीन पर लौटी हैं। इन दिनों वह फैंटसी शो 'सुहागन चुड़ैल' में नजर आ रही हैं। इस शो में काम करना निया के लिए काफी चैलेंजिग रहा है। एक्ट्रेस ने खुद बताया है कि हार्नेस स्टंट सीन को शूट करना उनके लिए आसान नहीं रहा।



**हार्नेस स्टंट को लेकर थी नर्वस**

बता दें कि निया ने 'सुहागन चुड़ैल' में अपने किरदार को दमदार बनाने के लिए हार्नेस स्टंट सीन किए हैं। लेकिन उनके लिए इन सींस को शूट करना काफी ज्यादा चैलेंजिंग रहा। निया ने कहा- शूट में सबसे ज्यादा हार्नेस स्टंट सीन करना था। मैं शुरुआत में फिजिकली रूप से हार्नेस स्टंट को लेकर थोड़ी नर्वस थी। मुझे शो में आप लोग हार्नेस इक्विपमैंट के जरिए पेड़ों पर बैठे, शिकार पर हमला करते, हवा में उड़ते हुए देखेंगे।

**यह मेरे पैशन को बढ़ाता है**

हार्नेस स्टंट सीन के बारे में बात करते हुए निया ने आगे कहा, 'अब मुझे यह सीन पसंद आने लगे हैं। मैं अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलर वो चीजें कर रही हूं जो मैने पहले कभी नहीं की हैं और ये मेरे पैशन को भी बढ़ा रहा है। मुझे सभी स्टंट को करने में मजा आ रहा है। 'सुहागन चुड़ैल' के जरिए मुझे स्टंट और हार्नेस सीन्स को सीखने और शूट करने का मौका मिला। लोगों को भी शो काफी पसंद आ रहा है और सराहना मिल रही। मुझे खुशी है कि हमारी मेहनत रंग ला रही है।

**'सुहागन चुड़ैल' की कहानी**

'सुहागन चुड़ैल' शो की कहानी की बात करे तो इसमें निया शर्मा चुड़ैल निशिगंधा का किरदार निभा रही हैं। जिसे परम शक्ति हासिल करने के लिए 16 श्रृंगार शक्तियों को पूरा करना होगा। जिसमें उसकी 16वीं शक्ति सिंदूर है और इसके लिए उसे अपनी जीवन में 16वें पुरुष को खत्म करना होगा। शो में निया के अलावा देबचंद्रिमा सिंघा रॉय दीया के रोल में हैं और जैन इबाद खान मोक्ष की भूमिका निभा रहे हैं। बता दें, ये शो कलर्स चैनल पर प्रसारित होता है।

# अनिल कपूर करेंगे बिग बॉस ओटीटी 3



BIGG BOSS

बिग बॉस ओटीटी के नए सीजन की स्ट्रीमिंग शुरू होने वाली है। इस बार ओटीटी पर नये कंटेस्टैंट एंटरटेनमैंट का डोज लेकर आने वाले हैं। हालांकि, शो आने से पहले मेकर्स ने एक खुशखबरी ओर दी है। इस बार बिग बॉस ओटीटी 3 को नया होस्ट मिलने वाला है। नये सीजन के नये होस्ट को लेकर भी दर्शक एक्साइटेड हो गए हैं। ये सलमान खान, शाहरुख खान या करण जौहर नहीं हैं, बल्कि इस एक्टर का झक्कास अंदाज आपके होश उड़ा देगा। जीओ सिनेमा ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर एक नए होस्ट का टीजर शेयर किया है। शो को इस बार दिग्गज अभिनेता अनिल कपूर होस्ट करने वाले हैं।

**डैशिंग लुक में अनिल कपूर की एंट्री**

25 सैकिंड के इस वीडियो में रेड शूज पहने एक आदमी को स्टाइल में चलते हुए दिखाया गया है, जबकि पिछले सीजन के क्लिप बैकग्राउंड में चल रहे हैं। फिर हमें उनकी दमदार आवाज से पता चलता है ये कोई और नहीं बल्कि एक्टर अनिल कपूर हैं जो सीटी बजाकर खेल शुरू करते हैं। वह कहते हैं, 'कुर्सी मंगा रे।।।' जल्द ही एक वॉयसओवर सुनाई देता है, 'कुछ करते हैं न झक्कास'। जिस पर अनिल कपूर जवाब देते हैं, 'बहुत हुआ रे झक्कास, करते हैं न कुछ और खास।' अनिल कपूर का डैशिंग लुक और स्टाइल आपका दिल जीत लेगा।

**इसी माह शुरू होगा बिग बॉस ओटीटी 3**

वीडियो से यह भी पता चला कि शो जून में स्ट्रीमिंग शुरू करेगा। हालांकि, प्रीमियर की तारीख का खुलासा होना बाकी है।



दूसरी ओर फैंस शो की अनाउंसमैंट के साथ अनिल कपूर की एंट्री को लेकर भी खुश हो गए हैं। इससे पहले शो के पहले सीजन को करण जौहर ने होस्ट किया था। फिर दूसरे सीजन में खुद सलमान खान होस्ट बने थे।

प्रोमो के कमैंट सैक्शन में फैंस ने अनिल कपूर का जोरदार स्वागत किया। एक यूजर ने लिखा, 'बीबी का नायक...' अनिल कपूर पहली बार होस्ट के तौर पर शो करेंगे। यह देखना दिलचस्प होगा कि वह रियलिटी शो में क्या नया लाते हैं।

# बिगड़ गया उर्फी जावेद का खूबसूरत चेहरा

BOLLYWOOD LIFE

टीवी से लेकर बॉलीवुड और देश-विदेश में अपनी पहचान बना चुकीं उर्फी जावेद आए दिनों किसी न किसी वजह से चर्चाओं में बनी रहती हैं। उर्फी जावेद अपने नए और लेटेस्ट डिजाइनर कपड़ों को लेकर जमकर हैडलाइन्स बटोरती हैं, लेकिन हाल ही में उर्फी जावेद ने अपने इंस्टा हैंडल पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। उनकी ये तस्वीरें देख लोगों के होश उड़ गए हैं।

**क्या हुआ उर्फी जावेद के चेहरे को**

वायरल हो रही इन तस्वीरों में देखा जा सकता है कि उर्फी जावेद का पूरा चेहरा बुरी तरह से सूजा हुआ है। उनकी आंखें पफी हो चुकी हैं। चेहरे पर भी काफी लाल निशान हैं। वहीं उनके गाल और होंठ भी सूज गए हैं। उनकी नाक पर भी सूजन नजर आ रही है। उर्फी जावेद ने जैसी ही अपनी ये तस्वीरें शेयर कीं सोशल मीडिया पर खलबल मच गई कि आखिर उन्हें क्या हो गया है। इस तस्वीरों के साथ ही उर्फी जावेद ने एक लंबा पोस्ट भी किया है।

**उर्फी ने कही ये बात**

मुझे अपने चेहरे पर इतनी सारी टिप्पणियां मिल रही हैं कि मैं अपने फिलर्स के मामले में बहुत आगे निकल गया हूं! मैं बता दूं कि मुझे बड़ी एलर्जी है, मेरा चेहरा ज्यादातर समय सूजा हुआ रहता है। मैं हर दूसरे दिन इसी तरह उठती हूं और मेरा चेहरा हमेशा सूजा हुआ रहता है। मैं हमेशा अत्यधिक असुविधा में रहती हूं ना।

**18 साल की उम्र से...**

फिलर्स नहीं है दोस्तों, एलर्जी है। इम्यूनोथेरेपी चालू है लेकिन अगर अगली बार आप मुझे सूजे हुए चेहरे के साथ देखेंगे तो बस इतना जान लीजिए कि मैं एलर्जी के उन बुरे दिनों में से गुजर रही



हूं, मैंने अपने सामान्य फिलर्स और बोटोक्स के अलावा कुछ भी नहीं करवाया है, जो मैं 18 साल की उम्र से ले रही हूं। यदि आप मेरा चेहरा सूजा हुआ देखें तो मुझे अधिक फिलर न लेने की सलाह न दें, बस सिंपैथी दें और आगे बढ़ें।

## Happy Birthday



**सोनम कपूर**
जू. 31, श्रीनगर, सैवंथ रोड, जे.वी.पी.डी. स्कीम, मुम्बई
09



**अमीषा पटेल**
जू. 51, सहकार बिल्डिंग, बी-रोड, चर्चगेट, मुम्बई
09



**किरण खेर**
जू. 402, मरीना, जुहू तारा रोड, जुहू, मुम्बई
14

## क्या आपको पता है

बॉलीवुड के मशहूर म्यूजिक कम्पोजर नौशाद साहब को कौन नहीं जानता। बॉलीवुड में न जाने कितनी ही फिल्मों को उन्होंने अपने गीतों से सजाया है। उनके बारे में ये बात आपको पता है कि उनको शादी करने के लिए टेलर बनना पड़ा था। जी हां, सिनेमा के शुरुआती दौर में लोग फिल्म में काम करने वाले कलाकारों को छोटी नजर से देखा करते थे। जब नौशाद साहब की शादी की बात चली तो उनके पिता ने लड़की वालों को कहा था कि उनका बेटा एक टेलर का काम करता है। जब उनकी शादी हो रही थी तब वहां फिल्म 'रट्टन' का गाना 'बरसात' चल रहा था जो कि उन्होंने ही कम्पोज किया था। ये बात लड़की वालों की तरफ से आए किसी मेहमान को नहीं पता थी।



# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत निकाली कलश यात्रा

**ब्रीफ न्यूज**

## चित्रकला प्रतियोगिता और कलश यात्राएं भी हुई आयोजित



**हरदा ।** हरदा जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्त्रोतों की साफ सफाई और सौंदर्यीकरण का कार्य लगातार जारी है। कलेक्टर श्री आदित्य सिंह के मार्गदर्शन में ग्रामीण व शहरीय क्षेत्र मे जल स्त्रोतों की रिपेयरिंग, सौंदर्यीकरण और गहरीकरण के लिए ग्रामीणजन श्रमदान कर रहे हें। रविवार को जिले के जिले में नगर परिषद सिराली द्वारा वार्ड क्रमांक 15 विक्रमपुर में स्थित कुएं का गहरीकरण कार्य प्रारंभ किया गया। विक्रमपुर के बुजुर्गों ने बताया कि ये कुआ लगभग 100 वर्षों से अधिक पुराना है। कुआ गहरीकरण से आसपास के ट्यूबवेल रिचार्ज हो जाएंगे एवं कुएं से नागरिकों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध होगा। इसके पूर्व शनिवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर परिषद सिराली द्वारा वार्ड क्रमांक 14 में श्री हनुमान मंदिर वार्ड से कलश यात्रा प्रारंभ की गई। यह कलश यात्रा रामपुरा के सार्वजनिक कुएं पर जल की पूजा कर सम्पन्न हुई। हरदा जनपद के ग्राम मांगरूल में रविवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक, हरदा की नवांकुर संस्था, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मेदा एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मांगरुल के कार्यकताओं ने मांगरुल के स्कूल परिसर में स्थित प्राचीन बावड़ी की साफ सफाई की। इसके अलावा टिमरनी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बांसपानी में नाला गहरीकरण एवं बोल्डर चेक डेम निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत कालककुण्ड व ग्राम डगांवा भट्ट में घाट सफाई कार्य किया गया। जनपद पंचायत हरदा के ग्राम डगावा शंकर में चैनल गहरीकरण का कार्य प्रारम्भ किया गया। ग्राम पंचायत नौसर व झाड़बीड़ा में पशुओं के लिये पानी की होद बनाई गई। इसी प्रकार ग्राम पंचायत खमलाय में तालाब गहरीकरण कार्य प्रारम्भ किया गया। ग्राम पंचायत मांदला में नाली सफाई कार्य किया गया। ग्राम नांदवा में पानी की होद की सफाई कर पशुओं के लिये साफ पानी भरवाया गया। ग्राम पंचायत छिदगांव तमोली में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत चित्रकला प्रतियोगिता व कलश यात्रा आयोजित की गई।

## जल संरक्षण को लेकर निकाली कलश यात्रा

**हरदा।** ग्राम पंचायत आमसागर के ग्राम धनपाड़ा में ग्राम सभा शासकीय प्राथमिक शाला भवन में रखी गई जिस में सार्वजनिक कूप में सभी उपस्थित गणो ने कलश यात्रा गांव के मुख्य मार्गो से होती हुई निकली, जहां लोगों को जल संरक्षण करने जागरुक किया गया। नलकूप जल देवता की पूजा की गई और सार्वजनिक कूप की खुदाई कार्य चालू किया गया कलश यात्रा मे ग्राम के सरपंच महोदया रामकु कैलाश बिलारे सहायक सचिव दीपक धोसिया आदि उपस्थित रहे।

सत्ता सुधार ■ सीहोर

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पर्यावरण एवं जल संरक्षण के उद्देश्य से जिले में अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कोठरी नगर परिषद द्वारा कलश यात्रा निकाली गई एवं पोस्टर-बैनरों के माध्यम से सभी को जल संरक्षण का संदेश दिया गया। सीहोर नगर पालिका द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और कलश यात्रा निकाली गई एवं सभी आमजन को जल संरक्षण एवं अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया गया। रेहटी नगर परिषद में आमजन के सहयोग से कुएं एवं नाले की सफाई का कार्य किया जा रहा है।

### गहरीकरण का कार्य किया

जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू हो गया है, जो 16 जून तक चलेगा। पूरे प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान में सभी जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से अनेक स्थानों पर पौधरोपण एवं जल स्त्रोतों के गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत इछावर के ग्राम नादान में आमजनों की सहायता से स्टॉप डैम के गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में भैरूंदा के ग्राम गाउखेडी में जनसहयोग से तालाब के गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में सीहोर के ग्राम पाटनी में जल गंगा संवर्धन के तहत चित्रकला प्रतियोगिता का अयोजन किया गया।






## मिलकर कदम बढ़ाएं जल की हर एक बूंद बचाएं

# श्रमदान कर दिया जा रहा जल स्त्रोतों के संरक्षण का संदेश

सत्ता सुधार ■ शहडोल

कलेक्टर श्री तरुण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में शहडोल में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इस अभियान के तहत शहडोल जिले में जल व पर्यावरण संरक्षण के कार्य में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, अधिकारी, मीडिया के प्रतिनिधि, जन अभियान परिषद के सदस्य गण सहित अन्य लोगों द्वारा श्रमदान किया जा रहा है।

इसी कड़ी में आज जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनपद पंचायत गोहपारू के ग्राम पंचायत पोड़ी में जल संरक्षण हेतु नाले की साफ सफाई डीएफओ सुश्री श्रद्धा पेंद्र सहित अन्य लोगों द्वारा किया गया, जलङ्कगंगाङ्कसंवर्धनङ्कअभियान के तहत जनपद पंचायत गोहपारू के ग्राम पंचायत पोड़ी में डीएफओ सुश्री श्रद्धा पेंद्र सहित अन्य लोगों ने वृक्षारोपण किया। डीएफओ सुश्री श्रद्धा पेंद्र ने वृक्षारोपण कर कहा की पर्यावरण को बचाने के लिए सभी नागरिकों को स्वयं जागरूक रहना होगा और दूसरों को भी जागरूक करना होगा।

इसी प्रकार जिले के विकासखंड जयसिंहनगर ग्राम हिड़वाह में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत झिरिया नाला में श्रम दान कर साफ सफाई का कार्य किया गया। जिसमे नवांकुर समिति स्वामी विवेकानंद सेवा समिति बांसा के सदस्यगण शामिल थे। जिले के जनपद पंचायत बुढार ग्राम पंचायत साबू बगैहा में जलङ्कगंगा। संवर्धन अभियान अंतर्गत नाला साफ सफाई का कार्य किया गया। जिसमे अधिकारियों व नागरिकों ने श्रमदान किया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत दरैन में जलङ्कगंगा। संवर्धनङ्कअभियान अंतर्गत जल संरचना वाली जगह में साफ सफाई का कार्य किया गया। जिसमे नागरिकों ने श्रमदान किया, जलङ्कगंगा संवर्धन अभियान के तहत आज नगरपालिका धनपुरी के अंतर्गत रीजनल के पास स्थित तालाब का साफ सफाई के कार्य में लोगों ने श्रम दान किया, जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत लपरी चूंदी नदी बड़का झरिया चूंदी नदी का शुरुआत जन अभियान परिषद जयसिंहनगर के नवांकुर संस्था सेक्टर अमझोर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति लपरी के सदस्यों द्वारा श्रमदान किया गया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत मलमात्थर नाला ट्रेंचिंग कार्य किया गया।




### 12 जून को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन

शहडोल कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री तरुण भटनागर ने पत्र जारी किया है कि युवक-युवतियों को उनके शैक्षणिक योग्यता के आधार पर रोजगार के साधनों से जोड़ने हेतु 12 जून 2024 को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर शहडोल में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यू जील फैशन वियर प्राइवेट लिमिटेड धार, प्रतिभा सिंटेक्स लिमिटेड पीथमपुर, श्री साई बाबा सिक्योरिटी सर्विस शहडोल, एसआईएस सिक्योरिटी अनूपपुर, कृषि अभियांत्रिकी कौशल विकास केंद्र सतना, केएनआर एक्सचेंजर एंड रेफ्रिजरेशन राजस्थान, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड बैंगलोर, नर्मदा अंचल बायोटेक फार्मिंग ग्रुप अनूपपुर, एलएनटी कंस्ट्रक्शन कंपनी छिंदवाड़ा, वर्धमान यार्म मंडीदीप, सुख किसान बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड बिलासपुर, श्री राम लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड शहडोल, भारतीय जीवन बीमा निगम शहडोल संस्थाएं रोजगार मेले में सम्मिलित होगी।

## तालाब में बोरियों से भरा ट्रक घुसा, तेज स्पीड के कारण हुआ हादसा, पुलिस मौके पर पहुंची

**टीकमगढ़।** महेंद्र सागर तालाब की ओर सुबह से मॉर्निंग वॉक के लिए निकले प्रतेंद्र सिंघई ने बताया कि सुबह तालाब की ओर घूमने गए थे। महेंद्र सागर तालाब पर बनी ताल कोठी भवन के ठीक आगे एक ट्रक तालाब में पड़ा था। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि तेज रफ्तार ट्रक तालाब की बंधान पर बनी रेलिंग तोड़ते हुए सीधा अंदर घुस गया। हादसा होते ही ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी। जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची है। लोगों से पूछताछ के बाद पुलिस ने ट्रक को तालाब से बाहर निकालने के लिए क्रेन मौके पर बुलाई है। नो एंट्री के बाद भी शहर में भारी वाहनों के प्रवेश से लगातार हादसे हो रहे हैं। विगत दिनोंताल दरवाजा मोहल्ले में एक अनियंत्रित ट्रक मकान में घुस गया था। इसके पहले भी पपौरा चौराहा और ताल दरवाजा मोहल्ला में इस तरह के हादसे हो चुके हैं। इसके बाद भी हैवी वाहनों को शहर में प्रवेश करने से नहीं रोका जा रहा है।

# पानी की टंकी में डूबने से 12 वर्षीय बालक की मौत , पुलिस ने किया मामला दर्ज

सत्ता सुधार ■ शहडोल



जिले के झींक बिजुरी के फुलवारी गांव में स्कूल के समीप बनी निर्माणाधीन नल जल योजना की पानी की टंकी में डूबने से 12 वर्षीय मासूम की मौत हो गई है, मासूम टंकी में नहाने गया था उसी दौरान यह हादसा हुआ है। चौकी प्रभारी झींक बिजुरी आर पी वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पुष्पेंद्र सिंह पिता सुखलाल उम्र 12 वर्ष गांव के स्कूल के समीप निर्माणाधीन नल जल योजना की पानी की टंकी में भरे पानी में नहा रहा था नहाते समय वह उसमें डूब गया जिससे उसकी मौत हो गई है। पिता ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उसका मासूम पुत्र घर से सुबह-सुबह नहाने के लिए निकला था, मासूम ने पिता से यह कहकर नहाने घर से निकला था कि वह तालाब में जाकर नहाएगा, लेकिन मासूम नल जल योजना की टंकी में भरे पानी में नहाने पहुंच गया जब काफी देर तक पुष्पेंद्र घर वापस नहीं लौटा तो पिता सहित परिवार के लोग तालाब पहुंचे और उसकी तलाश शुरू कर दी, लेकिन तालाब के आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ में पता चला कि पुष्पेंद्र यहां आया ही नहीं, इसके बाद नल जल योजना की निर्माणाधीन पानी टंकी में पिता व परिवार की अन्य सदस्य पहुंचे जहां ठेकेदार की लापरवाही की वजह से गेट में ताला नहीं लगा था, अंदर देखा तो गड्ढे को ठेकेदार ने पकाने के लिए उसमें लगभग 6 फीट तक पानी भर रखा था उसी में मासूम नहा रहा था नहाते नहाते वह डूब गया जिससे उसकी मौत हो गई है। शव को टंकी में देख परिजन उसे तुरंत बाहर निकाल लेकिन मासूम की मौत काफी देर पहले ही हो चुकी थी, मामले की जानकारी पुलिस को दी गई पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्यवाही कर जांच शुरू कर दी है। चौकी प्रभारी का कहना कि ठेकेदार की लापरवाही सामने आई है टंकी अधूरी थी और गेट पर ताला नहीं लगा था उसे पकाने के लिए 6 फीट तक उसमें पानी भर गया था जिसमें मासूम डूब गया है। बालक के शव को टंकी से बाहर निकाला गया एवं पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया घटनाक्रम के संबंध में पुलिस ने मार्ग जांच के उपरांत आरोपी पेटी कांट्रेक्टर अशोक अहिरवार निवासी ग्राम भरुआ थाना जैतपुर के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है ।

# सभी के सामूहिक प्रयासों से ही होगा जल संरक्षण व संवर्धन

**हरदा।** प्रदेश सरकार द्वारा जल संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से ÷जल गंगा संवर्धन अभियान÷ गत 5 जून से प्रारंभ किया गया है, जो कि 16 जून तक जारी रहेगा। इस अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं । इसी क्रम में रविवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में जल संगोष्ठी आयोजित की गई । संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह ने संबोधित करते हुए कहा कि जल संरक्षण और संवर्धन का कार्य किसी एक व्यक्ति द्वारा नहीं किया जा सकता, बल्कि सभी के सामूहिक प्रयासों से ही यह संभव है। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री दर्शन सिंह गहलोत, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारतीय राजू कमेडिया, संयुक्त कलेक्टर सुश्री रजनी वर्मा तथा जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण इवने, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक कोशलेश तिवारी व अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शाह ने सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शाह ने इस अवसर पर कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों को व्यक्तिगत रुचि लेकर अपने-अपने गांव और शहरों में जल संरक्षण और संवर्धन के लिए विशेष प्रयास करने चाहिए।

उन्होंने कहा कि जन प्रतिनिधियों को अपने प्रभाव का इस्तेमाल जल संरक्षण के कार्यों को प्रोत्साहन देने में करना चाहिए। उन्होंने सरपंच संघ के अध्यक्ष से कहा कि सभी सरपंच मिलकर अपने-अपने गांव व पंचायतों में जल संरक्षण और संवर्धन के कार्य जानभागीदारी से अवश्य कराएं। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री गहलोत ने इस अवसर पर कहा कि पानी का निर्माण नहीं किया जा सकता बल्कि पानी को केवल बचाया ही जा सकता है। इसलिए सभी का दायित्व है कि पानी को बचाने के लिए सामूहिक प्रयास करें। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कमेडिया ने कहा कि शहरी क्षेत्र में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए जाएंगे। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अपने-अपने घरों में अवश्य लगवाए। उन्होंने बताया कि अजनाल नदी की साफ सफाई कराकर घाट सौंदर्यीकरण का कार्य जारी है । उन्होने कहा कि उड़ा की बावड़ी की साफ सफाई भी नगर पालिका द्वारा कराई जा रही है । जल स्त्रोतों के अत्यधिक दोहन के कारण नदी तालाब जैसे जल स्त्रोत धीरे-धीरे अपना अस्तित्व खोते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज जल स्त्रोतों के पुनर्भरण की आवश्यकता है। उन्होंने इसके लिए सभी के सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता बताई । उन्होंने कहा कि हमारे देश में नदियों को पूजा जाता है, जबकि नदियों को सबसे अधिक प्रदूषित भी हम लोग ही कर रहे हैं।

## रामेश्वर कुंड भी होगा जीवंत




**खंडवा।** जल गंगा संवर्धन के अंतर्गत शहर के कुएं, बावड़ी एवं तालाबों का जीर्णोद्वार करने का नगर निगम सतत प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में रविवार को रामेश्वर कुंड स्थित बावड़ी एवं कुंड के आस पास साफ सफाई करके जल स्त्रोतों का उन्नयन कार्य एवं बाउंड्री में पेंटिंग का कार्य प्रारंभ किया। कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, राजेश यादव प्रभारी जल समिति, अनिल वर्मा प्रभारी लेखा एवं वित्त राजेश तिवारी, सुनील जैन , सुधीर साकल्ले , प्रदीप यादव , संजय राणा, दिलीप दशोर , उपायुक्त जाकिर जाफरी ,उपायुक्त प्रदीप जैन, संजय शुक्ला, गौरव खरे, संतोष पांडे , एच आर पांडे, अजय गीते, भुवन श्रीमाली , इंदौर मंडलोई , मनोज वैष्णव एवं नगर निगम खंडवा के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। आज के कार्यक्रम में श्रमदान हेतु दादाजी ग्रुप ने भी हिस्सा लिया।

**समीक्षा** गोपाल शुक्ला ने बताया की आयोजन को लेकर संगठन की सभी तैयारियों को लेकर समिक्षा की गई

# सर्वब्राह्मण समाज वेलफेयर सोसायटी के द्वारा दो दिवसीय आयोजन

सत्ता सुधार ■ हरदा

सर्वब्राह्मण समाज वेलफेयर सोसायटी के द्वारा विप्र मार्ट -2 एवं युवक युवती एवं पालक परिचय सम्मेलन आगामी15 एवं 6 जून माह दिन शनिवार-रविवार मे दो दिवसीय आयोजन किया जा रहा हैं। इसकी तैयारी को लेकर शनिवार को ब्राह्मण समाज हरदा की निजी होटल बैठक आयोजित की गई। बैठक की जानकारी देते हुए ब्राह्मण समाज के मीडिया प्रभारी गोपाल शुक्ला ने बताया की आयोजन को लेकर संगठन की सभी तैयारियों को लेकर समिक्षा की गई । संगठन के सचिव उदय बेलापुरकर ने दो दिवसीय आयोजन मे करुणाधाम भोपाल के पीठेश्वर संत सुदेश शांडिल एवं नर्मदापुरम से आचार्य पंडित सोमेश परसाई ने आमंत्रण को स्वीकार किया है। अध्यक्ष रजनीश शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण संगठन से जुड़े संगठन के अध्यक्षों ने कार्यक्रम मे शामिल होने की सहमति जताई गई । संगठन की महिला प्रभारी रचना दुबे ने आयोजन स्थल पर सभी को दयित्व दिये गये। आयोजन के मार्गदर्शक ज्योति दुबे, एल एन पारासर ने बाहर से आ रहे अतिथियों को असुबिधा ना हो इसका विशेष ख्याल रखा जाए जिससे कोई असुविधा ना हो।



संगठन के संरक्षक ओमप्रकाश पारशर प्रवीण काशिव, कैलाश चतुर्वेदी, अशोक पाराशर, ज्योति तिवारी ने भी पूर्व मे ऐसे हुए आयोजनों मे होने वाली कठिनाई से अवगत करवाते हुए कहा की आने वाले सभी प्रत्याशी और उनके पालक गणो को बेहतर बातचीत का मौका मिले । हम आपस मे एक दूसरे से उनका परिचय करवाए जिससे हमारे आयोजन की सार्थकता बन सके । किर्ति तिवारी नेहा अवस्थी प्रीति गुहा ने आयोजन को लेकर बनी समिति के द्वारा किये गये कार्यो को बताया गया साथ सम्मेलन के शामिल होने वाले आगंतुको की संख्या को देखते विप्र मार्ट मे स्टाल संख्या सिमित किये जाने पर सहमति बनाई गयी।

आचार्य प्रफ्फुल दुबे अनिता मिश्रा मदन व्यास ने मेधावी विधार्थियों के सम्मान एवं संस्कतिक कार्यक्रम के प्रतिभागियों की आमंत्रित डाटा एवं उनकी तैयारी से अवगत करवाया। बैठक मे मुख्य रूप से शामिल अतुल शुक्ला राजेंद्र शर्मा सत्यनारायण बादर जया शाक्कले मेधा पारे विपिन दुबे राजेश शर्मा पवन शर्मा नीलेश शुक्ला देवेश शर्मा सहित जिले सदस्य मौजूद थे ।बैठक का आभार राकेश जोशी ने किया।

# छिदगांव तमोली मे जल संरक्षण को लेकर निकाली कलश यात्रा, किया जागरूक

सत्ता सुधार ■ हरदा

ग्राम पंचायत छिदगांव तमोली मे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत रविवार को कलश यात्रा निकाली गई। जहाँ लोगों को जल संरक्षण करने के लिए जागरुक किया गया। सचिव गणेश बाँके ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान को लेकर गांव में कलश यात्रा निकाली गई। भविष्य के लिए सभी को जल संवर्धन करने की आवश्यकता है। लोगों को जल संवर्धन करना चाहिए। युवा सरपंच उत्तम सिंह राजपूत ने बताया की ग्राम पंचायत छिदगांव तमोली के अंतर्गत आने वाले सभी पुराने और जीर्ण शीर्ण जल स्त्रोत को साफ सफाई करवा कर पुन~निर्मित किया जाएगा। जिससे उनका जल उपयोग में लाया जा सके। अनिल मल्हारे ने गांव के लोगो से पानी का संवर्धन कर पानी बचाने की अपील की हैं। कलश यात्रा में युवा सरपंच उत्तम सिँह राजपूत, सचिव गणेश बाँके, कराटे कोच अनिल मल्हारे, नारायण राजपूत, मोनिका मालवीय, रक्षा ढोके कमला मालवीय, वैष्णवी ढोके, रागनी ढोके सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### राहुल दुबे का एमपी पी.एस.सी. में चयन



**मुरैना।** म.प्र. लोकसेवा आयोग ने राज्यसेवा परीक्षा 2021 का अंतिम रिजल्ट घोषित कर दिया है, जिसमे विभिन्न विभागों में 20 पदों के लिए परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा में मुरैना से राहुल 1575 में से 837 अंक प्राप्त कर अधीनस्थ लेखा सेवा का पद प्राप्त किया है। राहुल दुबे मध्यम वर्गीय परिवार के सदस्य है। राहुल की प्रारंभिक शिक्षा शिवनगर स्थित विजय कॉन्वेन्ट में हुई। इसके बाद राहुल ने शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नम्बर 1 मुरैना से हाई स्कूल की परीक्षा वर्ष 2013 में 91 प्रतिशत अंको से पास की। दुबे ने हायर सैकण्ड्री की परीक्षा 2015 में 94 प्रतिशत अंकों से पास कर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुरैना से बी.एस.सी. की परीक्षा लगभग 75 प्रतिशत अंको से पास कर मुरैना में ही परीक्षा की तैयारी की। प्रथम बार एम.पी.पी.एस.सी. वर्ष 2020 में भी राहुल ने इन्टरव्यू दिया था, लेकिन उनका चयन नहीं हो सका स अपनी लगन और मेहनत के बल पर पुनः वर्ष 2021 में प्री-मेन्स क्लीयर कर इन्टरव्यू दिया, इस बार उन्हें सफलता के रूप में अधीनस्थ लेखा सेवा के पद पर चयन हुआ है। राहुल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता अपनी बहन एवं अपने गुरूजनों को दिया है। राहुल का कहना है कि लक्ष्य निर्धारित कर यदि कोई कार्य किया जाये तो सफलता निश्चित ही मिलती है। वे अपने प्रगति के लिए आगे भी निरन्तर प्रयास करते रहेगे। राहुल दुबे वर्तमान में प्राथमिक शिक्षक के रूप में शा.प्रा.वि.गंगापुर का पुरा ब्लॉक मुरैना में पदस्थ है। इस पद से पूर्व उनका चयन जोन जोधपुर में सीनियर क्लर्क के रूप में हुआ था, लेकिन उन्होंने अपने उज्जवल भविष्य को ध्यान में रखते हुए तथा म.प्र. में ही मिली अच्छी सेवा म.प्र.पी.एस.सी के माध्यम से प्राप्त करने की इच्छा के कारण रेल्वे सेवा को ज्वॉइन नही किया।

### टीएल बैठक आज

**मुरैना।** कलेक्टर अंकित अस्थाना की अध्यक्षता में टीएल बैठक 10 जून, 2024 को प्रातः 11:30 कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में आयोजित की गई है। बैठक में समस्त अधिकारी समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### निराश्रित गौवंश की समस्या के निराकरण हेतु आज देंगे ज्ञापन

**मुरैना।** निराश्रित विचरण करने वाली गौ माताओं, गौवंशों तथा गौशालाओं की समस्या के संबंध में 19 सूत्रीय मांग का पत्र विश्व हिन्दू परिषद गौ रक्षा विभाग द्वारा आज 10 जून सोमवार को प्रातः 11:00 मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौपा जायेगा। विश्व हिन्दू परिषद के समस्त कार्यकर्ता तथा गौशाला संचालक, गौ सेवको, साधू संतो से आहवन है कि ज्ञापन को प्रभावी बनाने हेतु अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गोमाताओं की पीड़ा के निवरण हेतु संघर्ष में अपना योगदान प्रदान करें।

# कलेक्टर और डीजे का बंगला बनाने वालों को नहीं मिली मजदूरी, कोतवाली में की शिकायत

सत्ता सुधार ■ मुरैना

पिछले कुछ समय से वीआईपी रोड पर जिला कलेक्टर एवं जिला सत्र न्यायाधीश के बंगलो का निर्माण ठेकेदार द्वारा मजदूरों से कराया जा रहा है, लेकिन पिछले 5 दिन से ठेकेदार द्वारा मजदूरों को भुगतान नहीं दिया गया, जिस कारण रविवार को जब भूखों मरने की स्थिति आई तो मजदूर कोतवाली पहुंचे और ठेकेदार से रुपए दिलाने की मांग की।



प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के वीआईपी रोड पर निर्माणाधीन कलेक्टर एवं डीजे के बंगलो पर इस समय ठेकेदार पुष्पेंद्र सिंह तोमर द्वारा टीकमगढ़ के मजदूरों से काम कराया जा रहा है। वहां काम कर रहे मजदूरों ने कोतवाली पुलिस को बताया कि पिछले 5 दिन से ठेकेदार द्वारा उन्हें पेमेंट नहीं किया गया है, जिस कारण उनके पास खाने को कुछ भी नहीं है और रविवार की दोपहर 2:00 बजे तक वह भूखे प्यासे बैठे रहे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने ठेकेदार को बुलाया, लेकिन वह थोड़ी ही देर बाद वहां से निकल गया। बताया जाता है कि निर्माण कार्य में लगे मजदूर मिस्त्री नीरज निवासी टीकमगढ़ चार दिन की मजदूरी 2800 रुपए, रोहित निवासी टीकमगढ़ की मजदूरी 2800 रुपए, धर्मेंद्र निवासी ललितपुर झाँसी की मजदूरी 2500 रुपए, पाना महिला टीकमगढ़ की मजदूरी 2000 लड़के के 2500 रुपए, उर्मिला और बिसन बाई महिला के 2000 और 2000 रुपए की मजदूरी नहीं दी गई और पूर्व का पैसा समाप्त हो गया, जिस कारण रविवार को उन्हें देर दोपहर तक पैसों के अभाव में भूखा रहना पड़ा। उल्लेखनीय है कि मुरैना जिले में दबंग लोगों द्वारा मजदूरी के काम के लिए टीकमगढ़ से मजदूर बुला लिए जाते हैं और फिर उनको समय पर भुगतान नहीं करते। पूर्व में कई दबंग लोगों द्वारा मजदूरों को बंधक बनाए जाने की घटनाएं भी सामने आई हैं और प्रशासन एवं पुलिस द्वारा उन्हें रिहा कराया गया। मुरैना जिले में दबंग लोगों के इन कारनामों के कारण बाहर के मजदूर यहां आने से डरने लगे हैं।

# मीरपुर में शर्मा किराना स्टोर में लगी आग, 15 लाख रुपए का नुकसान

## 16 सीसी टीवी कैमरे जलकर राख, 4 फायर ब्रिगेड ने बुझाई आग

सत्ता सुधार ■ मुरैना

स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के मीरपुर गांव में स्थित थोक किराना स्टोर की दुकान में देर रात्रि को अचानक अज्ञात कारण से आग लग गई और उसमें रखा लाखों रुपए का किराने का सामान जलकर राख हो गया। घटना की सूचना दुकान मालिक को सुबह दौड़ लगाने के लिए जाने वाले लड़कों ने दी। इसके बाद ग्रामीण घटनास्थल पर दौड़े और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। लगभग 1 घंटे की मशक्कत के बाद 4 फायर ब्रिगेड द्वारा आग पर नियंत्रण किया गया। शर्मा किराना स्टोर मीरपुर थाना स्टेशन रोड के संचालक राजेश शर्मा ने बताया कि शनिवार रविवार की देर रात 2:30 बजेके लगभग उसकी थोक किराना दुकान में अचानक आग लग गई और समान जलने लगा। सुबह 5:00 बजे के लगभग जब गांव



के लड़के दौड़ लगाने गए तो दुकान में धुआ और आग की लपटे देखी। दौड़ लगाने वाले लड़कों ने तत्काल राजेश शर्मा को घटना की सूचना दी। इसके बाद राजेश शर्मा एवं उसके परिवार के साथ तमाम ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा फायर ब्रिगेड को कॉल कर स्वयं आग बुझाने में जुट गए। सूचना मिलने पर 4 फायर ब्रिगेड मुरैना से मीरपुर पहुंची और दमकल कर्मियों ने 1 घंटे के प्रयास के बाद आग को नियंत्रण में किया। राजेश शर्मा ने बताया कि वह थोक में किराने का सामान विक्रय करता था और प्रतिदिन 70 से 80 हजार रुपए की बिक्री होती थी। शनिवार को ही ढाई लाख रुपए का सामान दुकान में भरा था। इस अग्निकांड में दुकान के अंदर व बाहर लगे 16 सीसीटीवी कैमरे पूरी तरह जल गए, जिससे घटना का कोई सुराग नहीं मिल पा रहा है। इस अग्निकांड में लगभग 15 लाख रुपए का नुकसान बताया गया है। मौके पर राजस्व विभाग से पटवारी ने पहुंचकर नुकसान का आकलन किया है।

# एसएनसीयू में नवजात बच्चे की मौत, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

सत्ता सुधार ■ मुरैना



जिला अस्पताल में डिलीवरी के लिए आई महिला को प्रसव के दौरान बच्चा हुआ जिसे एसएनसीयू में डॉक्टर द्वारा भर्ती कराया गया, जहां रविवार की सुबह बच्चों की मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने वहां हंगामा खड़ा कर दिया और पुलिस तथा आरएमओ मौके पर पहुंचे तथा परिजनों को समझाइस देकर देकर शांत किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बॉबी शर्मा उम्र 32 निवासी आगरा सिकंदरा शास्त्री पुरम एक जून को अपनी गर्भवती पत्नी साधना को लेकर ग्वालियर में रहने वाली अपनी साली के यहां महाकौशल ट्रेन से आगरा से सवार होकर जा रहे थे। बताया जाता है की साधना 7 महीने की गर्भवती थी। धौलपुर से पेट में दर्द होने लगा, तब पति ने मुरैना स्टेशन उतार लिया। वहां स्टेशन डिलीवरी होने लगी, आधा बच्चा बाहर आ गया, तब आरपीएफथाना पुलिस ने एम्बुलेंस बुलाई और जिला अस्पताल लेकर आये। एम्बुलेंस में ही महिला की डिलीवरी हो गई। उसके बाद बच्चे और माँ को जिला अस्पताल मुरैना में भर्ती कराया गया। रविवार की सुबह एसएनसीयू यूनिट में नवजात बच्चे की मौत हो गई, जिसके बाद परिजनों ने वहां पर हंगामा खड़ा कर दिया और डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस एवं अन्य स्वास्थ्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। काफी देर बहस होने के बाद उन्हें समझाकर शांत किया गया। उक्त घटना के पश्चात पीड़ित परिवार ने नवजात बच्चे का ग्वालियर रोड स्थित टोल प्लाजा के पास नदी में शव प्रवाहित कर दिया।

## ईको क्लब फोर मिशन लाइफ के अंतर्गत दाऊजी मंदिर पर चलाया स्वच्छता अभियान




सत्ता सुधार ■ मुरैना

भारत सरकार पर्यावरण मंत्रालय नई दिल्ली के आदेश अनुसार मध्य प्रदेश शासन के मार्गदर्शन में राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देश पर 5 जून से 12 जून 2024 तक ईको क्लब फोर मिशन लाइफ अंतर्गत पर्यावरण संबंधी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसमें अपशिष्ट प्रबंधन विषय को लेकर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्र 1 मुरैना के इको क्लब प्रभारी डॉ राकेश कुमार शर्मा के साथ स्काउट-गाइड के छात्र-छात्राओं, स्काउटर व गाइडर ने मुरैना गांव स्थित दाऊजी मंदिर पर स्वच्छता अभियान चलाया तथा सभी ने स्वच्छता की शपथ ली। इस अवसर पर रामनरेश डण्डोतिया ने कहा कि हम सबके लिए आज के समय में पर्यावरण संरक्षण मैं मृदा संरक्षण, जल संरक्षण तथा वृक्षारोपण अति आवश्यक है, क्योंकि ग्लोबल वार्मिंग का असर हमें गर्मी के रूप में दिखाई दे रहा है इसलिए हम सभी को पर्यावरण संरक्षण को मिशन लाइफके रूप में लेना होगा।

### भिक्षावृति अभियान के तहत 07 बच्चों को बाल ग्रह भेजा

मुरैना। कलेक्टर अंकित अस्थान के निर्देश पर भिक्षावृति अभियान 20 मई से चलाया जा रहा है। अभियान के तहत चिन्हित स्पॉट बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, बैरियर चौराह, ज्ञानेश्वरी मंदिर, मंदिर, मुरैना टोल आदि स्थानों पर महिला बाल विकास आईसीपीएस प्रभारी अपूर्वा चौधरी, श्रम विभाग, एसजेपीयू, बाल ग्रह की टीम द्वारा बच्चों व उनके माता पिता को समझाइश दी जा रही है। इसके साथ ही शिक्षा की महत्वता के बारे में भी बताया जा रहा है। महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित शिशु ग्रह, बाल ग्रह, स्पॉन्सरशिप योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। भिक्षावृति अभियान कि तहत देवपुरी बाबा के मंदिर से 2 बच्चों को बाल ग्रह भेजा गया। रेलवे स्टेशन पर मजदूरी करने बाहर से आये परिवारों को बाल श्रम, भिक्षावृति के बारे में बताया। बस स्टैंड, कलेक्ट्रेट के बाहर बैठे परिवार में बच्चों व परिवारों को समजाईश दी गई एवं 5 बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश कर बाल ग्रह भेजा गया।

# जेल रोड के कॉर्नर पर रेत से भरा डंपर पलटा, 2 घायल

सत्ता सुधार ■ मुरैना

कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एमएस रोड से जेल के लिए जाने वाले रास्ते के कॉर्नर पर रविवार की सुबह रेट से भरा डंपर पलट गया, जिसमें एक साइकिल सवार बाल बाल बच्चा और उसकी साइकिल क्षतिग्रस्त हो गई तो वही क्लीनर घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायलों को अस्पताल भेजा एवं सड़क पर फैले रेत को साफ कराया।



बताया जाता है कि रविवार की सबह ग्वालियर से सिंध नदी से रेत लेकर आ रहा डम्पर जिला अस्पताल जा रहा था, तभी एमएस रोड के कॉर्नर पर मुड़ने से पहले ही सीवर धसकने से डम्पर पलट गया। पलटते समय गणेशपुरा निवासी साईकिल सवार सुरेंद्र तोमर जो सब्जी लेने मंडी जा रहा था, वो बाल बाल बच गया। उसकी साईकिल क्षतिग्रस्त हो गई और पैर के अंगूठे में हल्की चोट आई है। डम्पर पलटने से क्लीनर राजवीर पुत्र बरेलाल खटीक उम्र 35 चंबल बिंड़वा घायल हो गया, वहीं ड्राइवर सुरक्षित बताया गया है। उल्लेखनीय है कि नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर में सीवर के घटिया निर्माण के चलते आये दिन एसी घटनायें सुनने को मिल रही है। शहर में सड़क तो डाल दी, लेकिन सीवर डालने के बाद उसका काम मजबूती से नहीं किया गया, इसलिए आए दिन जगह-जगह सड़क धसक रही है और हादसे बढ़ रहे हैं। बाद में क्रेन मशीन के द्वारा डम्पर को सीधा किया गया और तब रास्ता खुला।

# जल गंगा सम्वर्धन अभियान के तहत नगर परिषद ने चलाया अभियान

सत्ता सुधार ■ मुरैना

जल गंगा सम्वर्धन अभियान के तहत मुरैना जिले में नगरीय निकायी एवं ग्राम पंचायतों में जल संरचनाओं के सरक्षण के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। यह अभियान 5 जून से 16 जून तक आयोजित किया जाएगा। इसी क्रम में नगर परिषद झुण्डपुरा में जल सम्वर्धन अभियान के तहत नगर तालाब गहरीकरण तथा जलाशयों के आसपास सफाई अभियान भी चलाया गया। इसके साथ ही करधन तालाव की साफ-सफाई पौधरोपण करने के लिए भी प्रेरित् गया। नगर परिषद झुण्डपुरा में मुख्य नगरपालिका अधिकारी बीरेंद्र



सिंह रावत, नगरपालिका परिषद उपाध्यक्ष यशकांत शर्मा, कर्मचारी, जनप्रतिनिधियों ने जनसहयोग श्रमदान कर साफ-सफाई की। संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए लोगों से जनसहयोग कर इनके संरक्षण के लिये जागरूक किया गया। इसके साथ ही लोगों से अधिक से अधिक संख्या में जल गंगा सम्वर्धन अभियान नगर पालिका परिषद झुण्डपुरा कर्मचारी जनप्रतिनिधियों एवं जन सहयोग श्रमदान कर तालाब सरोवर से कूड़ा कर्कट गंदगी निकालकर साफ-सफाई की। इस अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी बीरेंद्र सिंह रावत, उपाध्यक्ष यशकांत शर्मा, रामदीन जौहरी, हेमंत शर्मा, नागेन्द्र मौर्य, महेश वाल्मीकि सहित कर्मचारी जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# अशासकीय शिक्षक संघ का चुनाव संम्पन्न, दीपक अध्यक्ष व सुमित बने उपाध्यक्ष

सत्ता सुधार ■ सबलगढ

रविवार को श्री मंजरा वाले हनुमान जी मंदिर पर प्रशासकीय शिक्षक संघ के अध्यक्ष का चुनाव संपन्न हुआ, जिसमे 118 शिक्षकों ने सहभागिता की। निर्वाचन प्रक्रिया में पांच लोगों की समिति में धर्मेश त्यागी, राजेन्द्र धाकड़, संतोष बाथम, भूपेन्द्र धाकड़, प्रमोद त्यागी एवं अखिलेश शर्मा के समक्ष वैलिड पेपर से मतदान संपन्न कराया गया । अध्यक्ष पद हेतु दो उम्मीदवार दीपक जादौन एवं सुमित शुक्ला मैदान में थे, जिसमें मतगणना के पश्चात दीपक को अध्यक्ष एवं सुमित को उपाध्यक्ष चुना गया। चुनाव संपन्न होने के बाद अब कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन पर प्रशासकीय शिक्षक संघ ने हर्ष जताया है।



## सत्ता न्यूज

### अभियान में स्व सहायता समूह की महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण महापौर शारदा सोलंकी

# जल संरचना सफाई का दिया संदेश समूह ने निकाली कलश यात्रा

सत्ता सुधार ■ मुरैना

मुरैना शहर के कुआ बावड़ी तालाब जलीय स्त्रोतों को साफस्वच्छ बनाने के लिए नमामि गंगे अभियान का संचालन मध्य प्रदेश सरकार द्वारा 5 जून से लेकर 16 जून तक किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न जलीय स्त्रोतो कुआ बावड़ी तालाब की अभियान चला कर साफ-सफाई की जा रही है। नगर निगम मुरैना द्वारा बड़ोखर स्थित इंदिरा सरोवर तालाब की अभियान अंतर्गत साफ-सफाई की गई साफसफाई के दौरान नगर निगम महापौर शारदा सोलंकी ने कहा कि शहर को साफ सुंदर स्वच्छ बनाने में स्व सहायता समूह की महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। समूह की महिलाएं सामुदायिक शौचालय ऑडिट से लेकर सफाई के सारे कार्य




करती आ रही है इसलिए समूह की महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। जलीय स्त्रोतो को साफस्वच्छ बनाने में समूह की महिलाओं की भूमिका का महत्वपूर्ण है। नगर निगम सभापति राधारमन दंडोतिया ने कहा कि बडोखर तालाब हमारा आस्था का केंद्र है और शहर के प्रत्येक जलीय स्त्रोतों को स्वच्छ साफरखना हमारा कर्तव्य है। नगर निगम आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि हमें शहर को साफ स्वच्छ रखने के लिए श्रमदान आवश्यक करना चाहिए समूह की महिलाओं द्वारा जलीय स्त्रोतों कुवा बावड़ी तालाब आदि को साफ-स्वच्छ रखने के लिए कलश यात्रा निकालकर जागरूकता का संदेश दिया गया एवं बड़ोखर तालाब पर समूह की महिलाओं द्वारा श्रमदान भी किया गया तथा जलीय स्त्रोतों को साफरखने के लिए शपथ भी दिलाई गई। श्रमदान में नगर निगम अमला सहित पार्षद रणछोड़ दास सामाजिक संस्थाओं के सामाजिक कार्यकर्ता एवं शहर के नागरिक मौजूद रहे।

## घर से निकलते समय धूप और लू से बचाव के उपाय करें

**मुरैना।** लू से बचने के लिए जन सामान्य ज्यादा समय तक घर पर ही रहें। दिन में 10 बजे के बाद गर्म हवाओं का प्रकोप हो जाता है। आमजन अति आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकले। जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलते समय पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। खाली पेट घर से बाहर न जायें। इससे लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। दिन में कम से कम 12 से 15 गिलास पानी जरूर पियें। लू से बचाव के लिए देशी घरेलू उपाय अपनाएं। बाहर निकलते समय सूती कपड़े से चेहरा और सिर ढककर रखें तथा पानी साथ में जरूर रखें। पहनने के लिए सूती कपड़ों का अधिक उपयोग करें। लू से बचने के लिए खरबूज, तरबूज, ककड़ी, खीरा आदि मौसमी फलों का सेवन करें। बेल, सौफ, पुदीना, धनिया आदि के शर्बत तथा छांछ के उपयोग से भी लू से बचाव होता है। कच्चे आम का पना तथा कच्ची प्याज का उपयोग भी लू से बचाता है। अगर लू के लक्षण जैसे मिचली आने, गला सूखने तथा बुखार का प्रकोप होने पर तत्काल डॉक्टर से संपर्क करके उचित उपचार करायें।

## ब्रीफ न्यूज

### श्रमिकों को लू तापघात से बचाने हेतु निर्देश जारी

**हरदा ।** श्रम पदाधिकारी ने जिले के सभी कारखानों एवं संनिर्माण स्थलों पर लू-तापघात से श्रमिकों के बचाव के लिये नियोक्ताओं व ठेकेदारों निर्देश जारी किये है। उन्होने फैक्ट्री संचालकों को निर्देशित किया है श्रमिक जहां से कार्यस्थल पर आने जाने के लिये एकत्र होते है, वहां पर धूप से बचाव के लिये शेड की व्यवस्था की जाए। महिलाओं एवं बच्चों के लिये धूप से बचाव हेतु शेड की व्यवस्था की जाए। कार्य स्थल पर श्रमिकों के लिये पीने के शुद्ध ठण्डे पानी की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। उन्होने निर्देशित किया है कि निर्जलीकरण होने की स्थिति में ओआरएस घोल एवं अन्य प्रतिरोधक सामग्री का प्रावधान कार्यस्थल पर किया जाए। स्थल पर प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की जाए तथा लू से प्रभावित पाये जाने पर तुरन्त चिकित्सा परामर्श के लिये अस्पताल ले जाया जाए। कार्य स्थल के समीपस्थ डिस्पेंसरी अथवा अस्पताल से समन्वय करें तथा कैंटीन में भोजन, नाश्ते आदि में ताप अथवा लू प्रतिरोधक खाद्य पदार्थों के उपयोग को प्रोत्साहित करें।

### जल सम्मेलन कलश यात्रा

**हरदा।** नगर पालिका के सभागार में जल सम्मेलन नपाध्यक्ष श्रीमती भारती कमेडिया की अध्यक्षता में हुए पर्यावरण दिवस से गंगा दशमी तक 11 दिनों तक चलने वाले अभियान की जानकारी दी गई। इस के माध्यम से कुएं बावड़ी नदी आदि जल स्रोतों का संरक्षण कर जीर्णोद्धार करेंगे। 9 जून को सामाजिक धार्मिक महत्व की जल संचारना के पास कलश यात्रा निकाली और जल संरक्षण विषय पर निबंध चित्रकलॉ प्रतियोगिता आयोजित की गई।

### ट्रेन से टकराया युवक, सिर में गंभीर चोट लगी, मौतःपरिजनों ने हत्या की आशंका जताई

**हरदा ।** जिला मुख्यालय के रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन के पास शनिवार रात करीब साढ़े दस बजे ट्रेन से टकराने से एक 23 वर्षीय युवक की मौत हो गई है। रविवार सुबह जिला अस्पताल में मृतक के शव का पीएम कर परिजनों को सौंप दिया है। जीआरपी ने मर्ग कायम कर लिया है।

# गरीब की थाली का निवाला फिर गायब

## आपूर्ति निगम की अनदेखी या मिलीभगत ?, एक ही परिवार को मिल रहा बरसों से परिवहन का ठेका

सत्ता सुधार ■ खंडवा

गरीबों की थाली में जाने वाला राशन खंडवा में एक बार फिर गायब हो गया। खंडवा में एक ही चौहान परिवार के लोगों को बरसों से नागरिक आपूर्ति निगम से राशन परिवहन का ठेका देता आया है। करोड़ों के इस कारोबार में जिम्मेदार अधिकारी कंधे उचकाकर अपनी सांठगांठ से इंकार करते है और सारी जिम्मेदारी भोपाल के आला अधिकारियों के सर मड़ देते है। इधर परिवहनकर्ता ट्रांसपोर्टर अपने आपको पाकसाफ बताकर अधिकारियों पर आरोप लगाता है कि उसे टारगेट बनाया गया है।

ताजा मामले के अनुसार अनाज की हेराफेरी के मामलों में कई बार बदनाम हो चुके खंडवा के चौहान परिवार के आजम चौहान की पत्नि के नाम से भाटी ट्रांसपोर्ट है। जिस पर आरोप है कि जो राशन खरगोन पहुंचना था उसमें से करीब 340 क्विंटल गेहूं रास्ते में गायब हो गया। दरअसल खंडवा से खरगोन के रास्ते में आने वाले देशगांव में पंकज पिता प्रकाश चंद जायसवाल के गोदाम से 8 क्विंटल सरकारी गेहूँ पकड़ा गया है, इस मामले में जिले के छैगांवमाखन थाने में अपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है जिसमें पंकज जायसवाल, भाटी ट्रांसपोर्ट कंपनी की प्रोप्राइटर नरगिस बी पति आजम पिता हाजी कासम चौहान निवासी गंज बाजार, प्रतिनिधि इरफान शेख के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की





धाराओं में केस दर्ज किया गया है। कनिष्क आपूर्ति अधिकारी रोहित देवल के अनुसार गेहूँ की कालाबाजारी की छानबीन के दौरान संयुक्त संचालक अंशु जावला के नेतृत्व में दो दिन लगातार टीमें देशगांव के संदिग्ध गोदाम पर पहुंची थी। जहां सरकारी गेहूँ मिला है।

आश्चर्य इस बात का है कि सरकार की मंशा गरीब की थाली तक राशन पहुंचाने की है किंतु उसे अंजाम तक पहुंचाने के लिए जिम्मेदार एजेंसी बीच में ही गरीब की थाली का निवाला गायब कर रही है। नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक अनिल पाराशर को इस गंभीर विषय से कोई सरोकार नहीं है, वे कंधे उचकाकर पल्ला झाड़ लेते है कि वे तो छुट्टी पर है। सवालों के जवाब में उनका कहना है कि पूर्व से अनाज माफिया के रूप में बदनाम परिवहन कर्ता को टेंडर खंडवा से नहीं मिलता, सब भोपाल से होता है। हर बार नई फर्म, नये नाम से होती है, उसमें कोई क्या कर सकता है ? फर्म का बेकग्राउंड न तो भोपाल से कभी पूछा जाता है और न वे बताते है।

इधर प्रभारी बनकर बैठे खरगोन के जिला प्रबंधक अरूण रावत बताते है कि उन्हें कुछ नहीं पता। मामले की जानकारी उन्हें लगी है, जानकारी पाराशर जी ने भेज दी है। माफिया वाली बात की जानकारी भोपाल उच्च अधिकारियों को पहुंचाने की जिम्मेदारी जिला प्रशासन की है, वे क्या कर सकते है। वे आरोपी को बचाते हुए कहते है कि अभी जांच होगी, उसमें पता चलेगा कि परिवहनकर्ता की गलती है या नहीं। यदि शार्टेज निकलेगी तो परिवहनकर्ता के बिल में से कटेगी।

आरोपी फर्म के आजम चौहान का कहना है कि उन्हें टारगेट बनाया जाता है। न तो उनका ट्रक पकड़ाया और न ही ड्रायवर मिला फिर उन पर मामला कैसे बन सकता है ? आजम का कहना है कि उससे पहले चार ठेकेदार भाग गये वे तो पांचवे नंबर पर थे जो यह काम टेम्प्रेरी तौर पर कर रहे है। हर बार टेंडर उनको मिलने वाली बात गलत है। वे जमानत लेने के बाद विभाग के खिलाफ हाईकोर्ट जायेंगे, मानहानि का दावा लगायेंगे। खंडवा में अनाज माफिया के रूप में बदनाम रहे चौहान परिवार के असलम चौहान का कहना है कि वे ये धंधा छोड़ चुके है। आजम चौहान और उसके परिजन कभी भाटी ट्रांसपोर्ट तो कभी अर्ष ट्रांसपोर्ट, राजहंस ट्रांसपोर्ट, न्यु गुरूकृपा ट्रांसपोर्ट, जैसे नामों से नागरिक आपूर्ति में काम करता रहा है। हर बार प्रोप्राईटर वह स्वयं अथवा भाई अथवा पत्नि अथवा भांजा इत्यादि होते है। भोपाल स्तर पर भी अधिकारियों को सब पता है बावजूद वह टेंडर में हिस्सा लेता है। परिवहनकर्ता के रूप में टेंडर लेने से पहले परिवहनकर्ता को यह शपथ पत्र देना होता है कि उस पर कोई अपराधिक प्रकरण दर्ज नहीं है बावजूद चौहान परिवार को हर बार टेंडर मिल जाना आशचर्य की बात है। इस बार का ठेका करीब आठ करोड रू का है। अप्रेल 2020 में सरकारी अनाज की अफरातफरी के मामले में तत्कालिन कलेक्टर तनवी सुन्द्रियाल ने आजम चौहान के बड़े भाई असलम चौहान पर रासुका तक लगा दी थी। इससे पूर्व 2017 में बोरगांव चौकी थाना पंधाना में भी प्रकरण दर्ज हुआ था। साल 2022 में इसी पर चोर बाजारी अधिनियम के तहत कार्यवाही कर प्रकरण दर्ज करवाया था। बावजूद इसके लगातार एक ही परिवार को अलग अलग नाम से ट्रांसपोर्ट बना कर काम दिया जाना विभागीय अधिकारियों की संलिप्तता की कहानी खुद ही बयां करता है। वैसे बताया जाता है की इनके परिवार का जिले के सत्ताधारी दल के कई पदाधिकारियों से घनिष्ठ संबंध है और उनके द्वारा होने वाले कई कार्यक्रम और आयोजनों का खर्च भी यह ही वहन करते है इसीलिए एकाध बार को छोड़कर कभी इनके खिलाफ कठोर कार्रवाई नही हुई है। देखना होगा इस बार भी प्रशासन इन पर कोई बड़ी कार्रवाई करवा सकेगा या हर बार की तरह यह अपने आकाओं की मदद से प्रशासन को एक बार फिर ठेंगा दिखाएगा।

# शो पीस बनी लाखों से बनी पानी की टंकी

## डेढ़ दशक बाद भी चालू नहीं हो पाई नल जल सप्लाई

सत्ता सुधार ■ हरदा

करीब डेढ़ दशक पहले अबगांव कलॉ में बनी पानी की टंकी महज शो पीस बनी हुई है। इतना लंबा समय व्यतीत होने के बाद भी नल सप्लाई चालू नहीं हो पाई है। लिहाजा पंचायत के लोग परेशान हो रहे हैं। भीषण गर्मी में हैंड पंप से जलापूर्ति कर रहे हैं। टंकी जब बनी थी तब पाइप लाईन बिछाई गई थी। बाद में फिर से जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाकर ट्यूबवेल करवाया गया फिर भी नल जल सप्लाई चालू नहीं हो पाई है। घर-घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने की भारत सरकार की मंशा पर पानी फिर रहा है। पानी की टंकी बनाने, पाइपलाइन बिछाने, ट्यूब में लगाने और बाद में फिर से पाइपलाइन बिछाकर ट्यूबेल करवाने पर शासन का लाखों रुपये खर्च हुआ फिर भी उसका फायदा नहीं मिल पा रहा है ।

### लाखों खर्च फिर भी हेडपंप से भर रहे पानी-

रामजीवन वाष्ट,पुरूषोत्तम भाटिया,फूलवति बाई, लीलाबाई, राजेंद्र सावनेर, गोपाल ठाकुर ने बताया कि लाखों खर्च फिर भी हैंडपंप से अबगांव कलॉ के लोग पानी भर रहे हैं। पानी भरने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। लोगों को दूरदराज से पानी लाना पड़ रहा है। हेड पंप पानी भरने वालों की लंबी



लाइन लगती रहती है। इस समय तो पानी के लिए हाहाकार मचा है । हैंडपंप से भी पर्याप्त पानी है इतने पर भी नल जल योजना को चालू करने की दिशा में कोई पहल नहीं की जा रही है। सबसे आश्चर्य की बात यह है कि करीब 17-18 साल पहले पानी की टंकी बनी थी। इतने लंबे अंतराल के बाद भी लोक स्वास्थय यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने पानी की टंकी चालू कराने की पहल क्यों नहीं की । इसके पीछे कारण क्या है यह जांच का विषय बन गया है। ठेकेदार ने नल जल सप्लाई का काम पूरा नहीं किया या फिर क्या वजह है कि नल जल सप्लाई चालू नहीं हो पा रही है । अधिकारी ठेकेदार पानी की समस्याओं को नजर अंदाज करते हुए अधूरे काम को पूर्ण कराकर सप्लाई चालू करने में रूची नहीं ले रहे हैं।

### पेयजल समस्या से लोग परेशान

अबगांव कला के लोग पेयजल समस्या से परेशान है शुद्ध पेयजल लाखों खर्च के बाद भी नहीं मिल पा रहा है। इस संबंध में शिकायत विरोध करते हैं फिर भी उसका कोई मतलब नहीं निकल रहा है । अधिकारी समस्या देखते सुनते हैं फिर भी हाथ का हाथ धरे बैठे हैं । अभी लोग सभा चुनाव में व्यस्थ थे ।अब आचार संहिता खत्म हो गई फिर से लोगों ने इस और आकर्षित करते हुए नल सप्लाई को चालू करने की मांग की है ।

### आक्रोशित ग्रामीण अब करेंगे विरोध

आक्रोशित ग्रामीण विरोध करेंगे और नलजल सप्लाई से ग्रामिण विधिवत चालू कराने की मांग करेंगे । नहीं होने पर आंदोलन विरोध करेंगे। आश्वासन के बाद भी समस्या हल नहीं हो पा रही है । घटिया और गुणवत्ता विहीन कार्य करने वाले ठेकेदार के कार्यों की जांच पड़ताल वसूली की जाए और दूसरे ठेकेदार को काम सोंपकर कर अधूरे कार्यो को करा कर नल जल सप्लाई को चालू करवाया जाए। इससे लोगों को पानी सहजता से उपलब्ध हो सके इस तरह की कार्रवाई नहीं की जाएगी तो आक्रोशित लोग एकजुट होकर आंदोलात्मक कदम उठाने को बाधित हो जाएंगे। इसकी सारी जबाबदारी संबंधित अधिकारी की होगी।

### क्या कहते जवाबदार

पानी की टंकी करीब डेढ दशक पहले बनी थी जो अभी तक चालू नहीं हो पाई है। इस संबंध में इंजीनियर से कहीं दफे चर्चा की गई उनके द्वारा आश्वासन किया दिया गया कि शीघ्र ही नल जल सप्लाई शुरू करवाई जाएगी।

**धन्नालाल, सरपंच, ग्राम पंचायत अबगांव कलॉ**

# बिजली विभाग द्वारा घरेलू एवं गैर घरेलू कनेक्शन की गई जांच

सत्ता सुधार ■ हरदा



शहर खिरकिया में बिजली चोरों पर लगातार कारवाई की जा रही है। संजय नामदेव ने बताया कि दिन शनिवार को बिजली विभाग की टीम द्वारा घरेलू एवं गैर घरेलू कनेक्शन की जांच की गई। जांच के दौरान पाया गया की लोग केबल में कट लगाकर , मीटर के टर्मिनल को जलाकर मीटर से छेड़छाड़ करके केबल अंदर ग्राउंड करके आदि तरीको से बिजली की चोरी कर रहे है। बिजली विभाग अधिकारी तरुण वर्मा ने बताया कि बिजली चोरी की मुहिम चालू कर दी है बिजली चोरी के विद्युत अधिनियम की धारा 135 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किए गए है। यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। श्री वर्मा ने बताया कि जिन जिन उपभोक्ताओं का स्वीकृत भार कम है वह भी कार्यालय में संपर्क करके या ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भार स्वीकृत करके ही विद्युत उपयोग करे अन्यथा कम स्वीकृत भार वाले कनेक्शन कर अधिक भार पाए जाने पर विद्युत अधिनियम की धारा 126 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया जायेगा। ऐसे उपभोक्ता जिनके यहां एक या एक से अधिक एयर कंडीशनर लगा रखे है लेकिन भार स्वीकृत नही करा रखा है उन उपभोक्ताओं की प्राथमिकता के तौर पर चेकिंग की जाएगी ।

# शहर में पेयजल लाइनों का विस्तार किया जाएगा
# 40 साल जर्जर पाइप लाइन से मिलेगी मुक्ति

### अमृत योजना मिशन 2.0 का विधायक सुदेश राय और नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर भूमि पूजन

सत्ता सुधार ■ सीहोर

शहर में पेयजल समस्या के निवारण को लेकर रविवार शहर के श्रीराम मंदिर चौराहा वर्कशाप रोड मंडी में अमृत योजना मिशन 2.0 का भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नई पाइप लाइन बिछाने के बाद 25 साल तक शहर की पानी की जरूरत को आसानी से पूरा किया जा सकेगा और जर्जर पाइप लाइन से मुक्ति मिलेगी। इस मौके पर सीहोर विधायक सुदेश राय के मुख्य आतिथ्य में नगर पालिका के अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया।

इस मौके पर विधायक श्री राय ने कहा कि हमारे युवा नपाध्यक्ष श्री राठौर के द्वारा शहर को सुंदर और विकसित किया जा रहा है। आने वाले समय में इस योजना से शहर का जल संकट खत्म होगा और पानी की कमी नहीं आएगी और यह अमृत योजना संजीवनी का काम करेंगे। पेयजल की आपूर्ति के लिए यह योजना शहर में शीघ्र ही आरंभ होगी। इससे पानी की बर्बादी भी थम जाएगी और क्षेत्रवासियों को पानी की पूर्ति हो जाएगी। नपाध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि शहर की पेयजल समस्या के समाधान अमृत 2.0 के आने से हो जाएगा। इसके अलावा क्षेत्रवासियों को प्रतिदिन पानी सप्लाई का इंतजाम किया जाएगा। सालों से शहर के वार्डों में डाली गई पाइप लाइनों से पानी की सप्लाई हो रही है, जिसमें कई पाइप जर्जर होने से गंदा पानी आने की भी समस्या बनी रहती है। इस समस्या का स्थायी समाधान करने के लिए नगर पालिका आगामी दिनों में शहर में अमृत 2.0 योजना अंतर्गत करोड़ों की लागत से शहर में सैकड़ों किमी में पेयजल लाइनों का विस्तार किया जाएगा।

### पेयजल लाइनों का विस्तार किया जाएगा

सालों से शहर के वार्डों में डाली गई पाइप लाइनों से पानी की सप्लाई हो रही है, जिसमें कई पाइप जर्जर होने से गंदा पानी आने की भी समस्या बनी रहती है। इस समस्या का स्थायी समाधान करने के लिए नगर पालिका आगामी दिनों में शहर में अमृत 2.0 योजना अंतर्गत करोड़ों की लागत से शहर में सैकड़ों किमी में पेयजल लाइनों का विस्तार किया जाएगा। इसके अलावा नई आधा दर्जन से अधिक पानी टंकियों का निर्माण के अलावा करीब 100 किलोमीटर से अधिक पाइप लाइन बिछाई जाएगी। रविवार की सुबह आयोजित भूमि पूजन के दौरान पार्षद मीना दिलीप राठौर, पार्षद प्रतिनिधि विशाल राठौर, नपा उपाध्यक्ष विपिन सास्ता, राजेश मांझी, आशीष गहलोत, कमलेश कुशवाहा, लोकेन्द्र वर्मा, कमलेश राठौर, प्रदीप गौतम और नरेन्द्र राजपूत आदि शामिल थे।

# मांझी समाज ने विधि-विधान से की कुलदेवी की पूजा-अर्चना

सत्ता सुधार ■ सीहोर

सिद्धपुर माझी आदिवासी समाज संघ, मांझी पंचायत सीहोर समाज द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार जेठ महीने में होने वाली सामाजिक कुलदेवी मरी माता के मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मांझी समाज के अध्यक्ष ओमप्रकाश रैकवार ने बताया कि जेठ और आषाढ़ माह में बारिश का मौसम शुरू हो जाता है। अच्छी बारिश की कामना और समाज के लोगों में खुशहाली की कामना को लेकर हम सभी समाज जन मिलकर कुलदेवी मरी माता की पूजा करते है। जहां तक मेरी जानकारी में है पिछली चार पीढ़ियों से हम हमारी कुलदेवी की पूजा-अर्चना करते आ रहे है। इससे पहले भी यह पूजा होती आ रही है। चाणक्यपुरी में स्थिति कुल देवी के मंदिर में मांझी समाज अध्यक्ष ओमप्रकाश रायकवार और मुख्य संरक्षक मनोहर लाल बाबा, संरक्षक



रामदयाल नाविक कार्यकारिणी पदाधिकारी के सभी सदस्य पूजन और महाआरती में सम्मिलित हुए। इस दौरान गेंदालाल रैकवार, मधु रैकवार, योगेश रैकवार, सचिव संतोष रैकवार, विजय रैकवार, मनोज बाथम, अनिल, राजेश रैकवार, राधे श्याम रैकवार, शिवम मांझी, अशोक मांझी, अनिल केवट, राहुल रैकवार, विनोद रैकवार, पवन रैकवार, हेमराज रैकवार, अमन रैकवार, पप्पू रैकवार, भैया लाल, राजू, आकाश मांझी, संतोष रैकवार, विक्की रैकवार, विशाल रैकवार, कमल नाविक, राम बाथम, अमित रैकवार, विजय रैकवार, अजय रैकवार, शंकर लाल रैकवार, मनोज बाथम, हेमंत, राजू, अजय रैकवार, आकाश, संतोष रैकवार, रूपेश रैकवार, गोविंद रैकवार, प्रकाश, राजेश रैकवार सहित काफी संख्या में बुजुर्ग और युवा साथी महा आरती में सम्मिलित हुए।

000

**अभियान** ब्रह्माकुमारी रीमा बहन ने कहा कि पर्यावरण और अध्यात्म का बहुत गहरा संबंध है

# पर्यावरण संरक्षण संकल्पः हमारी पृथ्वी, हमारा भविष्य : ब्रह्माकुमारीज

### पेड़ लगायें, जीवन बचायें - बीके रीमा

सत्ता सुधार ■ छतरपुर

विश्वनाथ कॉलोनी द्वारा ग्राम निवारी ग्राम खोप में किया गया विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन, इस विशेष अवसर पर ब्रह्माकुमारी रीमा बहन ने अपने उद्बोधन में कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रकृति को समर्पित दुनिया भर में मनाए जाने वाला सबसे बड़ा उत्सव है इस विशेष अवसर पर पर्यावरण संरक्षण हेतु संकल्प लिया जाता है ।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जन नागरिक को प्रदूषण की समस्या से अवगत कराना तथा प्रकृति की सुरक्षा हेतु आत्म चेतना जागृत करने के लिए किया जाता है । इस वर्ष की थीम हमारी पृथ्वी हमारा भविष्य प्रकाश डालते हुए ब्रह्माकुमारी रीमा बहन ने कहा कि पर्यावरण और अध्यात्म का बहुत गहरा संबंध है लेकिन




वर्तमान समय में हम प्रकृति से बहुत दूर चले गए हैं और प्रकृति तथा अध्यात्म का संबंध भी बिगड़ गया है जिसके फलस्वरुप प्रकृति के पांचो तत्वों का विनाशक रूप देखने को मिल रहा है इसीलिए प्रकृति यही संदेश दे रही है कि अब यह जागने का समय है प्रकृति के साथ संबंध जोड़कर उसे देवतुल्य बनाने की परंपरा को जीवित रखने की अति आवश्यकता है।

ब्रह्माकुमारी नम्रता बहन ने कहा कि जितना आत्मा सतोप्रधान बनती जाती है उतना ही प्रकृति भी अपनी उन्नत अवस्था को प्राप्त करती है भारतीय संस्कृति में हम प्रकृति की पूजा करते हैं इसीलिए हमें पर्यावरण का संतुलन बनाकर रखते हुए समस्त जीवों को बचाने का प्रयास करना है। अंत में ब्रह्माकुमारी रीमा बहन ने उपस्थित गांव वासियों का धन्यवाद करते हुए सभी को ऑक्सीजन प्लांट तुलसी एवं मनी प्लांट के पौधे भेंट किये।

### पुस्तक मेले में ना किताबें, ना प्रचार-प्रसार, 20 दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन कर व्यापक प्रचार किया जाए

**सीहोर ।** जिला कांग्रेस के पूर्व महासचिव पंकज शर्मा ने 6 से 8 जून तक स्थानीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या विद्यालय में आयोजित पुस्तक मेले को लेकर शिक्षा विभाग पर निशाना साधा है । उन्होंने कहा है कि ये 3 दिवसीय मेला कब शुरू हुआ और कब खत्म हो गया ये किसी को पता ही नहीं चला, अब तक ये मेला किसी खुले मैदान वाले स्कूल जैसे कि भोपाल नाका स्थित आवासीय खेलकूद विद्यालय में आयोजित होता था जिससे सब लोगों को इसकी जानकारी आसानी से लग जाती थी और बड़ी संख्या में लोग यहां पुस्तकें लेने पहुंचते थे लेकिन इस बार एमएलबी स्कूल के कुछ कमरों में मेला लगाकर सिर्फ रस्म अदायगी की गई ओर व्यापक प्रचार प्रसार के अभाव में यहां लोग पहुंच ही नहीं सके और जब तक उनको जानकारी मिली मेला समाप्त हो चुका था ।

पंकज शर्मा ने आगे कहा कि इस मेले में बच्चों के कोर्स की पूरी किताबें भी उपलब्ध नहीं थीं जिसके कारण इस मेले में आने वाले अभिभावकों को इस मेले का कोई लाभ नहीं हुआ और जिस उद्देश्य से ये मेला लगाया गया था कि बच्चों के कोर्स की किताबें यहां कम कीमत पर उपलब्ध होंगी वो उद्देश्य भी पूरा नहीं हो सका और अब अभिभावकों को ऊंचे दामों में किताबें बाजार से खरीदना पड़ेंगी और उनकी जेब पर पड़ने वाले बोझ में कोई कमी नहीं आएगी ।

प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों की द्वितीय एवं तृतीय किस्त जारी

# बिलहरा में सीएम राईज स्कूल के लिए 40 करोड़ की बिल्डिंग स्वीकृत

## शिक्षित होंगे बच्चे, सब का होगा पक्का घर : हीरा सिंह राजपूत





सत्ता सुधार ■ सागर

बिलहरा नगर पंचायत में आज प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत द्वितीय एवं तृतीय किस्त वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने हितग्राहियों को सिंगल क्लिक के माध्यम से करोड़ों रूपए हितग्राहियों के खाते में डाले।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने कहा कि सुरखी विधानसभा क्षेत्रवासियों ने प्रदेश में सुरखी का नाम रोशन कर दिया है इसके लिए समस्त सुरखी विधानसभा क्षेत्रवासियों के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे है। जिसके लिए नरेंद्र मोदी सहित शीर्ष नेतृत्व को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। श्री राजपूत ने कहा कि मंत्री गोविंद सिंह राजपूत लगातार सुरखी विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए करोड़ों रूपये ला रहे हैं और क्षेत्र का विकास कर रहे है। अब यह विकास का पहिया और तेज चलेगा और सुरखी विधानसभा विकास और संपन्नता के नये आयाम को छुयेगी। श्री राजपूत ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का संकल्प है कि हर व्यक्ति को पक्का मकान मिले, जिसको लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत करोड़ों लोगों के पक्के मकान का सपना साकार हो गया है और यह क्रम इसी तरह चलता रहेगा जिन लोगों का आवास में नाम नहीं आए हैं उनके भी जल्द ही आवास में नाम आ जाएंगे। साथ ही जिन लोगो की किस्तें बाकी है किस्तें जल्द वितरित हो जाऐंगी।

### हर बच्चे को मिलेगी बेहतर शिक्षा

बिलहरा में सीएम राइज स्कूल के लिए 40 करोड़ की बिल्डिंग की सौगात दी। जिससे बिलहरा क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा मिलेगी। श्री राजपूत ने कहा कि हर बच्चे को शिक्षा का अधिकार है जिसको लेकर सीएम राइस स्कूल का निर्माण कराया जा रहा है हर बच्चे को बेहतर से बेहतर शिक्षा दिलाना हमारा संकल्प है जिसके लिए मंत्री गोविंद सिंह राजपूत लगातार प्रयास करते रहते हैं जिनके प्रयास से सुरखी विधानसभा क्षेत्र में सीएम राइज स्कूल खोले जा रहे हैं जिसमें बच्चों को बेहतर सुविधाएं तथा शिक्षा मिलेगी। कार्यक्रम में बिलहरा नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदगण सहित नगर परिषद् के इंजीनियर, सीईओ एवं बड़ी संख्या में सुरखी विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ो क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# अंडरपास ब्रिज में होनी है गुणवत्ता पूर्ण सामग्री का उपयोग लेकिन घटिया सामग्री का उपयोग



सत्ता सुधार ■ सागर

नेशनल हाईवे 44 पर झांसी ललितपुर सागर तक 26 अंडरपास स्वीकृत किए गए थे। झांसी सागर नेशनल हाईवे 44 पर स्थित तिराहे और चौराहे पर होने वाले हादसों में कमी करने के लिए इनके निर्माण कार्य की मांग लंबी समय से चल रही थी। उच्च गुणवत्तापूर्ण निर्माण हो इसलिए केंद्र सरकार द्वारा भारी भरकम राशि उक्त निर्माण कार्य के लिए स्वीकृत की जाती है लेकिन निर्माण के दौरान कई प्रकार की आरोप लगाए जा रहे हैं जिनकी जांच की जानी आवश्यक है।

इस संबंध में जानकारों का कहना है कि निर्माण की दौरान उपयोग होने वाली कोन किस्म की लगाई जानी चाहिए लेकिन नेशनल हाईवे 44 के अधिकारी इंजीनियरों द्वारा ध्यान न दिए जाने के कारण ठेकेदार द्वारा बेहद घटिया किस्म की गिट्टी का प्रयोग किया जा रहा है, जिसको लेकर जांच की मांग की जा रही है जब इस संबंध में संबंधित विभाग के अनिल सिंह यादव से बात की तो उन्होंने कहा मैं दिखवाता हूं इसके बाद उन्होंने आगे कोई बात नहीं कि। उन्होंने यह भी नहीं बताया कि किस प्रकार की गिट्टी का उपयोग निर्माण कार्य के दौरान किया जाना चाहिए। इसी प्रकार घटिया किस्म के लोहे का उपयोग किया जा रहा है। लोहे में कार्य के दौरान ही अधिक जंग लगी दिखाई दे रही हैम अधिक जंग होने के कारण लोहा जल्दी खराब हो जाता है और इससे ब्रीज को भी नुकसान हो सकता है लेकिन ठेकेदारी एवं अधिकारी द्वारा इस संबंध में ध्यान नहीं दिया जा रहा है। तय मापदंड के अनुसार निर्माण कार्य नहीं किए जाने के आरोप ग्रामीणों द्वारा भी लगाए जा रहे हैं लेकिन नेशनल हाईवे 44 के अधिकारी एवं इंजीनियर द्वारा निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर ध्यान नहीं दिया जा रहा है या मिली भगत से कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में जांच की मांग की जा रही है क्योंकि यह कार्य केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत किए जाते हैं करोड़ों रुपए की राशि खर्च होती है कई साल निर्माण कार्य के दौरान गुजर जाते हैं इसलिए सभी चाहते हैं कि उच्च गुणवत्ता पूर्ण निर्माण हो।अधिकारी ईमानदारी से काम करवाये और गुणवत्तापूर्ण कार्य हो ताकि लंबे समय चले और लोगों को इसका लाभ मिले भविष्य में किसी भी प्रकार का हादसा ना हो इसलिए भ्रष्ट अधिकारियों को भी आगाह किया जाता है कि वह भ्रष्टाचार में लिप्त ना रहे।

जानकारी के अनुसार अंडरपास के दोनों और करीब तीन 300 मीटर लंबाई के सर्विस रोड बनाए जाएंगे। सागर जिले के अंतर्गत अंडरपास का निर्माण कार्य किया जा रहा है लंबे समय से सागरवासियो द्वारा मांग की जा रही थी कि लगातार हादसे हो रहे हैं इन हादसों को कम करना है तो अंडरपास बनाना जरूरी है। हाईवे पर कई स्थानों को ब्लॉक स्पॉट घोषित किया गया। हादसा रोकने के उपाय भी किए गए लेकिन इसमें ज्यादा अंतर नहीं आया हादसों को रोकने के लिए नेशनल हाईवे सागर ने इन क्षेत्रो का सर्वे कराया। सागर से ललितपुर तक 26 ऐसे स्थान चिन्हित किए गए जहां पर हादसे ज्यादा होते हैं इन क्षेत्रों में हादस कम करने के लिए नेशनल हाईवे सागर ने अंडरपास बनाने की योजना तैयार की ऐसी स्वीकृति मिलने के बाद अंडर पास बनाने की प्रथम चरण में काम शुरू हो गया है, लेकिन गुणवत्ता को लेकर लगातार प्रश्न चिन्ह उठ रहे हैं कि क्या इतने समय से लोगों की मांग के बाद भी गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य होगा या नहीं।

### जंग लगे सरिया से नुकसान

**जानकारों का कहना है कि निर्माण के दौरान जंग लगे सरिया का उपयोग कभी नहीं किया जाना चाहिए।जंग लगे सरिया का अर्थ यह होता है कि कहीं ना कहीं सरिया कमजोर हो गया है और इसकी गुणवत्ता भी खराब हो चुकी है इसलिए गुणवत्तापूर्ण लोहे के लिए बिना जंग लगे सरिया का उपयोग किया जाना चाहिए,लेकिन निर्माण के दौरान नेशनल हाईवे 44 के अधिकारियों द्वारा इस बात पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसके चलते अंडरपास ब्रिज में जंग लगे हुए सारी का उपयोग किया जा रहा है।**

# जीवन के लिए पानी जरूरी और पानी के लिए वृक्ष जरूरी: देवेंद्र प्रताप सिंह



सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)

जीवन के लिए पानी जरूरी और पानी के लिए वृक्ष जरूरी इसलिए एकवृक्ष जरूर लगाए जल स्त्रोतों के जल संरक्षण एवं पुनः जीवन के लिए एकजुट होना होगा उक्त विचार अनुविभागीय अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह ने जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम हड़काल जैन में कुआं सफाई के दौरान कहीं।मुख्य कार्य पालन अधिकारी राजेश पटेरिया ने कहा प्रकृति की चिंता हम सबको करना चाहिए जिससे प्रगति आप सभी को पानी हवा दे सके

जल स्त्रोतों को संरक्षित एवं संवर्धन करने का कार्य करना चाहिए जिससे हमारा जीवन भी सुरक्षित रहेगा और हमारे पशु पक्षी भी सुरक्षित रहेंगे।जनपद अध्यक्ष उषा राय ने कहा हम सभी को वृक्ष लगाने का कार्य करना चाहिए।जनपद उपाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह ने कहा हमें आने वाली पीढ़ी को कुछ देना है अच्छी प्रकृति के संसाधन उपलब्ध कराएं, और यह तभी संभव है जब हम वृक्षारोपण में हिस्सा लेकर सभी को प्रेरित करें।

गिरोल सरपंच हरगोविंद ने कहा हम दिन रात जिस तरीके से प्रकृति का दोहन कर रहे हैं यह हम सबके लिए खतरनाक है।

हडकल जैन सरपंच श्रीमती देवंती ठाकुर ने कहा हम अच्छा काम करेंगे तो उसका लाभ हमारी आने वाली पीढ़ी को मिलेगा।इस मौके पर जनपद उपाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह, भरत कुशवाहा , नंद राम कुशवाहा, सरपंच दिनेश राय, ग्राम पंचायत गाडोली सरपंच, चमारी सरपंच, सचिव और ग्रामीण जनों की मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। अंत में आभार हरक़ल जेंन सरपंच ने व्यक्ति किया।

# वर्षा काल में जल भराव वार्डों में ना हो:अध्यक्ष लता सकवार

## जल संरक्षण एवं पौधा रोपण अवश्य करें



सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)

नमामि गंगे, नगर पालिका परिषद बीना द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत अभियान के तहत शनिवार को नगरपालिका अध्यक्ष लता सकवार ने आज सुभाष वार्ड में जल स्त्रोत जैसे कुआं आदि का निरीक्षण किया एवं साफ सफाई और सौंदर्य करण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया एवं वार्ड में वर्षा के पूर्व वार्ड में जल भराव की समस्या न बने जिसके लिए संबंधित अधिकारियों को समस्याओं को निराकरण करने हेतु आदेशित किया गया। तत्पशात मनोरमा वार्ड में निर्माणाधीन नाली निर्माण का निरीक्षण किया एवं संबंधित ठेकेदार को गुणवत्ता पूर्ण नाली बनाने हेतु आदेशित किया।राजीव गांधी वार्ड स्थित पौधारोपण किया, इस मौके पर लता सकवार ने कहा कि आज पर्यावरण की ओर ध्यान देना अति आवश्यक है यदि हमने जल का संरक्षण नहीं किया एवं पर्यावरण पर ध्यान नहीं दिया तो आने वाला समय और भी खराब होगा अतः हमें पर्यावरण का ध्यान रखते हुए वृक्ष अवश्य लगाएं और उन्हें बड़ा होने तक देख भाल अवश्य करें।इस मौके पर विशेष रूप से

सभापति संतोष राय, पार्षद जितेंद्र बोहरे,पार्षद मधुलिका यादव,पार्षद गौरी शंकर राय, पार्षद नीतू राय,पार्षद बीडी रजक, पार्षद विजय लखेरा,नवीन, हरिओम चौबे, विजय कैलाश कुशवाह, संतोष राय, उप यंत्री अभिषेक, मनोज नामदेव,आदि उपस्थित थे।

# रजक समाज ने की आचार्य प्रमोद कृष्णम पर कार्यवाही की मांग

## आचार्य ने की थी आयोध्या चुनाव को लेकर धोबी समाज पर अभद्र टिप्पणी



सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)

आचार्य प्रमोद कृष्णम द्वारा अयोध्या चुनाव को लेकर रजक (धोबी) समाज पर अभद्र टिप्पणी करने पर आज रजक समाज ने रजक समाज सेवा समिति के नेतृत्व में एसडीओपी को आवेदन देकर कार्यवाही की मांग की।रजक समाज के अध्यक्ष (माते) राजकुमार रजक ने बताया कि 4 जून को लोकसभा चुनाव के परिणाम घोषित हुए जिसमे अयोध्या सीट से भाजपा के प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा इसी के संदर्भ में सोशल मीडिया प्लेटफार्म × एवं फेसबुक के माध्यम से आचार्य प्रमोद कृष्णम ने टिप्पणी की है कि मंथरा और केकई के साथ वो धोबी भी अयोध्या में रहता था जिसने सीता मैया को वन में भिजवाने का पाप किया था।रतन लाल रजक ने कहा कि यदि अयोध्या में अगर भाजपा का प्रत्याशी हार गया तो इसका धोबी समाज से क्या लेना देना है, जो समाज को लेकर इस तरह की अपमान जनक टिप्पणी समाज पर की गई है, रोशन रजक ने कहा कि पूर्व में भी जूना अखाड़ा पीठाधीश्वर अवधेशानंद गिरी महाराज ने भी 2017 में ऐसी ही जाति सूचक बात भरे मंच से कही थी जिसके कारण सम्पूर्ण भारत में विरोध प्रदर्शन हुए थे जिसे बाद में उन्होने अपनी गलती स्वीकारते हुए कहा था सीता माता के वनवास को लेकर धोबी शब्द की जो भ्रांति है उसका बाल्मिकी जी द्वारा लिखित मूल रामायण में कहीं भी किसी जाति का जिक्र नहीं है वहा प्रजा शब्द का जिक्र किया गया है फिर भी बार बार इन ओछी व घृणित मानसिकता के लोगो द्वारा दलित धोबी समाज को जाति सूचक धोबी शब्द लिखकर मंचो से बोलकर अपमानित किया जाता है और अब यह अपमान धोवी समाज सहन नही करेगा आचार्य प्रमोद कृष्णम के द्वारा लिखे गए जाति सूचक शब्दो ने धोबी समाज को सोशल मीडिया के माध्यम से अपमानित करने का कार्य किया है जिससे सम्पूर्ण भारत वर्ष के धोबी समाज में रोष व्याप्त है। नरेंद्र सोलंकी ने कहा हमारी समाज देश के कई प्रदेशों में दलित समुदाय में आती है धोबी समाज को जाति सूचक शब्दो से अपमानित करने वाले आचार्य प्रमोद कृष्णम के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने के लिए आज एसडीओपी के माध्यम से पुलिस अधीक्षक से कार्यवाही की मांग की है।

ज्ञापन में राम रजक, एड राजेश रजक, दिनेश रजक, धनीराम रजक, संजय मालवीय, मुकेश रजक अरविंद रजक, सूर्यप्रकाश रजक, जय रजक, शिवा रजक, गौरव रजक, तरुण रजक, अंकित रजक, रोहित रजक,सरवन रजक सहित बड़ी संख्या में रजक समाज के लोग शामिल हुए।

प्राचीन जल स्रोतों का संरक्षण और संवर्धन करना वर्तमान समय की आवश्यकता हैः निगमायुक्त

# महिलाओं ने कलश यात्रा निकालकर दिया जल संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश





सत्ता सुधार ■ सागर

शासन द्वारा 5 जून से 16 जून तक प्रदेश में चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर निगम की महिला पार्षदों और महिलाओं ने कलश यात्रा निकालकर नागरिकों को जल संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया।रविवार को प्रातः 7-30 बजे पंडित मोतीलाल नेहरू स्कूल कटरा बाजार से निकाली गई महिलाओं की कलश यात्रा तीन बत्ती, कोतवाली होते हुए चकराघाट पहुंची जहां झील के घाट पर महिलाओं ने जल संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ के बाद यात्रा का समापन हुआ। कलश यात्रा में निगम की महिला पार्षद और महिलाओं ने कलश यात्रा के माध्यम से लोगों को संदेश दिया कि जल के बिना जीवन संभव नहीं है यह बात हमारे पूर्वज समझते थे, इसलिए उन्होंने प्राचीन जल स्त्रोतों जैसे नदी, तालाब , कुएं और बावड़ियों को सुरक्षित रखा और उनकी समय-समय पर सफाई करते रहने से उनके पानी को हर समय पीने योग्य बनाए रखा, परंतु आधुनिकीकरण के कारण हमने इन प्राचीन जल स्त्रोतों के महत्व को भूलाकर इन्हें अनुपयोगी बना दिया, इसलिए हमने जो भूल की है उसका परिणाम हमारी आने वाली पीढ़ी न भुगते । इन प्राचीन जल स्त्रोतों और संरचनाओं को सुरक्षित करने और उनके जल को साफ -सुथरा बनाने के लिए हम सब आगे आएं ताकि इनके जल का पुनः उपयोग हो सके। कलश यात्रा प्रारंभ होने के पूर्व निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने कलश यात्रा में शामिल महिलाओं को इसके उद्देश्यों से परिचित कराते हुए कहा कि इस कलश यात्रा के माध्यम से पुराने प्राचीन जल स्त्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के प्रति लोगों को जागरूक करना है जो वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है क्योंकि अपने प्राचीन जल स्त्रोतों की ओर ध्यान न देने से वह अनुपयोगी हो गए हैं इसलिए उनको उपयोगी बनाने के लिए उनका संरक्षण और साफ- सफाई जरूरी है , ताकि हम उनके जल का पुनः उपयोग कर सकें। प्राचीनकाल में नदी , कुआं, बावड़ी, तालाब लोगों के प्रमुख जल स्त्रोत थे जो 24 घंटे बारह माह जल की पूर्ति के लिए उपलब्ध रहते थे, परंतु आधुनिकता के कारण हमने उनकी ओर ध्यान देना बंद कर दिया , इसलिए शासन ने उनको पुनः उपयोग में लेने के लिए जल संरचनाओं के संरक्षण और संवर्धन का अभियान प्रारंभ किया गया है जिसमें हम संकल्प लें कि प्राचीन जल स्त्रोतों का हम संरक्षण करेंगे और दूसरों को भी संरक्षण करने के लिये प्रेरित करेंगे। कलश यात्रा में प्रमुख रूप से पार्षद रूबी पटेल,श्रीमती डाली सोनी, श्रीमती सुमन साहू सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

## ब्रीफ न्यूज

### न्यूयॉर्क की पिच पर बोले खेलना आसान नहीं : हरभजन

**न्यूयॉर्क।** भारतीय क्रिकेट टीम के दिगगज स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की पिच पर खेलना चुनौतीपूर्ण है। हरभजन के अनुसार ये विकेट सपाट विकेट नहीं है। इस पिच पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं है। साथ ही कहा कि ये कहना भी सही नहीं होगा कि यहां खेला ही नहीं ज सकता। इस मैदान पर अभी तक कोई टीम 200 रन भी नहीं बना पायी है। उन्होंने कहा कि यहां इसलिए बल्ले और गेंद के बीच की अच्छी लड़ाई होनी चाहिये। एक अच्छी पिच पर हमेशा ये ही होता है। जहां गेंदबाज भी खेल में बने रहें वहीं पिच अच्छी होती है। साथ ही कहा कि तेज गेंदबाजों को मिल रही सहायता के कारण यहां बड़ा स्कोर बनना संभव नजर नहीं आ रहा। इसके बाद भी मुकाबला कठिन होगा। दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड के बीच मुकाबला इसी पिच पर खेले गये मैच में काफी कम स्कोर हुआ।

### बालाजी ने भारतीय गेंदबाजों को फुल लेंथ गेंदबाजी फेंकने को कहा

**न्यूयॉर्क।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज लक्ष्मीपति बालाजी ने कहा है कि न्यूयॉर्क के नसाऊ क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच में भारतीय गेंदबाजों को ज्यादा फुल लेंथ गेंदबाजी करने को कहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के खिलाफ हार के बाद पाक टीम का मनोबल गिरा रहेगा पर वह इस मैच मे जीत के लिए पूरी ताकत लगा देगी ऐसे में भारतीय गेंदबाजों को सतर्क रहना होगा। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि भारतीय टीम के तेज गेंदबाज अब तक शानदार प्रदर्शन करते रहे हैं। अर्शदीप को छोड़कर टीम के सभी गेंदबाज तीनो प्रारूप खेलते हैं। साथ ही कहा कि सफलता के लिए आपको बुनियादी बातों पर जमे रहना होगा। एक विशेष कार्यक्रम में बालाजी ने कहा कि इस पिच पर पिछले दो मैचों में गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया है और निश्चित रूप से वे इसी तरह की लय जारी रखने का प्रयास करेंगे। इस स्टेडियम की पिच के ऊपर खराब होने के आरोप भी लगे हैं।

### तेज गेंदबाज सौरभ को पसंद नहीं करते केकेकार के पूर्व डायरेक्टर जॉय

**मुम्बई।** आईपीएल टीम कोलकाता नाईट राइडर्स (केकेआर) के पूर्व डायरेक्टर जॉय भट्टाचार्या अमेरिका की ओर से खेलने वाले भारतीय मूल के तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर को पसंद नहीं करते हैं। सौरभ ने टी20 विश्वकप में अमेरिकी टीम की पाकिस्तान के खिलाफ जीत में अहम भूमिका निभाई थी। सौरभ ने इस मैच में सुपर ओवर में मोहम्मद रिजवान और इफ्तिखार जैसे बल्लेबाजों को आउट किया था। केकेआर के पूर्व डायरेक्टर जॉय ने कहा, साल 2008 के आईपीएल से पहले मुंबई में ट्रायल था। तब मैंने सौरभ को करने करने के लिए कहा था। मैंने टीम मैनेजमेंट से कहा था कि भले इसे अभी नहीं खिलाएंगे पर हमें इसे साइन कर लेना चाहिए पर तब उसने परीक्षा के कारण मना कर दिया था। इसलिए मैं सौरभ को पसंद नहीं करता हूं। वो ऐसा लड़का है जो हम लोगों के लिए फायदेमंद नहीं है।

आईएसआईएस से मिली है धमकी

# भारतीय क्रिकेटरों की मिली अमेरिकी राष्ट्रपति जैसी सुरक्षा

एजेंसी ■ न्यूयॉर्क

आतंकी संगठन आईएसआईएस की धमकी को देखते हुए टी20 विश्वकप में भारतीय क्रिकेट टीम को अमेरिकी राष्ट्रपति के स्तर की सुरक्षा मुहैया करायी गयी है। वहीं आईएसआईएस ने यहां भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मैच में हमले की धमकी दी थी। इसके बाद से ही सुरक्षाबलों ने स्टेडियम की सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी कर दी है। भारत ओर पाक के बीच केवल आईसीसी मुकाबलों में आमना-सामना होता है। ऐसे में इस मैच को लेकर प्रशंसकों में भी जबरदस्त उत्साह है। स्टेडियम में होने वाली भारी भीड़ को देखते हुए



सुरक्षा बल सतर्क हैं। आयोजकों ने इस मैच में किसी भी प्रकार के खतरे से निपटने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये हैं।

आईएसआईएस से मैच देखने आने वाले प्रशंसकों के लिए भी खतरे की आशंकाएं जतायी जा रही थीं पर अधिकारियों ने कहा है कि वे खिलाड़ियों और दर्शकों की सुरक्षा पक्की करने के सभी प्रयास कर रहे हैं। नासाउ काउंटी पुलिस कमिश्नर पैट्रिक राइडर ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को इस कदर बढ़ाया गया है कि ये राष्ट्रपति को मिलने वाली सुरक्षा के समान हो गयी है।

ऐसे में किसी भी प्रकार की कोई बाधा नहीं आयेगी। टूर्नामेंट की शुरुआत में ही आईएसआईएस से मिली आतंकी धमकी के बाद मैच की सुरक्षा बढ़ा दी गयी थी। नासाउ काउंटी के पुलिस कमिश्नर पैट्रिक राइडर ने कहा था, 'भारत-पाकमैच के लिए सुरक्षा इंतजाम उसी तरह के हैं जैसे कि कुछ साल पहले तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के स्वागत के लिए किए गए थे।'

### रोहित का पुराना वीडियो वायरल, कही थी पाक टीम के कोच बनने की बात

**न्यूयॉर्क।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा अपने मजाकिया अंदाज के कारण जाने जाते हैं। अब रोहित का एक पुराना वीडियो वायरल हुआ है। साल 2023 के इस वीडियो में रोहित ने हंसी मजाक करते हुए पाकिस्तान की क्रिकेट टीम के कोच बनने की बात कही थी। इसमें जब रोहित से पूछा गया था कि एक खिलाड़ी के रूप में पाक बल्लेबाजों को आप क्या सलाह देना चाहेंगे जिससे कि वे अपने खराब फॉर्म से कैसे बाहर आ सकें तो रोहित ने कहा थ कि मैं पाक का कोच बना तो इस बारे में बताउंगा।

रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम ने अबतक तीन में से पाकिस्तान के खिलाफ 2 टी20 मुकाबले जीते हैं। पाक टीम केवल एक बार एशिया कप 2023 में जीती थी। भारतीय टीम ने रोहित की कप्तानी में टी20 विश्व कप 2022 में दूसरी बार पाक को हराया था।

# टीम इंडिया को रहना होगा होशियार, भारत-यूएसए का मुकाबला 12 को

## पाकिस्तान को हराकर अमेरिका ने क्रिकेट जगत में मचाया था तहलका

एजेंसी ■ नई दिल्ली

**मेजबान अमेरिका ने टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को हराकर तहलका मचा दिया है। अमेरिका की इस विश्व कप में यह दूसरी जीत है। इससे पहले उसने कनाडा को हराकर इस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत जीत से की थी। ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान, कनाडा, आयरलैंड और अमेरिका की टीमें हैं।**

सुपर ओवर में पाकिस्तान को हराने वाली अमेरिकी टीम से भारत को होशियार रहना होगा। उसके खिलाड़ी फॉर्म में हैं और दबाव वाले क्षण में बिखरने के बजाए एकजुट रहते हैं। भारत और अमेरिका का विश्व कप के 25वें मैच में आमना सामना होगा। यह मुकाबला 12 जून को न्यूयॉर्क में खेला जाएगा। अमेरिका ने टी20 विश्व कप में अभी तक दो मैचों में जीत दर्ज की है वह सिर्फ महज एक संयोग नहीं



है। टीम ने दमदार खेल खेला है। अमेरिका की टीम में भारत, वेस्टइंडीज, साउथ अफ्रीका मूल के खिलाड़ी खेल रहे हैं। इनमें से कई ऐसे हैं जो अकेले दम पर मैच को पलटने का दम रखते हैं। अमेरिका ने टी20 विश्व कप में आने से पहले टी20 द्विपक्षीय सीरीज में बांग्लादेश को 2-1 से हराया था। अब टी20 विश्व कप में अमेरिका की टक्कर भारत से होने वाली है।

अमेरिकी टीम ने कनाडा के खिलाफ रिकॉर्ड 94 रन बनाने वाले एरोन जोंस को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था जबकि पाकिस्तान के खिलाफ मैच में अर्धशतकीय पारी खेलने वाले कप्तान मोनांक पटेल को यह अवॉर्ड दिया गया। अमेरका के ओपनर स्टीवन टेलर 26 टी20 इंटरनेशनल मैच खेल चुके हैं। उनके नाम 754 रन दर्ज हैं। वह एक शतक और चार अर्धशतक जड़ चुके हैं। मोनांक पटेल के नाम 27 टी20 में 507 रन दर्ज हैं जिसमें तीन फिफ्टी शामिल हैं। साउथ अफ्रीकी मूल के एंड्रीज गॉस आठ मैचों में 261 रन बनाए हैं जिसमें तीन अर्धशतक हैं। वहीं मिडिल ऑर्डर में एरोन जोंस हैं। जोंस 28 मैचों में 514 रन बना चुके हैं। बॉलिंग में अमेरिका के पास सौरभ नेत्रवलकर के रूप में शारदार गेंदबाज है जो 29 विकेट टी20 में ले चुके हैं। अली खान के पास 10 मैचों में खेलने का अनुभव है जो 140 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते हैं। भारतीय मूल के हरमीत सिंह अपनी स्पिन गेंदबाजी से 8 मैचों में 7 विकेट ले चुके हैं। भारतीय टीम को अमेरिका के साथ रणनीति के तहत खेलना होगा क्योंकि यह टीम उलटफेर करने में माहिर है।

# संचार की कमी से कुछ फैसले थे जो मेरे पक्ष में नहीं आए : श्रेयस अय्यर



एजेंसी ■ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट के दाएं हाथ के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने कहा है कि वह अपने शरीर पर काम करना चाहते थे लेकिन संचार की कमी के चलते उन्हें टीम इंडिया के साथ-साथ केंद्रीय अनुबंध से हाथ धोना पड़ा। पिछले साल मार्च में पहली बार पीठ में चोट लगने के बाद श्रेयस अय्यर वनडे विश्व कप में भी खेले और शानदार प्रदर्शन भी किया था। उन्होंने टूर्नामेंट में 530 रन बनाए थे। श्रेयस अय्यर ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो पोस्ट कर कहा कि वह वनडे विश्व कप के बाद अपने शरीर पर काम करने के लिए ब्रेक लेना चाहते थे लेकिन गलत संचार के कारण उन्हें निराशा मिली। वह रणजी ट्रॉफी और आईपीएल जीतने में सक्षम होने पर खुशी व्यक्त करने से पहले बल्ले से अच्छा प्रदर्शन करके झटके का जवाब देना चाहते थे। उन्होंने कहा कि विश्व कप मेरे लिए खास था। मैं उसके बाद ब्रेक लेना चाहता था, कुछ क्षेत्रों में अपनी ताकत बनाना चाहता था - संचार की कमी के कारण, कुछ फैसले थे जो मेरे पक्ष में नहीं आए। दिन के अंत में बल्ला हमेशा मेरे हाथ में रहेगा और प्रदर्शन करना और ट्रॉफियां जीतना मुझ पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि मैं जानता था कि एक बार जब मैं रणजी ट्रॉफी और आईपीएल जीत लूंगा, तो जो कुछ भी हुआ उसका यह एक उपयुक्त जवाब होगा। अतीत में, शुक्र है कि सब कुछ सही जगह पर हुआ, हमारे पास भविष्य में जीतने के लिए बहुत सारी ट्रॉफियां हैं। अप्रैल 2023 में पीठ की सर्जरी कराने के बाद अय्यर ने कहा कि बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में नेट्स प्रक्टिस में खुद को कड़ी मेहनत करने से उन्हें आत्मविश्वास हासिल करने में मदद मिली।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार से इंग्लैंड पर विश्वकप से बाहर होने का खतरा

## इंग्लैंड के दो मैचों के बाद सिर्फ एक अंक है

एजेंसी ■ न्यूयॉर्क

इंग्लैंड की टीम को टी20 विश्वकप क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा है। ऑस्ट्रेलिया की टीम ग्रुप बी के इस मैच में इंग्लैंड ने 36 रनों से हराया। ऑस्ट्रेलियन टीम ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 201 रन बनाये जिसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड टीम 6 विकेट पर 165 रन ही बना पायी। इससे इंग्लैंड पर विश्वकप से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। इसका कारण है कि इंग्लैंड के दो मैचों के बाद सिर्फ एक अंक है और वह अंक तालिका में चौथे नंबर पर है। वहीं ऑस्ट्रेलिया की टीम इंग्लैंड को हराकर ग्रुप में 4 अंक के साथ पहले नंबर पर है जबकि स्कॉटलैंड 3 अंक के साथ दूसरे और नामीबिया 2 अंक लेकर तीसरे नंबर पर हैं। हर ग्रुप से सुपर-8 में शीर्ष-2 टीमें पहुंचेंगी। इंग्लैंड



को सुपर-8 में जाने के लिए अपने बाकी बचे दोनों मैच जीतने के साथ ही स्कॉटलैंड के परिणाम पर भी नजरें रखनी होगी। अगर स्कॉटलैंड ने एक और मैच जीता और उसका नेटरनरेट बेहतर रहा तो इंग्लैंड टी20 विश्वकप से बाहर हो जाएगी। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल मार्श (35), ट्रैविस हेड (34), मार्कस स्टॉयनिस (30) और ग्लेन मैक्सवेल (28) रन की पारी खेली। मैथ्यू वेड ने 17 और टिम डेविड ने 11 रन बनाए। इसके बाद 202 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम की अच्छी शुरुआत रही। कप्तान व ओपनर जॉस बटलर (42) और फिल सॉल्ट (37) ने 7.1 ओवर में 73 रन बनाकर अच्छी शुरुआत की पर बाद के बल्लेबाज इसका लाभ नहीं उठा पाये। जिससे उसे हार का सामना करना पड़ा।

### पाक को कमजोर समझना गलत होगा : गेल

**न्यूयॉर्क।** वेस्टइंडीज के क्रिकेटर क्रिस गेल कहा है कि भारतीय टीम को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप विरोधी टीम का कम नहीं आंकना चाहिये। भारतीय टीम ने आयरलैंड पर जीत के साथ इस आईसीसी टूर्नामेंट में अच्छी शुरुआत की है पर पाक के खिलाफ मुकाबला आसन नहीं रहेगा। अमेरिका के खिलाफ सुपर ओवर में पाक को हार का सामना करना पड़ा था। गेल ने इस अहम मैच को लेकर कि पाक टीम का मनोबल गिरा हुआ है और उसके लिए भारतीय टीम का सामना करना कठिन रहेगा।

गेल ने हालांकि कहा कि इन दोनो टीमों के बीच मुकाबला रोमांचक रहेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार रहेगी। ऐसे में भारतीय टीम को चुनौती देने के लिए पाकिस्तान को एकजुट होकर खेलना होगा। उन्होंने कहा कि अब एक और हार के साथ ही पाक टीम टूर्नामेंट से बाहर होगी। गेल ने अमेरिकी टीम के प्रदर्शन की भी प्रशंसा की है।

### सबसे शक्तिशाली महिला ...



कनाडा में सबसे शक्तिशाली व्यक्ति की प्रतियोगिता में एक महिला ट्रक को खींचकर ले जाते हुए।

शानदार | अमेरिका टीम में भारतीय मूल के खिलाड़ी ने किया खुलासा

# मैदान में बल्लेबाजों को परेशान करने में बहुत मजा आता हैः सौरभ

एजेंसी ■ नई दिल्ली

अमेरिका की पाकिस्तान पर जीत में भारतीय मूल के तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर ने अहम रोल निभाया है। सौरभ ने सुपर ओवर में शानदार गेंदबाजी कर अमेरिका को जीत दिलाई। सौरभ भारत की ओर से अंडर 19 वर्ल्ड कप खेल चुका है। सौरभ का कहा कि उन्हें मैदान के बाहर 'कोडिंग' करने और मैदान के अंदर बल्लेबाजों को परेशान करने में बहुत मजा आता है।



अमेरका ने पाकिस्तान को हराकर विश्व कप में अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर ने सुपर ओवर में पूर्व चैंपियन पाकिस्तान को लक्ष्य छूने नही दिया जिससे अमेरिका टूर्नामेंट का सबसे बड़ा उलटफेर करने में सफल रही। इससे सौरभ चर्चा का विषय बन गए। सौरभ ने कहा कि यह केवल एक मैच था जिसमें हमने अच्छा प्रदर्शन किया। हमारा ध्यान अगले मैच पर है और सच कहूं तो अमेरिका की टीम में शामिल सभी खिलाड़ी अपनी उपलब्धियां को आत्मसात करने की कोशिश कर रहे हैं।

सौरभा मुंबई के रहने वाले हैं और वह भारत की अंडर 19 टीम के सदस्य रहे हैं। सौरभ पेशे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। उन्होंने क्रिकेट और अपनी नौकरी के बीच सामंजस्य स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि वह कभी दबाव महसूस नहीं करते जब आप किसी चीज को पसंद करते हैं तब वह आपके लिए काम नहीं रह जाता है। इसलिए जब मैं मैदान पर होता हूं तो मुझे गेंदबाजी करना और बल्लेबाजों को परेशान करना पसंद है। जब मैं कोडिंग करता हूं तो मैं उसमें रम जाता हूं। इसलिए मुझे कभी ऐसा नहीं लगा कि मैं जबरदस्ती कोई काम कर रहा हूं। अमेरिका टीम लगातार दो मैच जीतकर ग्रुप में चार अंक लेकर टॉप पर है। इस ग्रुप में भारत दो अंक के साथ दूसरे नंबर पर है जबकि पाकिस्तान को खाता खुलने का इंतजार है। अमेरिका का 12 जून को भारत से मुकाबाल होगा।

# विश्वकप में सबसे कम रनों पर आउट होने वाली टीम बनी युगांडा

एजेंसी ■ गयाना

युगांडा की टीम टीम टी20 विश्वकप में सबसे कम रन बनाने वाली टीम बन गयी है। वेस्टइंडीज के खिलाफ मुकाबले में युगांडा की टीम 39 रन ही बना पायी।

इसके साथ ही युगांडा की टीम के नाम सबसे कम स्कोर का अनचाहा रिकार्ड दर्ज हो गया है। वहीं इससे पहले नीदरलैंड ने टी20 विश्वकप में सबसे कम रन बनाये थे। तब नीदरलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ चटगांव में 10.3 ओवर में केवल 39 रन बनाये थे। वेस्टइंडीज के खिलाफ यूगांडा की टीम को 134 रनों से हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में . वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 173 रन बनाए। इसके बाद युगांडा की टीम 39 रनों पर ही सिमट गयी। वह केवल 12 ओवर ही बल्लेबाजी कर पायी। उसकी ओर से केवल जुमा मियागी ही 10 से अधिक बना पाये।जुमा ने 20 गेंद खेलकर 13 रन बनाए। इस मैच में युगांडा के बल्लेबाज पूरी तरह से विफल रहे। वेस्टइंडीज की ओर से अकील हुसैन ने सबसे ज्यादा विकेट लिए। अकील ने पांच बल्लेबाजों को पैवेलियन भेजा।

**मोदी के तीसरे कार्यकाल के लिए गंगा मैया की उतारी आरती**

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री के तौर पर नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में उनकी सफलता के लिए नमामि गंगे मिशन के सदस्यों ने रविवार सुबह यहां गंगा घाट पर मां गंगा की आरती उतारी और बाबा विश्वनाथ तथा गंगा मैया से प्रार्थना की।



## सड़क पर उतरे अफसर, रोडवेज की छह बस सीज

### 11 बसों के ड्राइवर और कंडक्टर पर लगाया एक-एक हजार रुपए जुर्माना

एजेंसी ■ गोरखपुर



गोरखपुर रेलवे बस स्टैंड के सामने लग रहे जाम का संज्ञान लेकर अफसर मौके पर पहुंचे। उन्होंने सड़क पर खड़ीं बसों को हटाकर रोडवेज परिसर में खड़ा करवा दिया। पुलिस ने यातायात बाधित कर सवारी भर रहीं छह बसों को कैंट थाने लाकर सीज कर दिया। परिवहन विभाग ने 11 बसों के ड्राइवरों व कंडक्टरों पर एक-एक हजार का जुर्माना लगाया। निगरानी के लिए लगाए गए दो कर्मचारियों को भी नोटिस दिया गया है। एआरएम ने खुद भी मौके का निरीक्षण कर दिशा-निर्देश देते हुए सड़कों से बसों को हटवाया। पुलिस भी सक्रियता दिखाते हुए दिनभर सड़कों पर डटी रही। रोडवेज के सामने बसों के खड़े होने से आने-जाने वाले यात्रियों व लोगों को जाम से काफी परेशानी होती है। इसके लिए परिवहन विभाग ने निगरानी के लिए दो कर्मचारी राजाराम सिंह व रमेश कुमार को लगाया गया है। कई पार्किंग कर्मचारी भी तैनात किए गए हैं। बावजूद इसके सड़कों पर बसों के खड़े होने से राहगीरों को जाम झेलना पड़ता था।

**नोटिस देकर मांगा जवाब**

क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन विभाग लव कुमार सिंह ने बताया कि कुछ कर्मचारियों की लापरवाही के कारण जाम लगता था। बसों को रोडवेज परिसर में खड़ा कर दिया गया है। दो कर्मचारियों को इस कार्य के लिए लगाया गया है। उन्हें नोटिस देकर जवाब मांगा गया है। दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## कैराना से सांसद बनी इकरा हसन के 80 से ज्यादा फर्जी अकाउंट, भड़काऊ पोस्ट ने किया हैरान

एजेंसी ■ शामली



उत्तर प्रदेश के कैराना से नव निर्वाचित सांसद इकरा हसन की छवि बहुत ही अलग है। वे विवादों से दूर रहने का प्रयास करतीं है और काम पर ज्यादा भरोसा करती हैं। इसके बाद भी विवाद पैदा करने वाले लोग उनकी छवि खराब करने की कोशिश कर रहे है। इसकी शुरुआत 80 से ज्यादा सोशल मीडिया पर वो फर्जी एकाउंट हैं जिन पर भड़काऊ पोस्ट डाली जा रही है। मामला संज्ञान में आने के बाद इकरा हसन ने पुलिस से शिकायत की बात कही है। वहीं, इससे पहले जिले के एसपी, डीएम और सीओ थानाभवन के भी फर्जी अकाउंट बनाए जा चुके हैं।कुछ दिन पहले सीओ थानाभवन श्रेष्ठा ठाकुर के नाम से फेसबुक पर फर्जी आइडी बनाई गई थी। इसके पहले एसपी अभिषेक की इंस्टाग्राम पर फर्जी अकाउंट बनाया गया था। वहीं तत्तकालीन डीएम जसजीत कौर के नाम से भी वाट्सएप पर फर्जी प्रोफाइल बनाई गई थी।

कैराना से सपा सांसद इकरा हसन की भी फेसबुक, इंस्टाग्राम और एक्स पर विभिन्न नामों से फर्जी आइडी बनाई गई है, जिसमें प्रोफाइल पर उनका फोटो लगा है। इंटरनेट मीडिया पर सांसद से संबंधित पोस्ट की जा रही हैं। हालांकि कुछ अकाउंट से तो धार्मिक और भड़काऊ पोस्ट भी की जा रही हैं। एक्स पर बनाई गई फर्जी आइडी से सपा नेता आजम खान, मौलाना मोहिब्बुल्लाह आदि को लेकर भी पोस्ट की गई है।इसके अलावा इंस्टाग्राम पर जो अकाउंट बनाए गए हैं, उनके माध्यम से काफिले, भीड़ आदि की वीडियो प्रसारित की जा रही है। ऐसे में इकरा हसन ने फर्जी आइडी को चिन्हित कराया है। उनके प्रतिनिधि विश्ववेंद्र उर्फ गोलू ने बताया कि फेसबुक की करीब 25 और इंस्टाग्राम, एक्स आदि सभी मिलाकर कुछ 80 फर्जी आइडी बनाई गई हैं। सभी को पुलिस के माध्यम से बंद करवाया जाएगा।

## ब्रीफ न्यूज

### पुलिस मुठभेड़ में ड्रग माफिया के पैर में लगी गोली, गिरफ्तार

**कानपुर।** कानपुर में रेलबाजार पुलिस ने माल रोड स्थित शिवनारायण टंडन सेतु के पास से मुठभेड़ में 25 हजार के इनामी ड्रग माफिया को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने रेलबाजार थाना प्रभारी पर गोली चला दी, लेकिन गोली उनकी बुलेट प्रूफ जैकेट में लगने से वह बाल बाल बच गए। जबकि, जवाबी फायरिंग में आरोपी के पैर में पुलिस की गोली लगी। उसे इलाज के लिए कांशीराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रेलबाजार थानाध्यक्ष विजय दर्शन शर्मा ने बताया कि चकेरी के हरजेंदर नगर कालीखेड़ा निवासी बलराम राजपूत उर्फ इस्तियाक उर्फ त्यागी ड्रग माफिया है। उसके खिलाफ चकेरी थाने में कुछ दिन पहले युवक का अपहरण कर मारपीट करने समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज हुई थी।

### दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय चार ऑटो लिफ्टर गिरफ्तार

**नोएडा।** दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय 4 ऑटो लिफ्टरों को नोएडा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नोएडा पुलिस ने इन आरोपियों के पास से 33 चोरी के दोपहिया वाहन और एक ई-रिक्शा बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि जो वाहन बरामद हुए हैं उनमें आधे से ज्यादा चोरी के मामले एनसीआर के विभिन्न थानों में दर्ज हैं। पुलिस उपायुक्त (नोएडा) विद्या सागर मिश्रा ने बताया कि सेक्टर-113 पुलिस स्टेशन और सेक्टर-39 पुलिस स्टेशन की टीम ने 2 अलग-अलग अभियान चलाकर आरोपियों को अरेस्ट किया है। उन्होंने बताया कि दो आरोपी 50 वर्षीय अनूप मावी और 35 वर्षीय देव कुमार उर्फ देवा को सेक्टर-113 पुलिस स्टेशन की टीम ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। इन आरोपियों के पास से 19 बाइक बरामद की गईं हैं।

### कार चालक ने पांच लोगों को रौंदा, किशोर समेत तीन की मौत

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी के मितौली क्षेत्र के कस्ता में शनिवार देर शाम तेज रफ्तार इको कार चालक ने पांच लोगों को रौंद दिया था। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल तीसरे व्यक्ति की भी मौत हो गई। दो की मौके पर ही मौत हुई थी। दो घायलों का इलाज लखनऊ में चल रहा है। आरोपी पुलिस हिरासत में है। मितौली थाना इलाके में कस्ता ईदगाह और यहां से एक किलोमीटर के दायरे में साइकिल और बाइक सवार पांच लोगों को इको कार चालक ने रौंदा था। हादसे में 15 साल के किशोर सहित दो लोगों की जिला अस्पताल में मौत हो गई थी, जबकि घायलों में इलाज के दौरान रामश्री 55 पत्नी बांकेलाल की मौत हो गई।

### सीएम योगी बोले- अराजक गतिविधियों को कतई नहीं करेंगे स्वीकार

## यूपी में पेपर लीक और सॉल्वर गैंग से निपटने के लिए बनेगा नया कानून

### ऐसी कठोर कार्रवाई की जाए, जो नजीर बने, अगर गड़बड़ी हुई तो अब डीएम और डीआईओएस भी होंगे जवाबदेह

सत्ता सुधार ■ लखनऊ



सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि युवाओं के हित संरक्षण के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। हर एक युवा की मेहनत, मेधा और प्रतिभा का सम्मान है। पेपर लीक या साल्वर गैंग जैसी अराजक गतिविधियों को कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता। ऐसे अपराध में संलिप्त हर अपराधी के खिलाफ ऐसी कठोरतम कार्रवाई की जाए, जो नजीर बने। ऐसे प्रकरणों में अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए कठोर कानून लाया जाना आवश्यक है। इसके लिए यथाशीघ्र आवश्यक कार्यवाही की जाए। सीएम ने पेपर सेट करने से लेकर ओएमआर सीट स्कैनिंग और परिणाम तैयार करने के लिए अलग-अलग एजेंसियों की मदद लेने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों में रिक्त पदों पर चयन प्रक्रिया तेज करने के लिए विभिन्न चयन आयोगों के अध्यक्षों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। चयन परीक्षाओं की शुचिता, पारदर्शिता और गोपनीयता सुनिश्चित करने पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने इस दौरान चयन प्रक्रियाओं में व्यापक सुधार पर जोर दिया। इसके अलावा चयन प्रक्रिया की समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने आयोगों में प्रचलित चयन प्रक्रियाओं और भावी कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी ली।

**शिक्षा सेवा आयोग को मिलेगा अध्यक्ष**

सीएम ने कहा कि जिलाधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक को भी व्यवस्था से जोड़ें। गड़बड़ी हुई तो इनकी भी जिम्मेदारी तय की जाएगी। शिक्षक चयन की प्रक्रिया में बड़ा सुधार करते हुए हाल ही में शिक्षा सेवा आयोग का गठन किया गया है। इसके सदस्य नामित किए जा चुके हैं। अध्यक्ष की नियुक्ति भी यथाशीघ्र कर दी जाएगी। नवगठित आयोग से चयन की कार्यवाही समय से प्रारंभ करने की अपेक्षा है।

**अब एक ही एजेंसी नहीं कराएगी पूरी परीक्षा**

योगी ने कहा कि पेपर सेट करने की प्रक्रिया, उनकी छपाई, कोषागार तक पहुंचाने, कोषागार से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने, परीक्षा केंद्र की व्यवस्था, परीक्षा के बाद ओएमआर आयोग तक पहुंचाने, ओएमआर की स्कैनिंग, परिणाम तैयार करने सहित पूरी व्यवस्था में व्यापक सुधार की आवश्यकता है। अलग-अलग कार्यों के लिए अलग-अलग एजेंसियों का उपयोग करें। एजेंसी के रिकॉर्ड की भलीभांति जांच करने के बाद ही दायित्व दें।

**एक दिन में होगी एक ही परीक्षा**

सीएम ने कहा कि चयन आयोगों से अपेक्षा है कि वे परीक्षाओं के लिए कैलेंडर समय से जारी करें और कड़ाई के साथ उसका अनुपालन करें। सभी चयन आयोग परस्पर समन्वय से यह सुनिश्चित करें कि एक दिन में एक ही परीक्षा आयोजित की जाए। कुछ पदों के लिए शैक्षिक अर्हता निर्धारण में 'समकक्ष योग्यता' के संबंध में विसंगतियों की सूचना प्राप्त हुई है।

**बेदाग संस्थान में हो सेंटर**

संबंधित विभाग प्रकरण का समाधान कर आयोग को सही जानकारी उपलब्ध कराएं। चयन परीक्षाओं के सेंटर के लिए राजकीय माध्यमिक, डिग्री कॉलेज, विश्वविद्यालय, पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज या साफ-सुथरे ट्रैक रिकॉर्ड वाले वित्त पोषित शैक्षिक संस्थान ही सेंटर बनाए जाएं। सीएम ने कहा कि एडेड कॉलेज को सेंटर बनाया जाता है तो संबंधित प्रबंधक परीक्षा व्यवस्था में कहीं से भी शामिल न हों। केंद्र व्यवस्थापक के रूप में दूसरे संस्थान के प्रधानाचार्य को जिम्मेदारी दी जानी चाहिए।

**अलग एजेंसी से छपवाए जाएंगे पेपर**

योगी ने कहा कि हर पाली में दो या अधिक पेपर सेट जरूर होने चाहिए। प्रत्येक सेट के प्रश्नपत्र की छपाई अलग-अलग एजेंसी का माध्यम से कराया जाना चाहिए। पेपर कोडिंग को भी और व्यवस्थित करने की आवश्यकता है। तलाशी लेने के लिए महिला कर्मियों की तैनाती जरूर हो।

**एसटीएफ के संपर्क में रहे चयन आयोग**

सीएम ने कहा कि शुचिता और गोपनीयता के लिहाज से चयन आयोगों को शासन स्तर के शीर्ष अधिकारियों और एसटीएफ के संपर्क में रहना चाहिए। परीक्षाओं की शुचिता के संबंध में आवश्यक सुधार की यह प्रक्रिया तत्काल प्रभाव में लानी होगी। नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग चयन आयोगों से संवाद कर यथाशीघ्र इसे लागू कराए।

## ऊपर से जुड़ा कोई तार नहीं नीचे कोई आधार नहीं



### शपथ ग्रहण के पहले मोदी पर अखिलेश का तंज

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

यूपी में समाजवादी पार्टी के ऐतिहासिक प्रदर्शन करने के बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है। अब वो खुलकर अपनी आगे की योजनाओं पर चर्चा कर रहे हैं और भाजपा को निशाने पर ले रहे हैं। सपा लोकसभा चुनाव में यूपी में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है और सभी को चौंकाते हुए 37 सीटों पर जीत दर्ज की है जबकि भाजपा यूपी में 33 सीटें जीती हैं। चुनाव के पहले भाजपा प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीत का दावा कर रही थी। रविवार को एनडीए सरकार जिसे मोदी 3.0 भी कहा जा रहा है के शपथ ग्रहण से पहले उन्होंने तंज कसा और शपथ लेने वाली सरकार को अधर में अटकी हुई करार दिया है। अखिलेश ने सोशल साइट एक्स पर लिखा है कि ऊपर से जुड़ा कोई तार नहीं, नीचे कोई आधार नहीं... अधर में जो है अटकी हुई वो तो कोई 'सरकार' नहीं। बता दें कि नरेंद्र मोदी आज तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे साथ ही उनके मंत्रिपरिषद के सहयोगी भी शपथ लेंगे। इस बार के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 240 सीटें प्राप्त हुई हैं और भाजपा लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार नहीं बना सकी। हालांकि, एनडीए की कुल सीटें बहुमत से ज्यादा हैं। ऐसे में इसे एनडीए सरकार की कहा जा रहा है।

**अखिलेश ने 2027 का बनाया लक्ष्य**

इसके पहले, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को नवनिर्वाचित सांसदों के साथ बैठक की और कहा कि हमें जनता से जुड़े रहना है। हमें उनकी आवाज उठाते रहना होगा। अखिलेश यादव ने यूपी में 2027 के विधानसभा चुनाव जीतने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि हमने जनता के मुद्दे उठाए। जनता ने हमें समझा। पार्टी को बड़े पैमाने पर जनता का समर्थन मिलने से हमारी जिम्मेदारी बहुत बढ़ गई है।

## सात साल के बच्चे की अपहरण के बाद हत्या

### 50 लाख मांगी फिरौती, गांव बाहर मिला शव

एजेंसी ■ मेरठ



मेरठ के इंचौली थाना क्षेत्र के धनपुर गांव में रविवार सुबह सात साल के बच्चे का अपहरण कर लिया गया। अपहरण कर्ताओं ने चिट्ठी फेंक कर 50 लाख रुपए की रंगदारी मांगी। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। एसएसपी और तीन थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई, बच्चे का शव गांव के बाहर मिला है। धनपुर गांव में जय भगवान यादव का परिवार रहता है। वह शिक्षक हैं। रविवार सुबह उनके बेटे सुमित यादव का अपहरण कर लिया गया। कुछ देर बाद घर के पास एक चिट्ठी पड़ी मिली। जिसमें अपहरणकर्ता ने 50 लाख रुपए की रंगदारी मांगी। घटना की जानकारी पर एसएसपी, थाना इंचौली, मवाना और भावनपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने इस मामले में गांव के दो लोगों को हिरासत में लिया है। इसी दौरान बच्चे का शव गांव के बाहर पड़ा मिलने की सूचना मिली।

**मुंह में डाल दिया था गन्ना**

मृतक की उम्र सात वर्ष है। उसका शव गांव के ही बार गन्ने के खेत में पड़ा मिला। उसके हाथ व पैर बंधे हुए थे और मुहं में गन्ना डाला हुआ था। गुस्साए परिजनों ने शव को मुख्य मार्ग पर रखकर जाम लगा दिया और हंगामा किया। वहीं मौके पर सात थानों की पुलिस फोर्स पहुंची।

## अमेठी सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत

### बुलेट को मारी टक्कर, पेड़ से टकराई बोलेरो, दोनों गाड़ियों के परखच्चे उड़ गए

एजेंसी ■ अमेठी



अमेठी में भीषण सड़क हादसा होग गया। तेज रफ्तार बोलेरो कार बुलेट बाइक को टक्कर मारने के बाद पेड़ से टकरा गई। हादसे में तीन महिलाओं और एक बच्चे समेत पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घायलों को ग्रामीणों की मदद से स्थानीय सीएचसी, जिला अस्पताल और सुल्तानपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां कई की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसा इतना भीषण था कि दोनों गाड़ियों के परखच्चे उड़ गए। पूरा मामला मुंशीगंज थाना क्षेत्र के जामो भादर चौराहे का है। जहां सुल्तानपुर जिले के इस्लामगंज गांव का रहने वाला अकबर बोलेरो से परिजनों को लेकर मुंशीगंज थाना क्षेत्र के धरई माफी एक मिट्टी में शामिल होने जा रहा था। बोलेरो अभी जामो भादर चौराहे के पास पहुंची ही थी कि जामो की तरफ से आ रही बुलेट से टकराने के बाद पेड़ से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि बुलेट सवार दुर्गेश उपाध्याय पुत्र राम इकबाल और बहन वंदना की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चार वर्षीय भांजा रुद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। बोलेरो सवार महिला शाहनूर (40) पत्नी जागीर खान, शबनम (35) पत्नी दिलशाद की मौके पर ही मौत हो गई।

**पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल:** घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को गाड़ी से बाहर निकालकर निजी साधनों और एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल और भेटुआ सीएचसी पहुंचाया।

## राजनीति

### कार्यकर्ता सम्मेलन में एक संदेश देने की करेंगे कोशिश

## रायबरेली में जीत के बाद कल आएगा पूरा गांधी परिवार

एजेंसी ■ रायबरेली



दादा फिरोज गांधी, दादी इंदिरा गांधी और मां सोनिया के बाद चौथी पीढ़ी के राहुल गांधी की ऐतिहासिक जीत के जरिए अब गांधी परिवार रायबरेली व अमेठी से भावनात्मक रिश्ता और मजबूत करेगा। इसके लिए सोनिया, राहुल, प्रियंका और अमेठी से नवनिर्वाचित सांसद किशोरीलाल शर्मा 11 जून को यहां आ रहे हैं। गांधी परिवार दोनों जिलों के लोगों को एक स्थान पर एकत्र कर जीत के प्रति आभार जताकर अपनापन दिखाएगा। वैसे तो 1952 से लेकर 2024 तक रायबरेली और अमेठी से गांधी परिवार का कोई न कोई सदस्य लड़ता और जीतता रहा है। 2019 में राहुल गांधी की अमेठी में केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी से हार के बाद परिवार का दोनों जिलों में आना-जाना कम हो गया। न तो सोनिया आई और न ही राहुल ज्यादा आए। मां-बेटे का संसदीय क्षेत्रों में न आना राहुल की हार से जोड़कर देखा गया। यही कारण है कि इस लोकसभा चुनाव में नामांकन के अंतिम दौर तक नहीं तय हो पा रहा था कि इन जिलों से गांधी परिवार का कोई सदस्य लड़ेगा या नहीं। ऐन वक्त पर राहुल गांधी को रायबरेली और सोनिया गांधी के प्रतिनिधि केएल शर्मा को अमेठी से उतारा गया।

**जीत से गांधी परिवार गदगद**

जाहिर है कि कहीं न कहीं बेटे की हार की टीस उनके मन में रही होगी। अब जब 2024 में दोनों जिलों से रिकॉर्ड जीत मिली और गठबंधन को सफलता मिली तो गांधी परिवार गदगद है। शायद यही वजह है कि रायबरेली और अमेठी की जनता के प्रति गांधी परिवार का भावनाओं का ज्वार उबाल मार रहा है। राहुल गांधी भी परिवार के साथ जीत के एक सप्ताह के अंदर ही आ रहे हैं।

**लगाव स्थानीय जनता के प्रति बढ़ा**

दोनों सीटों पर कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत से एक बार फिर गांधी परिवार का लगाव स्थानीय जनता के प्रति बढ़ा है। यही वजह है कि गांधी परिवार दोनों जिलों से ऐतिहासिक जीत के लिए जनता के साथ कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करने के लिए 11 जून को आ रहा है। कार्यकर्ता सम्मेलन के जरिए कांग्रेस यह संदेश देना चाहती है कि अगली बार देशभर में कांग्रेस की बयार बहेगी। खास बात यह है कि सोनिया गांधी 2019 में लगातार पांचवीं बार विजयी हुईं लेकिन, जीत का प्रमाणपत्र तक लेने नहीं आईं।

## गम और गुस्से के बीच सुपुर्द ए खाक हुए मौलाना फारूक

### पुलिस का रहा सख्त पहरा, डीएम-एसपी रहे मौजूद

एजेंसी ■ प्रतापगढ़



जमीयत उलमा के जिला महासचिव मौलाना मोहम्मद फारूख के शव को रविवार को गम और गुस्से के बीच सुपर्द ए खाक कर दिया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में फोर्स तैनात रही। मौलाना के शव को सुपुर्द ए खाक के बाद डीएम और एसपी सहित अधिकारियों ने राहत की सांस ली। मौलाना फारूख के जनाजे में राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के साथ विधायक रानीगंज आरके वर्मा भी शामिल हुए। मौलाना फारूख की शनिवार सुबह धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। आक्रोशित लोगों ने डीएम-एसपी की मौजूदगी में आरोपियों के घरों पर पथराव कर दिया था। पुलिस से धक्कामुक्की हुई थी। बवाल की खबर पर एडीजी व आईजी भी घटनास्थल पहुंचे। तनाव को देखते हुए कई जिलों की पुलिस और पीएसी बुला ली गई। छह घंटे बाद पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज सकी थी।

**कादीपुर में चलाते थे मदरसा**

जेठवारा थाना क्षेत्र के सोनपुर निवासी मौलाना मोहम्मद फारूख (60) कादीपुर में मदरसे का संचालन करते थे। शनिवार की सुबह मौलाना फारूख गांव के ही चंद्रमणि के बुलावे पर जमीन के रुपए के लेनदेन के सिलसिले में स्कूटी लेकर घर से निकले थे। चंद्रमणि के घर उनके पिता की कुल्हाड़ी, फावड़ा, रंभा से प्रहार कर हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी पर वे लोग पहुंचे तो आरोपी धमकी देते हुए भाग निकले।


स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक गोपाल श्रीवास्तव के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, बाराघाटा इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 12ए झांसी रोड़ ग्वालियर से मुद्रित एवं गहोई बाटिका सीता सागर ताल के सामने मां पीताम्बरा रोड, दतिया से प्रकाशित। संपादक - गोपाल श्रीवास्तव। मोबाईल न. 9893126900, 7869966100, फोन- 0751-4922849, भोपाल ऑफिस-0755-4002626, 4939910, आरएनआई नं. एमपीएचआईएन/2005/16546 विधिक सलाहकार श्री राजेंद्र जैन, एडवोकेट , शिकायत एवं सुझाव हेतु संपर्क करें-6261052058, ई मेल- sattasudhar@gmail.com* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।